@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 16 जनवरी 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 47 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## आय से अधिक संपत्ति मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा की बढ़ी मुश्किलें

नई दिल्ली, 15 जनवरी। आय से अधिक संपत्ति मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो(सीबीआई) ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में कई लाखों की नकदी जमा की थी। सोमवार को अधिकारियों ने मामले की जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रा पर 2022 में कई विक्रेताओं से नकदी लेने का भी आरोप है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि सीबीआई ने उनकी जुड़ी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान वो पत्नी के पास संपत्ति से जुड़े सवाल का जवाब न दे सके। अधिकारी ने दावा किया कि जांच में पता चला कि पत्नी प्रिया चंद्रा और उन्होंने अपनी सास (प्रिया चंद्रा) के खाते में कैश डिपॉजिट वाउचर के जरिए 15 लाख रुपये जमा किए थे। साथ ही कहा गया कि लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा के पिता सुरेश चंद्रा और उनके नाबालिग बेटों के खातों में भी पैसे जमा किया गया था। सीबीआई के मुताबिक, खाते में धनराशि जमा 2017 और 2019 के दौरान हुई थी, लेकिन लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा अपने परिवार के सदस्यों के खातों से जुड़े जमा राशि का जवाब न दे सकें। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाए हैं कि अभिषेक चंद्रा ने 31.29 लाख की संपत्ति अर्जित की, जो आय से 33 प्रतिशत अधिक थी।

# जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं उनको मोदी पूछता भी है और पूजता भी: प्रधानमंत्री

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 15 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा, यह गरीब, वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ हमारी सरकार लगातार काम कर रही है और इसी का फल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा, 'त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को चार करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए। जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।' प्रधानमंत्री आवास



योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई। इस दौरान लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा, 'हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी उसकी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे।' अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन दिनों उन्होंने भी 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है। इस दौरान वे श्री राम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप प्रभु राम का स्मरण करेंगे तो माता शबरी की याद आना बहुत स्वाभाविक है। श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से जब राम निकले थे तब तो वह राजकुमार थे। लेकिन राजकुमार राम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे सामने आए क्योंकि माता शबरी हो, केवट हो, निषाद राज हो... न जाने कौन-कौन से लोग... जिनके सानिध्य ने राजकुमार राम को प्रभु राम बना दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचे, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा, 'सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे।

## प्लेन में दुर्व्यवहार अस्वीकार्य: सिंधिया

नई दिल्ली, 15 जनवरी। उड़ान में देरी का एलान करने के बाद इंडिगो के एक पायलट के साथ यात्री के मारपीट करने की खबर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि यात्रियों का इस तरह का दुर्व्यवहार अस्वीकार्य है। एक्स पर एक पोस्ट में, सिंधिया ने कहा कि सभी हितधारक कोहरे से पड़ने वाले असर को कम करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। दिल्ली हवाईअड्डे पर रविवार को इंडिगो के एक विमान में एक पायलट के साथ यात्री की ओर से मारपीट करने की घटना पर नागर विमानन मंत्री ने कहा कि इस तरह का दुर्व्यवहार अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, इस तरह की दुर्व्यवहार की घटनाएं अस्वीकार्य हैं, और इनसे मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सख्ती से निपटा जाएगा। उत्तर भारत में के हवाई अड्डों खासकर दिल्ली में रविवार को घने कोहरे के कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तन करना पड़ा था, कई को रद्द करना पड़ा जबकि कई उड़ानों में देरी हुई थी। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई थी। कुछ यात्रियों ने इस पर नाराजगी भी जाहिर की थी। दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाओं में देरी पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट किया, भविष्य में इस स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली हवाईअड्डे से कहा गया है कि वह डीजीसीए की मंजूरी लेकर कैट-ढ्ढढ्ढ युक्त चौथे रनवे (मौजूदा कैट-ढ्ढढ्ढ रनवे के अतिरिक्त) के संचालन में तत्काल तेजी लाए। डीजीसीए एयरलाइनों के लिए बेहतर संचार और यात्रियों की सुविधा के लिए एक एसओपी जारी करेगा ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण उड़ान रद्द होने और देरी होने की स्थिति में असुविधा को कम किया जा सके।

# कांग्रेस का मकसद मणिपुर में शांति-सौहार्द बहाल करना: राहुल गांधी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

सेनापति (मणिपुर), 15 जनवरी। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी मणिपुर के सेनापति इलाके में पहुंचे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के इस दौरे का मकसद मणिपुर में शांति और सौहार्द वापस लौटाना है। उन्होंने कहा लगभग सात महीने पहले मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई जातीय हिंसा के कारण प्रदेश की जनता संघर्ष कर रही है। बकौल राहुल गांधी, कांग्रेस नेताओं ने पिछले साल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की। इसका मकसद भारत के लोगों को एक साथ लाना है। राहुल गांधी कई और कांग्रेस नेताओं के साथ यात्रा के लिए खास तौर पर तैयार कराई गई बस से सफर कर रहे हैं। रविवार शाम यात्रा की शुरुआत के बाद दूसरे दिन उन्होंने कुछ दूरी तक पैदल यात्रा की। इस दौरान राहुल स्थानीय लोगों से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कांग्रेस नेताओं की बस जब व्यस्त इलाकों से गुजर रही थी तो यात्रा मार्ग पर



कई लोगों को कतार में खड़े देखा गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने राहुल गांधी के साथ-साथ कांग्रेस का भी जयकारा लगाया। मणिपुर से यात्रा शुरू करने के मकसद पर राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस पूर्व से पश्चिम तक यात्रा करना चाहती थी। पार्टी ने फैसला लिया कि मणिपुर से यात्रा की शुरुआत करने पर बेहद शक्तिशाली संदेश जाएगा। भारत के दूसरे राज्यों में भी लोगों को पता चलना चाहिए कि मणिपुर के लोग किस कठिन दौर से गुजर रहे हैं। लोगों को मणिपुर की जनता के संघर्ष के बारे में पता लगना चाहिए। राहुल के मुताबिक पिछले साल बेहद सफल रही- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस ने लगभग चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा की। उन्होंने कहा कि मणिपुर की जनता ने त्रासदी का सामना किया है। स्थानीय जनता से मुखातिब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आपने परिवार के सदस्यों को खोया है। संपत्ति का भी बड़ा नुकसान हुआ है। मैं चाहता हूं कि आपको कांग्रेस पार्टी के रूख और समर्थन का एहसास हो। हम पूरी तरह से आपके साथ खड़े हैं, हम मणिपुर में शांति वापस लाना चाहते हैं।

## उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कोहरे से हालात खराब

नई दिल्ली, 15 जनवरी। सिंधु-गंगा का मैदानी इलाका इन दिनों भयंकर कोहरे की चपेट में है। सिंधु गंगा के मैदानी इलाके में पश्चिम में पाकिस्तान से लेकर पूर्व में बंगाल की खाड़ी तक का इलाका शामिल है। सैटेलाइट तस्वीरों से इसका पता चला है। मौसम विभाग ने कोहरे की वजह बताते हुए कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते ऐसा हो रहा है। साथ ही अभी एक-दो दिन सर्दी का सितम भी जारी रहेगा और उत्तर पश्चिम भारत के कुछ इलाकों में तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पई ने बताया कि मौसम ठंडा बना हुआ है और हवा शांत है। यह कोहरा बनने के लिए सबसे सही मौसम होता है। फिलहाल तेज हवाएं चलने के कोई आसार नहीं हैं, जिससे कोहरा छंटने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 16-17 जनवरी को फिर से पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा, जिसके चलते अभी कोहरे की समस्या बनी रहने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 14 जनवरी से 16 जनवरी तक भीषण कोहरे का असर देखने को मिलेगा। कुछ जगहों पर 16-17 जनवरी को भी कोहरे का असर देखा जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी इलाकों में सर्दियों के मौसम में आने वाले ऐसे तूफान होते हैं, जो वायुमंडल की ऊंची तहों में भूमध्य सागर, अंध महासागर और कुछ हद तक कैस्पियन सागर से नमी लाकर उसे वर्षा या बर्फ के रूप में उत्तर भारत, पाकिस्तान और नेपाल में गिरा देता है। उत्तर भारत में रबी की फसलों के लिए, खासकर गेहूं की फसल के लिए यह पश्चिमी विक्षोभ काफी जरूरी होते हैं।

## चुनावी मौसम में ठगी की कोशिश: मल्लिकार्जुन खरगे

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 15 जनवरी। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने आदिवासी योजनाओं को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार चुनावी मौसम में आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश कर रही है। उन्होंने 2013 की तुलना में आदिवासियों के खिलाफ बढ़ती अपराध दर पर भी सवाल उठाया। उन्होंने संसदीय समिति का हवाला दिया और कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार वन अधिकार अधिनियम, 2006 को लागू करने में विफल रही है। खरगे ने आदिवासी समुदाय को लेकर सरकार से तीन सवाल पूछे और उनसे जुड़े प्रमुख मुद्दों पर जवाबदेही की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दस साल बाद अब जब चुनाव हो रहे हैं तो प्रधानमंत्री ने आदिवासियों और जनजातियों के कल्याण की याद आ रही है। उन्होंने



कहा, हम मोदी सरकार से तीन सवाल पूछना चाहते हैं। 2013 की तुलना में आदिवासियों के खिलाफ 48.15 फीसदी अपराध क्यों बढ़ गए? भाजपा की डबल इंजन सरकारें वन अधिकार अधिनियम, 2006 को लागू करने में पूरी तरह से विफल क्यों रही? मोदी सरकार के आदिवासी मामलों के मंत्रालय, खासतौर से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए विकास योजना के बजट में लगातार गिरावट क्यों आई? उन्होंने कहा, यह बजट साल 2018-19 में 250 करोड़ रुपये था और 2023 में घटकर यह 6.48 करोड़ रुपये रह गया है।

## कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को मिली बड़ी राहत

कपूरथला, 15 जनवरी। भुलत्थ के कांग्रेसी विधायक सुखपाल खैरा की जमानत याचिका को सोमवार को कपूरथला अदालत ने मंजूर कर लिया। इसकी पुष्टि खैरा के वकील कंवलजीत सिंह और रजत ढिल्लों ने की। खैरा ने कपूरथला के थाना सुभानपुर में दर्ज हुए मामले को लेकर हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर की है। उनके बेटे एडवोकेट मेहताब खैहरा ने बताया कि उन्होंने हाईकोर्ट में दायर याचिका में उक्त मामले को रद्द करने की अपील की है। जिसकी सुनवाई भी आज हुई है। मेहताब ने बताया कि हाईकोर्ट ने 22 तारीख को पुलिस को पेश होने के आदेश दिए हैं। खैरा के वकील कंवलजीत सिंह और रजत ढिल्लों ने बताया कि छह जनवरी को कपूरथला अदालत ने सुखपाल खैरा को 14 दिन के लिए जुडिसियल कस्टडी में भेज दिया था, जिसके बाद जमानत याचिका दायर की गई थी। नौ जनवरी को पुलिस ने रिकॉर्ड नहीं पेश किया था तो अदालत ने 11 जनवरी को रिकॉर्ड पेश करने के आदेश दिए थे। उस दिन भी रिकार्ड पेश नहीं हुआ तो 12 जनवरी को रिकार्ड पेश करने के आदेश दे दिए।

## मालदीव के साथ बढ़ते विवाद पर विदेश मंत्री जयशंकर ने तोड़ी चुप्पी

नागपुर, 15 जनवरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आखिरकार मालदीव के साथ चल रहे राजनयिक विवाद पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकता कि हर कोई हर समय भारत का समर्थन ही करेगा। मालदीव के साथ हाल में नागपुर में टाउनहॉल बैठक में पैदा हुए तनाव के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, राजनीति तो राजनीति है। मैं गारंटी नहीं दे सकता कि हर देश में हर कोई हर समय हमारा समर्थन करेगा या हमसे सहमत होगा। उन्होंने आगे कहा, हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वो है देशों के साथ संपर्क को मजबूत बनाना। हम काफी हद तक सफल हुए हैं। हमने पिछले 10 सालों में कई देशों से अच्छे संबंध बनाए हैं। जयशंकर ने राजनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों के बीच सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक स्तर पर मजबूत संबंध बनाने के लिए पिछले एक दशक में भारत के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति उतार-चढ़ाव वाली हो सकती है, लेकिन उस देश के लोगों की भारत के प्रति अच्छी भावनाएं हैं और वे अच्छे संबंध रखने के महत्व को समझते हैं। इसके अलावा, उन्होंने अन्य देशों में बुनियादी ढांचे के विकास में भारत की भागीदारी का भी उल्लेख किया। भारत और मालदीव के बीच राजनयिक विवाद उस समय पैदा हुआ जब मालदीव के तीन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उनकी हालिया लक्षद्वीप यात्रा की आलोचना की। भारत ने इस टिप्पणी की कड़ी निंदा की और विरोध दर्ज कराने के लिए मालदीव के राजदूत को तलब किया।

# मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने से बदल गया मुंबई का सियासी खेल

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 15 जनवरी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने से ठीक पहले मिलिंद देवड़ा के इस्तीफे से कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। वहीं, मुंबई का सियासी समीकरण भी बदल गया है। जानकारों का कहना है कि मुंबई में मिलिंद देवड़ा के जनाधार वाले इलाके में कांग्रेस कमजोर होगी, तो उद्धव ठाकरे की शिवसेना को भी कोई लाभ नहीं मिल पाएगा। जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना मुंबई में भाजपा के सहारे अपना जनाधार बढ़ाने में कामयाब हो जाएगी। मिलिंद देवड़ा के शिंदे की शिवसेना में शामिल होने से यह तय हो गया है कि देश की सबसे अमीर संसदीय सीट दक्षिण मुंबई में अब शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई होगी। जहां से उद्धव की शिवसेना के अरविंद सावंत भाजपा की मदद से लगातार दो बार से सांसद हैं। इसका असर मुंबई की छह लोकसभा सीटों पर पड़ेगा। मिलिंद देवड़ा साल 2004 और 2009 में दो बार लगातार दक्षिण मुंबई सीट से जीते, लेकिन साल 2014 मे मोदी लहर के बाद वह लगातार दो बार चुनाव हार गए। सूत्र बताते हैं कि दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट को कांग्रेस की उम्मीदवारी को लेकर मिलिंद देवड़ा ने काफी




कोशिशें कीं। उन्होंने कुछ दिन पहले दिल्ली जाकर आलाकमान से चर्चा करने की कोशिश की थी। लेकिन उन्हें मिलने का समय नहीं दिया गया। इससे पार्टी से उनकी नाराजगी बढ़ गई। माना जा रहा है कि बंटवारे में दक्षिण मुंबई सीट उद्धव की शिवसेना के खाते में जाते देख मिलिंद देवड़ा ने नई राजनीतिक पारी खेलने का फैसला किया। उधर, शिवसेना के दो फाड़ होने के बाद उद्धव गुट की ताकत आधी हो गई है। जाहिर है कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव में उद्धव की शिवसेना को वह लाभ नहीं मिल पाएगा, जो 2014 और 2019 में भाजपा के साथ रहते हुए मिला था। इस बीच, दो बार चुनाव हारने के बाद भी मिलिंद देवड़ा के जनाधार में कोई कमी नहीं आई है। दक्षिण मुंबई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से लेकर अधिकांश कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद मिलिंद के साथ हैं, जो शनिवार को उनके साथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए हैं। अगर, दक्षिण मुंबई से उम्मीदवारी मिली तो मिलिंद को इसका लाभ मिल सकता है। मुंबई कांग्रेस में देवड़ा परिवार का प्रभुत्व रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा करीब 25 साल तक मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। मुरली देवड़ा के पास कांग्रेस पार्टी की बड़ी जिम्मेदारी थी। दक्षिण मुंबई से मिलिंद देवड़ा दो बार सांसद रहे, तो उनके पिता मुरली देवड़ा ने चार बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया है। पिता के बाद बेटे मिलिंद देवड़ा ने पार्टी के लिए अहम भूमिका निभाई।

## मुस्लिम छात्रा ने पहाड़ी भाषा में गाया राम भजन

जम्मू, 15 जनवरी। जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो छात्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जो जमकर वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा बतूल उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक के लिए जाना जाने वाली उड़ी अब राम भजन के लिए जाना जाने लगा है। अपने 52 सेकंड के वीडियो से बतूल ने उड़ी को सुर्खियों में ला दिया है। वीडियो में छात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का व्रत रख रहे हैं। उन्होंने यह संकल्प राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के नेक आमद के लिए किया है। आगे जहरा ने कहा कि आज पूरा देश राम गीत गुनगुना रहा है। ऐसे में जम्मू कश्मीर भी इस समारोह में जुड़ गया है। जहरा ने इसके बाद पहाड़ी में राम भजन गाया। अपने भजन का वीडियो वायरल होने से जहरा बेहद खुश है। उसने बताया, मैंने जुबिन नौटियाल का एक गाना सुना और मुझे यह बहुत पसंद आया। मैंने सोचा कि अगर यह हिंदी में हो सकता है, तो पहाड़ी में क्यों नहीं हो सकता। फिर इसे पहाड़ी में लिखा और गाया। मैंने इसे रिकॉर्ड किया और अपने सर को दिखाया। उन्होंने इसे पोस्ट किया और यह वायरल हो गया...। जहरा ने आगे कहा, एलजी (मनोज सिन्हा) को धन्यवाद, उनकी वजह से लोगों के दिमाग से नकारात्मक चीजें दूर हो रही हैं। मेरे मुस्लिम भाइयों ने भी मेरी बहुत सराहना की... हमारे इमाम ने संदेश दिया कि हमें उस देश से प्यार करना चाहिए जिसमें हम रहते हैं... श्री राम को उनकी ईमानदारी और न्याय में विश्वास के कारण पुरुषोत्तम कहा जाता है...। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, जिसमें गणमान्य व्यक्ति और सभी क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जनवरी को दोपहर में राम मंदिर के गर्भगृह में राम लला को विराजमान करने का निर्णय लिया है। अयोध्या में राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान एक सप्ताह पहले 16 जनवरी से शुरू होंगे। मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर के गर्भगृह के अंदर श्री राम लला की औपचारिक स्थापना की अध्यक्षता करेंगे।

# मायावती का बड़ा एलान, अकेले ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**नरेश मल्होत्रा**

लखनऊ, 15 जनवरी। आज बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन है। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मायावती ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। 2024 चुनाव में बसपा किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव अकेले लड़कर बेहतर रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन में चुनाव से हमारी पार्टी को नुकसान होता है। गठबंधन से बसपा को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। हमारी पार्टी को धांधली की वजह से नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण वोट बसपा पर ट्रांसफर नहीं होते। इसलिए बसपा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद उचित भागीदारी मिलने पर समर्थन दिया जा सकता है। लेकिन यह समर्थन मुफ्त मे नहीं दिया जाएगा। सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोगों को फ्री राशन का झांसा दिया। राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा है। मायावती ने कहा कि यूपी में हमारी योजनाओं की नकल की जा रही है। धर्म की आड़ में राजनीति की जा रही है। मायावती ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किया था। अल्पसंख्यक, मुस्लिम, गरीब, किसान और मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। इन योजनाओं को सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जातिवादी होने की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है। मायावती ने हमला करते हुए कहा कि लोगों को रोजगार देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर अपना मोहताज बनाया जा रहा है, जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान वर्तमान सरकारों के जैसे लोगों को अपना मोहताज नहीं, बनाया बल्कि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध कराए। मायावती ने आगे कहा कि हमने अपनी सरकार में लोगों को सम्मान और स्वाभिमान ऊंचा करने का अवसर भी दिया,



लेकिन वर्तमान में यह होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। केंद्र और राज्य सरकार धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति कर रही है। इससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। इस दौरान मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि विपक्ष के इंडिया गठबंधन को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बसपा के लोगों को गुमराह करने के लिए गिरगिट की तरह रंग बदला है। उससे बसपा के लोगों को सतर्क रहना होगा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि पिछले महीने मैंने आकाश आनंद को अपना एकमात्र उत्तराधिकारी घोषित किया था जिसके बाद मीडिया में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि मैं जल्द ही राजनीति से संन्यास लेने वाली हूं। मैं बताना चाहूंगी कि इन अटकलों में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। मैं अंतिम सांस तक बसपा को मजबूत करने का काम करती रहूंगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम में धांधली की खबरें मिल रही हैं। विदेशों की तरह यहां भी यह व्यवस्था खत्म हो सकती है। इसमें बदलाव भी हो सकता है तब बसपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ जाएगा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मुझे राम मंदिर रे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है, मैंने इसपर कोई फैसला नहीं लिया है

## इस छोटे से देश ने ताइवान को दिया बड़ा झटका, ताइपे से संबंध तोड़ करेगा चीन से दोस्ती

**ताइपे।** नाउरू ने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध समाप्त करने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि वह ताइवान का साथ छोड़कर चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब स्वशासित ताइवान को लेकर चीन के बढ़ते आक्रामक रुख समेत कई मामलों पर चीन एवं अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है। छोटे प्रशांत द्वीप राष्ट्र की सरकार ने सोमवार को कहा कि देश और उसके लोगों के हित में वह चीन के साथ राजनयिक संबंधों की पूर्ण बहाली की मांग कर रही है।

**कोई आधिकारिक संबंध नहीं कर सकेगा स्थापित**

नाउरू के इस फैसले का मतलब होगा कि वह अब ताइवान को एक अलग देश के रूप में मान्यता नहीं देगा। बल्कि चीन के एक अविभाज्य हिस्से के रूप में इसे जानेगा। इसके अलावा, वह ताइवान के साथ राजनयिक संबंधों को पूरी तरह से तोड़ देगा और अब ताइवान के साथ कोई आधिकारिक संबंध या संपर्क स्थापित नहीं करेगा।

**केवल 12 देशों की मान्यता**

वही, नाउरू के इस कदम के बाद ताइवान के पास ग्वाटेमाला, पराग्वे, इस्वातिनी, पलाऊ और मार्शल द्वीप समेत केवल 12 देशों की मान्यता रह जाएगी। चीन हमेशा दावा करता है कि ताइवान उसका है। इसी को लेकर विवाद जारी है। चुनाव से पहले ताइवान के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा था कि चीन उन मुट्ठी भर देशों पर छींटाकशी जारी रख सकता है, जिनके ताइपे के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध हैं।

## चीन की चेतावनी- इस महीने फिर बढ़ सकते हैं कोरोना के मामले, रिपोर्ट में दावा

**मालदीव।** चीन में नए साल से अब तक कोरोना के मामले तुलनात्मक तौर पर कम रहे हैं, लेकिन अब चीन की सरकार ने चेतावनी दी है कि इस महीने कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी आ सकती है। चीन के सरकारी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

**चीन में कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा**

दरअसल चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन के प्रवक्ता मी फेंग ने मीडिया से बातचीत में बताया कि चीन के अस्पतालों में बुखार के मरीज फिलहाल कम हैं, लेकिन सांस संबंधी बीमारियों जैसे इंफ्लुएंजा और कोविड19 का खतरा



अभी भी बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन में सर्दी की वजह से इंफ्लुएंजा वायरस और सांस संबंधी बीमारियां जैसे कोविड19 के मामले बढ़ सकते हैं। चीन की सरकार ने बताया कि उनके देश में इन्फ्लुएंजा संक्रमण की शुरुआत अक्तूबर में होती है। देश के दक्षिणी प्रांतों में इंफ्लुएंजा के मामलों में 36.8 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। वहीं उत्तरी राज्यों में 57 प्रतिशत मामले बढ़े हैं। चीन की सरकार का कहना है कि कई मामलों में ऐसा देखा गया है कि जिन मरीजों को इंफ्लुएंजा ए वायरस का संक्रमण हुआ, उन्हें इंफ्लुएंजा बी वायरस का संक्रमण भी हुआ। इसका मतलब है कि इंफ्लुएंजा संक्रमण से उनकी इम्युनिटी कमजोर हुई। ऐसे में आशंका है कि कमजोर इम्युनिटी के लोग कोरोना संक्रमण के भी शिकार हो सकते हैं।

## पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले फूटा महंगाई बम ! 400 रुपए दर्जन हुए अंडे, 250 किलो बिक रहा प्याज

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले एक बार फिर महंगाई बम फूटा है। पहले से ही बढ़ी कीमतों से परेशान लोग अब नई कीमतों को लेकर त्राहि-त्राहि कर उठे हैं। पाकिस्तान में अंडे की कीमत लाहौर में 400 पाकिस्तानी रुपए से अधिक प्रति दर्जन तक पहुंच गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार की तरफ से सरकारी दर की सूची जारी की गयी थी, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इसे सही से लागू नहीं करने के कारण यह समस्या देखने को मिल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर 175 पीकेआर प्रति किलोग्राम के मुकाबले प्याज 230 से 250 PKR प्रति किलोग्राम के बीच बेचा जा रहा है।लाहौर में प्रति दर्जन अंडों की कीमत PKR 400 तक पहुंच गई है, जबकि चिकन वहां 615 PKR प्रति किलोग्राम पर बेचा जा रहा है। पिछले महीने, आर्थिक समन्वय समिति ने राष्ट्रीय मूल्य निगरानी समिति को मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने और जमाखोरी और मुनाफाखोरी को रोकने के उपायों के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ नियमित समन्वय जारी रखने का निर्देश दिया था। पिछले महीने वित्त, राजस्व और आर्थिक मामलों के कार्यवाहक संघीय मंत्री शमशाद अख्तर की अध्यक्षता में आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक हुई।

# उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण से कई देशों की नींद उड़ी

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के हाइपरसोनिक वारहेड युक्त मध्यवर्ती दूरी की ठोस-ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण ने कई देशों की नींद उड़ा दी है। इस पर उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि रविवार दोपहर हुए इस प्रक्षेपण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस-ईंधन इंजन की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक वारहेड की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। यह परीक्षण सफल रहा।

केसीएनए के अनुसार, इस परीक्षण से किसी भी पड़ोसी देश की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। यह परीक्षण रक्षा विज्ञान संस्थानों की शक्तिशाली हथियार प्रणालियों को विकसित करने की नियमित गतिविधियों का एक हिस्सा है। इस परीक्षण पर दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बड़ा



दावा किया। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कोरिया ने कहा है कि यह मिसाइल दूरस्थ अमेरिकी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई है। इससे गुआम और जापान में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को लक्षित किया जा सकता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया की इस मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया 2021 से हाइपरसोनिक हथियारों का परीक्षण कर रहा है। उन्हें मैक 5 से अधिक या ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक गति से उड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। केसीएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्री चोए सन हुई के नेतृत्व में एक उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल रूस के विदेश मंत्री के निमंत्रण पर रूस की यात्रा के लिए रविवार को प्योंगयांग से रवाना हुआ है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सरकारों का दावा है कि उत्तर कोरिया, रूस को यूक्रेन पर आक्रमण के लिए तोपखाने और मिसाइलों सहित अन्य हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

## ट्रंप चुनाव जीते तो रामास्वामी नहीं होंगे उपराष्ट्रपति! पूर्व राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकार ने कही बड़ी बात

**इस्लामाबाद।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी के बीच भी सियासी घमासान देखने को मिल रहा है। जहां ट्रंप अपने प्रतिद्वंद्वी की सार्वजनिक तौर पर तीखी आलोचना कर रहे हैं। वहीं रामास्वामी ने इस कदम को उनके सलाहकारों का दुर्भाग्यपूर्ण कदम बताया। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकार ने उपराष्ट्रपति पद के लिए रामास्वामी की संभावना को खारिज कर दिया है।

बता दें, सोमवार यानी आज से आयोवा कॉकस शुरू होने जा रहा है। यहां औपचारिक रूप से प्रक्रिया शुरू हो रही है, जिसमें रिपब्लिकन और डेमोक्रेट पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करता है। ट्रंप के शीर्ष सलाहकार जेसन मिलर ने कहा कि मतदाता 38 वर्षीय बायोटेक उद्यमी रामास्वामी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार मानने से इनकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कहने में कुछ भी गलत नहीं है। यह बिल्कुल सही है कि अगर ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं तो रामास्वामी उपराष्ट्रपति नहीं बनेंगे।

आयोवा कॉकस से पहले, ट्रंप ने रामास्वामी पर कपटपूर्ण अभियान के हथकंडे अपनाने का आरोप लगाया था। वहीं, भारतवंशी नेता का कहना है कि वह ट्रंप की आलोचना नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं ट्रंप के खिलाफ नहीं हूं। उनका बयान उनके सलाहकारों का एक दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। वह एक महान राष्ट्रपति रहे हैं।' रामास्वामी ने कहा था कि ट्रंप अपनी कड़ी कानूनी बाधाओं और राजनीतिक विरोध के कारण आम चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा था, 'मैं अपने अभियान के प्रति किसी और के रवैये के बारे में नहीं बोल सकता।

## जापान में 86.6 फीसद लोग कड़े राजनीतिक धन नियंत्रण कानून के पक्ष में

**टोक्यो।** जापान के 86.6 फीसद लोग देश में कड़े राजनीतिक धन नियंत्रण कानून के पक्ष में हैं। क्योदो न्यूज के टेलीफोनिक जनमत सर्वे में यह बात सामने आई है। क्योदो न्यूज ने अपना सर्वेक्षण जारी किया है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, जनमत सर्वे में शामिल 86.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के राजनीतिक चंदा उगाही में हुए घोटाले के बीच सख्त राजनीतिक धन नियंत्रण कानूनों का समर्थन किया है। जापाना टुडे के अनुसार, जनमत सर्वे में कुल 61.6 प्रतिशत लोग नए साल के दिन मध्य जापान के नोटो प्रायद्वीप में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप से निपटने के जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के तरीके से असंतुष्ट दिखे। 54.6 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें लगता है कि भूकंप पर सरकार की प्रतिक्रिया



त्वरित थी। बाकी ने इसे ने इसे बहुत धीमा माना।इस सर्वे में 75.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि उन्हें नहीं लगता कि सरकार के किए गए ताजा उपायों से ऐसे घोटाले रुकेंगे। 33.4 प्रतिशत लोगों का मानना है कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा जल्द से जल्द पद छोड़ देंगे। 53.3 प्रतिशत लोगो में से अधिकांश ने ओकिनावा प्रांत के एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे के हस्तांतरण पर केंद्र सरकार के रुख पर आपत्ति जताई है।

## क्या उपराष्ट्रपति बनेंगी निक्की हेली? दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने दिया गजब जवाब

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की उम्मीदवार निकी हेली ने कहा है कि वह उपराष्ट्रपति बनने की इच्छुक नहीं हैं और वह सिर्फ अमेरिका की अगली राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। निकी हेली का यह बयान आयोवा कॉकस से पहले आया है, जिसके बाद आधिकारिक रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**'मैं कभी भी दूसरे स्थान के लिए नहीं खेलती'**

दरअसल निकी हेली से सवाल पूछा गया था कि कुछ मतदाओं का कहना है कि वह निकी हेली को उपराष्ट्रपति के रूप में देखना पसंद करेंगे ना कि राष्ट्रपति के रूप में। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए निकी हेली ने कहा कि 'मैं उपराष्ट्रपति बनने की इच्छुक नहीं हूं। मैं राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पेश कर रही हूं और मैं जीतने के लिए चुनाव लड़ रही हूं।' दक्षिण कैरोलिना राज्य की पूर्व गवर्नर हेली ने कहा 'मैं कभी भी दूसरे स्थान के लिए नहीं खेलती।'

**'मैं नहीं चाहती कमला हैरिस राष्ट्रपति बने'**

निकी हेली ने उन्हें उपराष्ट्रपति और डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में देखने वाले मतदाताओं को कहा कि 'क्या आप चार साल और अराजकता देखना चाहते हैं, क्योंकि इससे आपको यही मिलेगा। इससे भी ज्यादा चिंता की बात ये है कि ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे की टक्कर है और अगर इन दोनों के बीच चुनाव होगा तो यह करीबी मुकाबला होगा। मैं नहीं चाहती कि कमला हैरिस राष्ट्रपति बने।' निकी हेली ने दावा किया कि राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उनके और ट्रंप के बीच ही मुकाबला है। निकी हेली की लोकप्रियता बीते कुछ हफ्तों में बढ़ी है और कई विशेषज्ञ मानते हैं कि ट्रंप के खिलाफ वह एक मजबूत उम्मीदवार हो सकती हैं। राष्ट्रपति पद की रेस के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारों को चुनने की प्रक्रिया 15 जनवरी से आयोवा कॉकस के साथ शुरू हो गई है। अभी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी में सबसे आगे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम शामिल है। वहीं निकी हेली दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका में हुए विभिन्न सर्वे में दावा किया गया है कि आयोवा कॉकस में करीब 48 प्रतिशत लोग डोनाल्ड ट्रंप को रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुन सकते हैं। दिसंबर में 51 प्रतिशत लोगों ने ट्रंप को अपनी पसंद बताया था।

## प्रचंड ने ताइवान के चुनाव परिणाम को चिंताजनक बताते हुए चीन के प्रति सहानुभूति दिखाई

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने ताइवान के आमचुनाव के परिणाम पर चिन्ता जताते हुए चीन के प्रति सहानुभूति दिखाई है। इतना ही नहीं, प्रचंड ने ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ होने की बात भी कही है। चीनी नव वर्ष पर एक समारोह में प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि ताइवान में चाहे जैसा चुनाव परिणाम आया हो, नेपाल उसकी स्वतंत्रता के खिलाफ था, है और रहेगा भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल कभी भी ताइवान की स्वतंत्रता के पक्ष में नहीं रहा है। नेपाल हमेशा से ताइवान को चीन का अभिन्न अंग मानता है।



प्रचंड ने कहा कि नेपाल सदैव ही एक चीन नीति का पक्षधर रहा है। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास की ओर से आयोजित समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि नेपाल के प्रधानमंत्री ने अपने पिछले चीन भ्रमण का भी जिक्र किया। प्रचंड ने कहा कि चीन भ्रमण के बाद उन पर कई शक्ति केन्द्रों का दबाब होने के बावजूद उन्होंने ताइवान को चीन का अभिन्न अंग माना था और किसी प्रकार से ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ होने की बात कही थी। प्रचंड ने कहा कि ताइवान में चाहे जैसा चुनाव परिणाम आया हो वो चीन में दिए अपने बयान पर अभी भी अडिग हैं। उन्होंने कहा कि चीन नेपाल का सदैव से सबसे अधिक विश्वासी पड़ोसी और मित्र राष्ट्र रहा है। चीन और नेपाल की सभ्यता हिमालय, नदियों से आगे बढ़कर अब जनस्तर पर बढ़ रही है।

## श्रीलंका में विपक्षी नेता साजिथ ने ऑनलाइन ऋण माफिया का किया पर्दाफाश, 5 चीनी ऑपरेटरों सहित 6 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा द्वारा संसद में ऑनलाइन ऋण माफिया का पर्दाफाश करने के बाद पुलिस ने छापेमारी में 5 चीनी ऑपरेटरों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। विपक्षी नेता साजिथ ने संसद में इस ठगी की जानकारी दी थी। साजिथ प्रेमदासा के संसद में इस संबंध में खुलासे से जांच में तेजी आई है। साजिथ द्वारा ऑनलाइन लोन प्रदाताओं द्वारा डिफॉल्टरों का निजी डेटा सोशल मीडिया पर प्रसारित कर उन पर अत्याचार करने की घटनाओं के खुलासे को लेकर पुलिस ने विशेष जांच शुरू की है । साजिथ प्रेमदासा ने बताया कि यह ऋण माफिया 300 तक का ब्याज वसूल कर काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आर्थिक दबाव के कारण इस प्रकार की तस्करी बढ़ रही है। विपक्षी नेता ने बताया कि ऐसी स्थिति बन गई है जहां तस्कर यह डर पैदा करके लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं कि लोन की किस्तें न चुकाने वाले लोगों की जानकारी सोशल मीडिया पर प्रकाशित कर दी जाएगी।विपक्षी नेता ने ऐसे लोगों से कर्ज लेने वाले सभी लोगों से कहा कि वे इसका भुगतान न करें क्योंकि कर्ज देने की प्रक्रिया अवैध है।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 55 देशों के नेताओं को न्योता, राजदूत भी बनेंगे कार्यक्रम का हिस्सा

**दावोस (स्विटजरलैंड)।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक पांच दिवसीय 54वीं बैठक का आगाज आज यहां होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, संघर्ष एवं फेक न्यूज जैसे कई संकटों से जूझ रही है। बैठक में दुनियाभर के 2,800 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इनमें 60 से अधिक राष्ट्र एवं सरकारों के प्रमुख शामिल हैं।

द स्विस टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व आर्थिक मंच की इस बैठक में राजनीति, व्यापार और समाज के प्रमुख अतिथि यूक्रेन और मध्य पूर्व में युद्ध, संभावित नई महामारी, जलवायु परिवर्तन और साइबर हमले जैसे चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। मंच की विशिष्ट बैठक ग्रीसंस पर्वत रिसॉर्ट में होगी। इस बैठक के एजेंडे में गाजा और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए उच्चस्तरीय वार्ता सबसे ऊपर है। सबसे महत्वपूर्ण अतिथि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की हैं। उनके यहां पहुंचने की संभावना है। रूस के सहयोगी देश चीन प्रधानमंत्री ली कियांग भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। पश्चिम को उम्मीद है कि वह बीजिंग के माध्यम से मास्को को प्रभावित करने में सक्षम होगा।

इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व तीन केंद्रीयमंत्री स्मृति




ईरानी, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी करेंगे। उनके साथ तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और 100 से ज्यादा सीईओ भी मौजूद रहेंगे। बैठक की औपचारिक शुरुआत से एक दिन पहले यूक्रेन के लिए शांति योजना पर चर्चा करने के लिए दावोस ने पहली बार 90 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक की मेजबानी की।

द स्विस टाइम्स के अनुसार एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बार्ज ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में हो रही है।

**मंच की विशिष्ट बैठक ग्रीसंस पर्वत रिसॉर्ट में होगी। इस बैठक के एजेंडे में गाजा और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए उच्चस्तरीय वार्ता सबसे ऊपर है।**

इस दौरान ब्रेंडे ने भारत को आठ प्रतिशत से अधिक जीडीपी वाला प्रमुख देश करार दिया। इस वर्ष की बैठक की थीम है- रीबिल्डिंग ट्रस्ट।

## अमेरिका के कई राज्यों में रामभक्तों ने निकाली कार रैली, वाशिंगटन में संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**वाशिंगटन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पहले राम भक्तों ने अमेरिका के 21 शहरों में कार रैली निकालीं। वहीं, राजधानी वाशिंगटन में विश्व हिंदू परिषद ने भगवान राम को समर्पित एक अनूठा 'टेस्ला' कार संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

वाशिंगटन के फ्रेडरिक शहर में स्थित श्री भक्त अंजनेय मंदिर के बाहर सौ से ज्यादा राम भक्त शनिवार रात को अपनी-अपनी 'टेस्ला' कार लेकर जुटे। उन्होंने टेस्ला कार की मुख्य विशेषताओं में से एक का प्रयोग कर भगवान राम को समर्पित कुछ प्रसिद्ध गाने भी बजाए। टेस्ला कार की इस विशेषता के तहत गाड़ी की हेडलाइट और स्पीकर आपस में जुड़ जाते हैं और हेडलाइट से निकलने वाली रोशनी के बीच




गाने की धुन पर लोग नाचते हैं।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की अमेरिका इकाई ने टेस्ला संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। विहिप के मुताबिक, 200 से ज्यादा टेस्ला कार मालिकों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया था और उनमें से बड़ी संख्या में लोग यहां जुटे। कार्यक्रम के आयोजकों ने ड्रोन से तस्वीरें भी लीं, जिसमें गाड़ियों को इस तरह से खड़ा किया गया था कि ऊपर से देखने में 'राम' लिखा हुआ जैसा प्रतीत हो रहा था।

**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## नेपाल सुप्रीम कोर्ट परिसर में न्यायाधीश की पत्नी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**काठमांडू।** अपने न्यायाधीश पति के खिलाफ बलात्कार का मुद्दा दायर करने वाली पत्नी ने त्वरित कार्यवाही की मांग करते हुए रविवार की दोपहर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया है। सुरक्षाकर्मियों ने महिला को नियंत्रण में ले लिया है। न्यायाधीश भुवन गिरी की पत्नी आरती गिरी रविवार की दोपहर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में पहुंचीं और अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। तभी कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिस वालों की नजर पड़ गई और उन्होंने महिला को खुद के शरीर में आग लगाने से पहले ही नियंत्रण में ले लिया। महिला जोर-जोर से अपने पति भुवन गिरी के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी। उसने अपने पति को जेल भेजे जाने की मांग अपनी टी शर्ट पर प्रिंट करा रखी थी। आरती गिरी ने अपने पति न्यायाधीश भुवन गिरी पर वैवाहिक बलात्कार का आरोप लगाया था। उस समय वह कपिलवस्तु में जिला



न्यायाधीश पद पर तैनात थे, तब पुलिस ने न्यायाधीश गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया था। बाद में कपिलवस्तु जिला अदालत के आदेश के बाद न्यायाधीश भुवन गिरी के खिलाफ 5 अप्रैल, 2023 को वारंट जारी किया गया था। 11 अप्रैल, 2023 को उनकी गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन कुछ दिन बाद ही वो 2.75 लाख की जमानत पर रिहा हो गए थे। न्यायाधीश की पत्नी का आरोप है कि पूरा तंत्र उनको बचाने में लगा है। बलात्कार जैसे आरोप के बावजूद उन्हें जमानत कैसे मिल गई। आरती गिरी ने अपने पति की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए दायर मुकदमे की जल्द सुनवाई किए जाने की बात कही है। महिला का कहना था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देते हुए मुकदमे का फैसला जल्द नहीं किया तो वो बीच चौराहे पर खुद को जिन्दा जला लेगी।

## एलजी ने 32 और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की दी अनुमति, बढ़ेंगे रोजगार के नए अवसर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 32 और नए प्रतिष्ठान 24 घंटे सेवाएं देंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 32 और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने 32 नए प्रतिष्ठानों को 24X7 के आधार पर काम करने की छूट प्रदान की।



सक्सेना के पदभार संभालने के बाद पिछले एक वर्ष के दौरान इस तरह की छूट मिलने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 667 हो गई है। रोजगार के अवसर पैदा होंगे, आय में वृद्धि होगी और आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा। 32 नई स्वीकृतियों में से 7 प्रतिष्ठान, नाइट शिफ्ट में काम करने वाले युवा और महिला कर्मचारियों के लिए छूट से संबंधित हैं और उनकी सुरक्षा की गारंटी प्रतिष्ठानों द्वारा दी जाएगी।

## निर्माणाधीन गौर मॉल में हादसा, लेंटर गिरने से 16 लोग घायल, मृतक के परिजनों का आरोप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक निर्माणाधीन गौर मॉल में लेंटर गिरने से हादसा हो गया। टीलामोड़ थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के पीछे निर्माणाधीन गौर मॉल का देर रात लेंटर गिर गया। जहां करीब 16 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को जिला अस्पताल से निजी अस्पताल में रेफर किया गया। जबकि अमरोहा का रहने वाला अमित 22 वर्ष को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी।



टीलामोड थाना क्षेत्र में सिकंदरपुर चौकी के पीछे एयरपोर्ट रोड पर निर्माणाधीन गौर एयरो मॉल में रात 11 बजे लिंटर के साथ शटरिंग गिर गई। जिसमें शटरिंग के ऊपर खड़े शाहनूर (20), शकरीन (18), रामकिशन (20), जैरूल (22), मोबिन (23), बबलू (20), पप्पू (36) घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल एमएमजी में भर्ती कराया। जबकि अमित (22) निवासी मनौटा थाना हसनपुर जिला अमरोहा शटरिंग खड़ा था जो लिंटर के मलबे और शटरिंग में दबने से गंभीर घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस परिजनों से तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है। मृतक के पिता ने बिल्डर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 3.3 डिग्री तापमान के साथ दिल्ली में मौसम की सबसे ठंडी सुबह

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई, जो औसत से चार डिग्री कम है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर कोहरे की चादर में लिपटा हुआ है, इसके कारण खराब दृश्यता के कारण 18 ट्रेनें और कई उड़ानें देरी से चल रही हैं। घने कोहरे के कारण रात दो बजे सफदरजंग और पालम में दृश्यता शून्य रही।



भारतीय रेलवे के मुताबिक, कोहरे और शीत लहर के कारण 18 ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से सड़कों पर यातायात बेहद धीमा रहा। इस बीच, दिल्ली के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' हो रही है, इससे मौसम कार्यालय को मौजूदा ठंड और कोहरे की स्थिति के कारण रेड अलर्ट जारी करना पड़ा। आईएमडी के पूर्वानुमान में मंगलवार तक दिल्ली में घने कोहरे का संकेत दिया गया है।

# कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की जोरों पर तैयारी

### ऊंट की सवारी करते दिखी बीएसएफ की टुकड़ी

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी 2024 को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारी एक महीने पहले ही शुरु हो जाती है। इस दिन कर्तव्य पथ पर भारत अपने शौर्य का प्रदर्शन करता है। जिसमें तीनों भारतीय सेना और राज्यों की झाकियां निकलती हैं। कर्तव्य पथ पर सोमवार सुबह भी सेना के जवानों ने परेड की रिहर्सल की।

वीडियो में देख सकते हैं कि कर्तव्य पथ पर चल रही परेड रिहर्सल में जवान ऊंटों के ऊपर बैठे हुए हैं। बीते साल 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस परेड में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ऊंट सवार टुकड़ी में पहली बार पुरुष जवानों के साथ महिला कर्मी शामिल हुई थीं। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि बीटिंग रिट्रीट समारोह 26 जनवरी की परेड से तीन दिन बाद होता है। सरकार के मुताबिक, इस साल के बीटिंग रिट्रीट समारोह में संगीत की धुनें रोमांचिक करेंगी। खास बात ये कि सभी धुनें स्वदेशी ही होंगी। यानी भारत में कंपोज म्यूजिक और सैनिकों की देशभक्ति का रंग सिर



चढ़कर बोलेगा।दिल्ली सरकार इस वर्ष भी 25 जनवरी को मॉडल टाउन स्थित छत्रसाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित करेगी। समारोह में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान के स्कूलों के बच्चे भी हिस्सा लेंगे। शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गणतंत्र दिवस के दिन जाम नहीं छलकेगा। दिल्ली आबकारी नियमावली, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के तहत सरकार ने इस दिन ड्राई-डे घोषित किया है।

इसके अलावा गुरु रविदास, स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती, महा शिवरात्रि, होली और गुड फ्राइडे को भी शराब की दुकानें नहीं खुलेगी। हालांकि शराब की बिक्री पर प्रतिबंध एल-15 लाइसेंस लेने वालों पर लागू नहीं होगा। वहां ठहरे मेहमानों को शराब परोसी जा सकेगी।

# नीना बर्जर की हत्या मामले में एक हजार पेज का आरोप पत्र दाखिल

### पुलिस ने बताई वजह

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने स्विस नागरिक नीना बर्जर की हत्या के मामले में आरोपी गुरप्रीत सिंह के खिलाफ एक हजार पेज का आरोप पत्र दाखिल किया है। दिल्ली पुलिस ने आरोप पत्र में लिखा कि महिला की हत्या का मुख्य कारण पीड़ित और आरोपी के बीच वित्तीय विवाद था।

20 अक्तूबर को तिलक नगर में करीब 30 साल की नीना बर्जर का क्षत-विक्षत शव निगम के एक स्कूल की दीवार के पास पड़ा मिला था। महिला के शव हाथ-पैर जंजीरों से बंधे हुए थे। इनमें ताला लगा हुआ था। घटना के अगले दिन पुलिस ने इस मामले में पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एक हजार पन्नों की चार्जशीट में पुलिस ने गुरप्रीत को स्विस महिला की हत्या में एकमात्र आरोपी के रूप में उल्लेखित किया है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र 11 जनवरी को शहर की एक अदालत में दाखिल किया गया था।

**नीना और आरोपी गुरप्रीत के बीच वित्तीय विवाद था हत्या का मुख्य कारण**

पत्र के मुताबिक, हत्या के पीछे मुख्य मकसद सिंह और बर्जर के बीच वित्तीय विवाद था। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने महिला से करीब सात लाख रुपये की मांग की थी। सिंह और उनके पिता पत्थर और रत्नों के व्यापारिक व्यापारी थे। आरोपी ने स्विट्जरलैंड की अपनी यात्रा के दौरान बर्जर को कुछ रत्न देने की पेशकश की थी। उसने महिला की समस्याओं से ठीक करने के बहाने तंत्र-मंत्र किया। इसके बाद उसने उससे पैसे की मांग करनी शुरू कर दी। हत्या से पहले आरोपी ने बर्जर के अलग-अलग एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। पुलिस ने अदालत को बताया कि यह संदेह है कि सिंह के पिता, जिनसे हत्या के मामले में पूछताछ



की जानी है, देश छोड़कर भाग गए हैं, इसलिए एक लुक-आउट सर्कुलर जारी किया गया है। पुलिस ने आरोप पत्र में अदालत को यह भी बताया कि आरोपी ने कक्षा आठ तक पढ़ाई की है। पुलिस ने कहा कि शस्त्र अधिनियम के तहत एक अन्य मामले में आरोपी गुरप्रीत के खिलाफ जल्द ही एक अलग आरोप पत्र दायर किया जाएगा।

# उड़ान में देरी को लेकर यात्री ने इंडिगो के पायलट से की मारपीट, एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** उड़ान में देरी की घोषणा करते समय विमान के अंदर जिस इंडिगो के पायलट पर हमला किया गया था, उसने शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह घटना गोवा जाने वाली इंडिगो फ्लाइट के अंदर हुई।विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया।

वायरल फुटेज में एक यात्री को दिखाया गया है, जिसकी पहचान साहिल कटारिया के रूप में हुई है, जो पीले रंग की हुडी पहने हुए है, विमान के पायलट के पास दौड़ रहा है और गुस्से में उसके साथ मारपीट कर रहा है। यह घटना तब हुई जब पायलट यात्रियों को देरी के बारे में बता रहा था। गोवा जाने वाली इंडिगो



की उड़ान (6ई-2175) में देरी कथित तौर पर हवाई अड्डे पर भारी कोहरे और यातायात की भीड़ के कारण हुई। सूत्रों के अनुसार, हमला दोपहर को हुआ जब खराब दृश्यता के कारण यातायात की भीड़ के कारण घंटों तक इंतजार करने के कारण यात्रियों के बीच तनाव बढ़ गया था।

पुलिस के मुताबिक, फ्लाइट के सह-पायलट अनूप कुमार और सुरक्षाकर्मी आईजीआई पुलिस स्टेशन आए और साहिल कटारिया नाम के एक यात्री के बारे में शिकायत दी, जिसने रविवार को सह-पायलट के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'उसने उड़ान में दुर्व्यवहार किया और सह-पायलट को मारा और विमान के अंदर उपद्रव किया। शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 341, 290 और 22 विमान नियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है।'

## नोएडा में भैंस चोर गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नोएडा।** दिसंबर महीने में चोरी हुई एक भैंस व कटिया को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने बरामद कर एक गिरोह के चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि दिसंबर महीने में सेक्टर-78 स्थित झुग्गी- झोंपड़ी से एक युवक की भैंस व कटिया चोरी हो गई थी। जिसको लेकर पीड़ित युवक ने थाने में शिकायत दी थी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान विजय निवासी सलारपुर, अरुण कुमार निवासी बिसरख, रविद्र निवासी छपरौला, अंशुल भाटी निवासी सलारपुर के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने चोरी की गई भैंस और कटिया के साथ ही घटना में प्रयोग हुई एक ब्रेजा कार को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं। यह लोगों के पालतू जानवर चोरी करने में माहिर हैं उन्होंने बताया कि इन बदमाशों के खिलाफ पहले से चोरी के चार मामले दर्ज हैं।

## गाजियाबाद में गौर एयरोसिटी के निर्माणधीन माल का लिंटर गिरा, एक की मौत,15 घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में निर्माणधीन मॉल का लिंटर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। रविवार देर रात निर्माणधीन मॉल का लेंटर गिरने से एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी लोग उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के निवासी हैं। गाजियाबाद स्थित थाना टीला मोड़ क्षेत्र में निर्माणधीन मॉल बनाने का कार्य चल रहा था। भोपुरा में बन रहे गौर एयरोसिटी मॉल में रविवार देर रात लगभग 12 बजे अचानक लेंटर गिर गया। लेंटर गिरने से वहां काम करने वाले 16 श्रमिक मलबे में दब गए, जबकि एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। 9 घायल श्रमिकों का इलाज एमएमजी अस्पताल में चल रहा है, 6 घायलों को उनके परिजन निजी अस्पताल में ले गए।

## एम्स के एनसीआर में नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति का रास्ता साफ, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** एम्स के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआइ) में कैंसर के इलाज और जांच की सुविधाओं में विस्तार के लिए छह विभागों में नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए 11 नए पद सृजित किए गए हैं। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति भी दे दी है। जिसके बाद इन पदों पर नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि एम्स प्रशासन जल्द ही इन पदों पर सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा। इससे हरियाणा के झज्जर स्थित एनसीआइ में कैंसर के इलाज व जांच की सुविधाएं बढ़ेगी। मौजूदा समय में एनसीआइ में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। इससे





मरीजों का इलाज प्रभावित होता है।इसके मद्देनजर सहायक प्रोफेसरों के नए पद सृजित किए गए हैं। इसके तहत पैलिएटिव मेडिसिन के तीन सहायक प्रोफेसर नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा पैथोलाजी विभाग में भी तीन, माइक्रोबायोलाजी के दो व बायोस्टेटिस्टिक के एक सहायक प्रोफेसर के पद सृजित किए गए हैं। इन तीनों विभागों में नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति होने से जांच सुविधाएं बढ़ेगी। इसके अलावा प्रिवेंटिव आंकोलाजी में सहायक प्रोफेसर एक नया पद सृजित किया गया है। ताकि कैंसर की रोकथाम और स्क्रीनिंग को बढ़ावा दिया जा सके। वहीं फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन के एक सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति होगी।

## *कारसेवा का जुनून ऐसा कि पुलिस वर्दी में विवादास्पद ढांचे तक पहुंच गए थे विजय गोयल*

**नई दिल्ली।** युवा विजय गोयल में कार सेवा का जुनून ऐसा था कि वह पुलिस की वर्दी पहनकर कर विवादस्पद ढांचे तक पहुंच गए थे और जैसे ही विवादास्पद ढांचे को ढहा दिया गया तब कार सेवा संबंधित सभी बिल्ले, पटके और अन्य निशानियों को वहीं फेंक कर रातों रात दिल्ली लौट आए। वर्ष 1992 में राम मंदिर आंदोलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल भी कफन बांधकर कूदे थे। उन दिनों को याद करते हुए वो बताते हैं कि उनके दिल और दिमाग से राममंदिर के निर्माण का जुनून ऐसा था कि मां से आशीर्वाद लेकर 47 सदस्यीय कारसेवकों के एक जत्थे के साथ तीन दिसंबर 1992 को ट्रेन से फैजाबाद पहुंच गए थे। सभी कारसेवकों ने वर्ष 1990 का वो मंजर भी देखा था कि जब कभी भी गोलियां चल सकती थी, इसलिए सभी कारसेवक अपने सिर पर कफन बांधकर निकले थे। स्टेशन से वे लोग घोड़े और तांगों से अयोध्या की तरफ बढ़े। उस समय चारों ओर बस राम भक्त दिखाई दे रहे थे। इतनी अधिक संख्या में राम भक्तों को देखकर उन्हें आगे की यात्रा पैदल ही करनी पड़ी।


**NAME CHANGE**
I, Chokhraj S/o Ram Niwas R/o 324, Sultanpur Lake, Sadhana(45), Gurgaon, Haryana-122505 I Have Changed My Name To Chokhraj Vashist For All Purpose.

**NAME CHANGE**
I, SEEMIN NIZAMI W/O SYED NOORUL HUDA NIZAMI residing at 53 BASTI HAZARAT NIZAMUDDIN DELHI-110013 have Change my name to SYEDA SEEMIN NIZAMI for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, GANESH KUKRETI S/O LATE R. R. KUKRETI R/O 346, SECTOR-4, R.K. PURAM, NEW DELHI-110022, have changed my name to GANESH DUTT KUKRETI for all purposes.

**NAME CHANGE**
I, MIRAJ S/O MOHD SARFARAZ residing at C-182 GALI NO-2 CHAUHAN BANGER SEELAMPUR DELHI -110053 have Change my name to MAHRAJ KHAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, MOHAMMAD SARFARAZ S/O MOHD ISHAQ residing at C-186/7 GALI NO -2 CHAUHAN BANGER SEELAMPUR DELHI -110053 have Change my name to MOHD SARFARAZ for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SATYA PRAKESH SINGH TOMAR father No. 16012508Y Rank- NK Name- RAM SHARAN SINGH TOMAR R/O VILL-NAGLA PAIJ, PO-NAGLA KHANGAR, TEH-SIRSAGANJ, DISTT-FIROZABAD, U.P-283142 have changed my name SATYA PRAKESH SINGH TOMAR to SATY PRAKASH SINGH TOMAR for all future purposes vide Affidavit Dated 15/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I,Kanchan Bhardwaj W/O Vikas Sharma Address:Block-B-24/06, First Floor, BPTP Elite Floors, Sector-88, Faridabad Haryana- 121002 Have changed my name to Kanchan Sharma for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
I OM PARKASH S/O AMRIT SINGH R/O DHANI AHIRAN, VPO MANDI HARIA, CHARKHI DADRI , HARYANA-127312. Have changed the name of my minor son MUKUL, aged 16 years and he shall hereafter be known as MUKUL BAALWAN.

**NAME CHANGE**
I, RATILAL father of NO-15779005W Rank- HAV Name- GARALA BHAVIL KUMAR RATILAL R/O VILL-NANADIYA, TEH-MANAVADAR, DISTT-JUNAGARH, GUJARAT-362625 have changed my name from RATILAL to GARALA RATILAL MULJIBHAI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1968 instead of my correct date of birth as 15/04/1957 Vide Affidavit dated 15/01/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NO-15492116N, Rank- DFR Name- AMARJEET KUMAR son of RAM PRAVESH CHOUDHARY residing at VPO-KHARAUNA, DISTT-MUZAFFARNAGAR, BIHAR-843113 have change my minor daughter's name from ANUSKHA KUMARI to ANUSHAKA KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 15/01/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, GARALA JAYABEN mother of NO-15779005W Rank- HAV Name- GARALA BHAVIL KUMAR RATILAL R/O VILL-NANADIYA, TEH-MANAVADAR, DISTT-JUNAGARH, GUJARAT-362625 have changed my name from GARALA JAYABEN to GARALA JYOTSANABEN RATILAL for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1970 instead of my correct date of birth as 02/09/1957 Vide Affidavit dated 15/01/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, MAMATA DEVI wife of NO-2896561X Rank-HAV Name-SHAUKIN SINGH presently residing at GRAM-VISHNUPUR, PO-SAIFAI, DISTT-ETAWAH, U.P-206130 have changed my name from MAMATA DEVI to MAMTA DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 15/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I HINA SHARIQ D/O TANVEER AHMAD W/O SHARIQ QAMAR R/O FLAT -2, BACKSIDE 4th FLOOR E61 AND E62/1, HAMMAD RESIDENCY, JOHARI FORM OKHLA VIHAR, JAMIA NAGAR, SOUTH DELHI-110025 declare that name of mine and my father has been wrongly written as HINA and MOHD TANVEER in my all educational documents and Passport No. N 0425131. The actual name of mine and my father are HINA SHARIQ and TANVEER AHMAD respectively which may be amended accordingly.

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, KSHMA DEVI wife of JC-522953L Rank-SUB Name-DALIP SINGH R/o VILL-TIBBI, PO-KATHGARH, TEH-INDORA, DIST-KANGRA, HIMACHAL PRADESH, in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 09/03/1988 instead of my correct date of birth as 23/03/1988 vide affidavit dated 15/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, MALTHI DEVI mother of No-16012508Y Rank- NK Name- RAM SHARAN SINGH TOMAR R/O VILL-NAGLA PAIJ, PO-NAGLA KHANGAR, TEH-SIRSAGANJ, DISTT-FIROZABAD, U.P-283142 have changed my name from MALTHI DEVI to MALTI DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 15/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, KEEL KHAN S/O ABDUL HAMEED residing at C-184/28 GALI NO-4 CHAUHAN BANGER SEELAMPUR DELHI ,110053 have Change my name to VAKEEL AHMAD for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SURENDER SINGH S/O HARDEEP SINGH R/O C-17 M.B.R ENCLAVE, POCHANPUR VILLAGE, DWARKA, DELHI-110075 have changed my name to SURENDER SINGH PARMAR for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, BASMATHI DEVI mother of 15319574M Rank- HAV Name-RAMANAND YADAV R/O VILL-BASAGAWAN, PO-AHIKAURA, TEH-SAKALDIHA, P.S-DHANAPUR, DISTT-CHANDAULI, U.P-232106 have changed my name from BASMATHI DEVI to BASMATI DEVI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1957 instead of my correct date of birth as 01/01/1947 Vide Affidavit dated 15/01/2024 before Notary Public Delhi.

**NOTICE**
General Public is hereby informed that Smt. Santosh Devi W/o sh. Rajesh Kumar is the GPA Holder of Plot no. 63, Out of Khasra no. 1583, Situated in the Village Rajapur Pargana Dasan Tehsil And Distt Ghaziabad U.P (area measuring 80 sq. yds) vide registered GPA dated 18.11.1996 executed by Sh. Vir Singh S/o Sh. K.S Yadav in favour of Smt. Santosh Devi W/o sh. Rajesh Kumar In respect to Said property Plot no. 63. Out of Khasra no. 1583 (area measuring 80 sq. yds) Initially, Sh. Ashok Kumar S/o Late Sh. Jay Prakash was the recorded owner of said property. who executed GPA dated 16.10.1995 in favour of Sh. Vir Singh S/o Sh. K.S Yadav who executed registered GPA dated 18.11.1996 in favour of Smt. Santosh Devi W/o sh. Rajesh Kumar, who intends to sell said property to Ms. Geeta Devi W/o Sh. Manoj Kumar Intended Borrower who will mortgage said property for his bonafide requirements with Centrum Housing Finance Limited Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 15/1/2024
PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**NOTICE**
Public at large is hereby informed that M/s Micro System (Partnership Firm) is the owner of Industrial Lease Hold Shed no. 141, Area measuring 111.50sq. mtrs, Situated in Block D- of Sector-VII Noida 201301 Distt Gautam Bidh Nagar U.P vide registered Transfer deed dated 21.11.2002 executed by Sh. D.K. Shamra S/o Sh. B.S Sharma in favour of M/s Micro System (a Partnership Firm) through its Partners (1) Sh. Ajay Verma S/o Sh. Rich Pal Singh (2) Sh. Subhash Chander Kilam S/o Sh. Prem Nath Kilam (admeasuring 111.50 sq. mtrs). Who Lost (1) Original Allotment Letter dated 28.06.1979 and Original Possession Letter executed by Noida in favour of M/s Prestige Cops Pvt. Ltd. through director Mr. Pushp Kumar Gupta (P.K Gupta ), (2) Original registered Lease Deed dated 22.01.1982 executed by Noida in favour of M/s Prestige Cops Pvt. Ltd. through director Mr. Pushp Kumar Gupta (P.K Gupta ) (vide doc no. 396, Mussanna No. 397), (3) Original Transfer Memorandum dated 29.11.1996 executed by Noida in favour of M/s Aditya International from to M/s Prestige Cops Pvt. Ltd, (4) Original Transfer Deed dated 10.12.1996 executed by M/s Prestige Cops Pvt. Ltd. through its Director Sh. P.K. Gupta S/o Late Sh. Ram Ratan Gupta in favour of M/s Aditya International through its Partner 1) Sh. Prakash S/o late Sh. Dr.L C Kajla (2) Mrs. Jyoti W/o Sh. Jasbir Singh (3) Mrs. Namrata Manocha W/o Sh. R.K. Manocha & Mr. R.K Manocha (area measuring 111.50 sq. mtrs)(vide doc no. 1353-1354) and (5) (Notary) SPA dated 22.03.2000 executed by (1) Sh. Prakash S/o late Sh. Dr. L C Kajla (2) Mrs. Jyoti W/o Sh. Jasbir Singh (3) Mrs. Namrata Manocha W/o Sh. R.K. Manocha in favor of Mr. R.K Manocha (area measuring 111.50 sq. mtrs) was lost on 09/12/2023 duly reported to police Station Phase-I, Sector 5, Noida, GB Nagar, If anyone found the same may return to undersigned and if the same is misused shall be at his/her own risk. That my client intends to mortgage the said immovable property for her bonafide requirements to HDFC BANK LTD. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 15/1/2024
PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**Lost & Found**
I, ASHOK KUMAR S/O late ATTAR CHAND SACHDEVA residing at 18A/14, WEA, KAROL BAGH, DELHI-110005 declare that I have lost my Original lease deed paper, and original certified registered Will of my father late Mr. ATTAR CHAND SACHDEVA WILL DOC NO- 360 VOLUME NO-142 PAGE NO-71 TO 74 on dated 19/01/1979, LEASE DEED VOLUME NO-510 PAGES NO-86 TO 90 on dated 23/10/1942. Both documents are missing in original property chain papers Contact No: - 9999737868

# साँस्कृतिक दिवस का हुआ आयोजनः - रेनू सिलग



**करनाल।** युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के स्वायत शासी संगठन नेहरू युवा केंद्र करनाल द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करनाल के परिसर में सांस्कृतिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत 12 से 19 जनवरी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने के अवसर मिलेंगे। माननीय प्रधान मंत्री जी का विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं की महत्ती भूमिका व निरंतर प्रयास से ही पूरा होगा।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें युवाओ के विकास एवं उत्थान के लिए भाषण रंगोली, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए गए जिला युवा अधिकारी रेनू रानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं।उनके विचार से युवा यदि जागरूक होकर देश के बारे में सोचे तो अवश्य ही हमारा देश विश्व गुरु बन सकता है।उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वह कम से कम एक सामाजिक कार्य हाथ में लेकर देश के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य, भाषण, गायन की प्रस्तुतियां युवाओं द्वारा दी गई। युवाओं पर सोशल मीडिया के दुष्परिणाम व आदर्श युवा के कर्तव्य पर नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अतंर्गत जिला युवा अधिकारी रेनू रानी के दिशा निर्देशानुसार आईटीआई करनाल में आरटीओ इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सैनी , रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर द्वारा 25 प्रशिक्षित युवाओं को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सुरेन्द्र सैनी, आरटीओ इंस्पेक्टर ने यातायात व कानूनी नियमों की जानकारी दी जो युवाओं के जीवन में बहुत काम आएगी7 साथ ही उन्होंने दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों पर नियमों की अवहेलना करने पर लगाए जाने वाले जुर्माने, इन्हें चलाने हेतु रखी जाने वाली सावधानियो के बारे में विस्तार से चर्चा एवं प्रश्नोत्तरी करी7 उन्होंने युवाओं से कहा कि संकल्प ले ले कि आप स्वयं हमेशा यातायात नियमों की पालना करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे रेनू रानी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवाओ को प्रभावशाली उद्बोधन देते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के प्रशिक्षित 25 युवाओं के सामने कार्यक्रम की विषयवस्तु रखी7 उन्होंने बताया कि आज सड़क सुरक्षा हेतु 25 युवाओ की टीम बनाई गई जो आईटीआई चौक करनाल व अन्य चौक चौराहों पर जाकर गांधीवादी तरीके से यातायात नियमों को मानने हेतु आम जनता को जागरूक करेंगे 7 इसके पश्चात युवाओं की टीम ने आईटीआई चौक पर जाकर लोगों को यातायात के नियम माने हेतु प्रोत्साहित किया 7इस कार्यक्रम मे 25 युवा उपस्थित थे 7 इसके साथ जिला युवा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के समापन पर पधारे हुए सभी यातायात अधिकारी एवं कर्मचारियों का एवं युवाओं का कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया

# जो पार्टी गुर्जर समाज की अनदेखी करेगी,समाज भी उस पार्टी की अनदेखी करने से पीछे नही हटेगा-पसीना

**पानीपत।** हरियाणा प्रदेश में गुर्जर समाज की सरेआम अनदेखी की जा रही है। पिछड़ा वर्ग (बीसी-बी) में जो पहले गुर्जर समाज को आरक्षण मिलता था उसमें भी हरियाणा सरकार ने कटौती करने का काम किया है। इतना ही नही बल्कि देश प्रदेश के अंदर आज तक भाजपा सरकार ने किसी भी गुर्जर समाज के व्यक्ति को किसी विश्वविद्यालय का कुलपति तक नही बनाया है, आईएएस व आईपीएस रैंक से रिटायर अधिकारी को सरकार कोई ना कोई जिम्मेदारी देती है,लेकिन हरियाणा सरकार में डीजीपी पद से रिटायर डा.केपी सिहं की भी सरेआम सरकार ने अनदेखी कर साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार गुर्जर समाज की अनदेखी कर रही है। उक्त बाते हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों पानीपत के डझा रोड स्थित गुर्जर भवन में दहाड़ते हुए कही। साथ ही जल्द से जल्द प्रदेशस्तरीय गुर्जर सम्मेलन करने की बात कही। रविवार को गुर्जर भवन में पूर्व जिला पार्षद व गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की अध्यक्षता में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक के संचालन के लिए जयपाल छौक्कर को प्रधान नियुक्त किया गया। मंच का संचालन मा.मुकेश बोस व पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र जलमाना ने किया। इस दौरान गुर्जर सभा के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों व विभिन्न पदाधिकारियों ने कहा कि गुर्जर समाज ने 90 प्रतिशत वोट भाजपा



को दिए,लेकिन देश के अंदर समाज का एक भी मुख्यमंत्री नही है। गुर्जर सभा प्रधान कर्ण सिंह ने कहा कि अगर हमें समाज हित में कार्य करने है तो एकता का परिचय देना होगा और सरकार को अपनी ताकत दिखाने के लिए प्रदेश स्तरीय गुर्जर सम्मेलन करना होगा,ताकि सरकार को गुर्जर समाज की ताकत का पता चल सकें। पसीना ने कहा कि जो पार्टी गुर्जर समाज की अनदेखी करेगी,समाज भी उस पार्टी की अनदेखी करने से पीछे नही हटेगा। प्रदेश स्तरीय गुर्जर महासम्मेलन पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों ने सहमति जताते हुए तन-मन-धन सहित हर प्रकार से सहयोग करने का आश्वासन दिया। पसीना ने कहा कि हमें अपने बच्चों की शिक्षा की और विशेष ध्यान देना चाहिए। शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो इसे पियेगा वो ही देश ही नही विश्व में दहाडेगा। पसीना ने कहा कि राजनीति से भी बड़ी समाज नीति है,जो समाज संगठित नही होता वो तरक्की नही कर सकता है,इसलिए गुर्जर समाज का संगठित होना जरूरी है। राजकुमार छौक्कर ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला प्रधानों को लेकर एक कमेटी बनाई जाए,जिसमें हर जिलें से एक व्यक्ति लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंदर वो ताकत है जो कि माननीय कोर्ट में भी नही है। समाज 307 व 370 जैसे फैसले आपसी भाईचारे से निपटाकर उक्त धाराएं खत्म कर सकता है,लेकिन माननीय न्यायालय के पास उक्त धारा को खत्म करने की ताकत नही है। इस मौके पर गुर्जर सभा पंचकुला प्रधान महाबीर छौक्कर,गुरुग्राम प्रधान रामगोपाल तंवर,सोनीपत प्रधान बलजीत सिहं भडाना,करनाल प्रधान श्यामलाल चैची, कैथल से सुरेश तंवर, कुरूक्षेत्र गुर्जर धर्मशाला ओमप्रकाश,हिसार से कृष्ण खटाना,पलवल से सतबीर पटेल, समालखा प्रधान जयसिहं,कैराना से मांगेराम, यमुनानगर से प्रेमपाल सिहं,पूर्व एसडीएम प्रेमसिहं कुरूक्षेत्र, पूर्व डीएफओ सूरजभान, डा.कृष्णदेव शास्त्री, अनुप, जगबीर पलवल, तेजपाल सोनीपत, सतीश बोस,पअम्बर रावल,पूर्व सरपंच कटारसिहं,सतपाल रावल,सुरेश तंवर आदि अनेक मौजूद थें।

### मृत्युभोज पर लगाई रोक

गुर्जर भवन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों व पदाधिकारियों ने मृत्यु भोज पर रोक लगाने पर सहमति जताई और जल्द ही उक्त मामले में एक बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया,ताकि समाज को जागरूक किया जा सकें। उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज सामाजिक बुराई है। इस पर रोक लगाना जरूरी है।

# श्रीराम लला के प्रतिष्ठापन से पहले करनाल में 18 को निकलेगी श्री राम की शोभायात्रा

**करनाल।** 500 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद भगवान श्री राम लला की 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम के उपलक्ष में करनाल में जिला समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम संयोजक नीरज गोयल ने बताया कि संपर्क के नजरिए से जिला करनाल की कुल जनसंख्या 16 लाख, कुल परिवार 4 लाख, पूर्ण परिवार 3.50 लाख, कुल बस्ती 56, पूर्ण बस्ती 50, कुल गांव 423, में से 372 गांव हो गए है व करनाल नगर की सभी बस्तिया पूर्ण हो गई है। इस बैठक में करनाल जिला से आए हुए विश्व हिंदू परिषद के व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के व समाजिक संस्थाओ के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के उपलक्ष में 18



जनवरी को भव्य शोभा यात्रा निकालना तय किया। इस बैठक में शोभा यात्रा प्रमुख पंकज भारती ने बताया कि यह यात्रा रेलवे रोड राम लीला मैदान से दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे कुंजपुरा रोड सनातन धर्म मंदिर में प्रसाद व भोजन वितरण के साथ विश्राम देगी। इस अवसर पर बैठक में आशीर्वचन के लिये स्वामी अनंताचार्य, साध्वी मुक्ता भारती ,राहुल गिरी महाराज व करनाल जिला संयोजक नीरज गोयल,कार्यक्रम प्रचार प्रमुख रणधीर राणा, विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष सतीश गुप्ता, जिला सह मंत्री सुभाष कुताना, विभाग सेवा प्रमुख नरेश गोयल, जिला कोषाध्यक्ष ऋषिपाल हैमदा, क्रीड़ा भारती उत्तर क्षेत्र प्रमुख दलपत कादियान, शोभा यात्रा सह प्रमुख राजेश लम्बा,विनीत खेड़ा,गौरव चौधरी व जिला भर से आये हुए विश्व हिन्दू परिषद के कर्मठ कार्यकर्त्ता हरिओम , प्रदीप , परवीन , विकास , महिपाल ,योगेश , मनोज , जिला संगठन मंत्री कुलदीप, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से कुरुक्षेत्र विभाग संघ चालक सुधीर कुमार ,विभाग संपर्क प्रमुख कपिल अत्रेजा , जिला प्रचारक प्रदीप कुमार, नगर कार्यवाह भारत, जिला संघचालक भरत ठाकुर, सह संघ चालक महिपाल गोंदर, आदि स्वयंसेवक कार्यकर्त्ता मोजूद रहे।

# नशे के खिलाफ जेजेपी की खेल की मुहिम सराहनीय-गौतम गंभीर

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से शुरू की गई देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट की भारतीय पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सराहना की है। गौतम गंभीर रविवार को सिरसा जिले के गांव चौटाला में चल रही इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीण खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए पहुंचे थे। गांव चौटाला पहुंचने पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राज्य मंत्री अनूप धानक, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने गौतम गंभीर का स्वागत किया। भारतीय पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने दिग्विजय चौटाला द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए करवाई जा रही इस खेल प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता की सफलता का पैमाना इसी बात से लगाया जा सकता है कि देहात क्षेत्र की 200 से ज्यादा टीमों ने इस प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन किया। गौतम गंभीर ने खासकर युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से करवाई गई इस प्रतियोगिता के संदेश को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। गौतम गंभीर ने यह भी कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल के दिल में हरियाणा बसता था और चौ. देवीलाल की तरह ही दिग्विजय चौटाला के दिल में भी हरियाणा बसता हैं। इस दौरान जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा को तराशने के उद्देश्य से ही जेजेपी ने ग्रामीण युवाओं के लिए ये बड़ा मंच प्रदान किया है। राज्य मंत्री अनूप धानक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े



खिलाड़ियों के यहां पहुंचने से ग्रामीण युवाओं का खेल के प्रति और लगाव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस बड़ी प्रतियोगिता से जहां ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर मिला है, वहीं बड़े पुरस्कारों से उनका मनोबल भी बढ़ेगा। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पहुंचे क्रिकेटर गौतम गंभीर का आभार व्यक्त और कहा कि उनके इस प्रतियोगिता में पहुंचने से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है।

# गुरुद्वारों में भी भगवान श्री राम मंदिर का प्रतिष्ठापन उत्सव मनेगा

**करनाल।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्रतिष्ठापन अवसर पर 22 जनवरी को करनाल के मंदिरों में ही नहीं गुरुद्वारों में भी उत्सव मनाया जाएगा। आज डेरा कार सेवा में जिलें के सिख समुदाय को श्री अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्रतिष्ठापन का न्यौता देने के लिए विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अधिक री डेरा कारसेवा में पहुंचे। यहां पर प्रतिनिधियों ने डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ देश के जाने माने पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह तथा गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों कों दिया। जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस अवसर प बाबा सुक्खा सिंह ने कहा कि वह सभी के साथ 22 जनवरीको श्री राम का उत्सव मनाएगे। इस अवसर पर विभाग संघ चालक श्री सुधीर जी,सह जिला संघ चालक महिपाल जी, विहिप के जिला संयोजक नीरज गोयल, विभाग संपर्क प्रमुख कपिल अत्रेजा, जिला सह मंत्री सभाष जी, तिजलासंगठन मंत्री कुलदीप जी, विनीत खेड़ा जी, मनमीत बाब जी, सुनील मदान ने



सिख समुदाय के प्रतिनिधियों को श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा उत्सव का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विभाग संघ संचालक सुधीर जी ने कहा कि 500 सालों के लंबे इंतजार के बाद यह शुभ अवसर आया हैं। 22 जनवरी को समूचा देश मिल कर इसे मना रहा हैं। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय हिंदू समाज का अभिन्न अंग हैं। भगवान राम सभी के अराध्य हैं। इस अवसर पर गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सियंह महासचिव इंद्रपाल सिंह गुलाब सिंह मूनक ,पंजाबी नेता राजेंद्र अरोड़ा पप्पी ने भी आश्वासन दिया कि सभी मिल कर कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। गुरुद्वारों में सजाबट की जाएगी। तथा कार्यक्रम के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। आज गुरुद्वारा में संक्रांति उत्सव भी मनाया गया।

# सदर बाजार में अतिक्रमण करने वालों को दिए गए नोटिस



**गुड़गांव ।** नगर निगम गुरूग्राम द्वारा शहर के प्राचीनतम एवं व्यस्तम सदर बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कुछ दुकानदारों द्वारा बार-बार चेतावनी के बावजूद भी अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके चलते शुक्रवार को निगम ने 62 दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने बारे नोटिस जारी किए। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा जारी नोटिस के माध्यम से दुकानदारों से कहा गया है कि दुकान या प्रतिष्ठान के आगे रास्ते पर अवैध अतिक्रमण किए जाने के कारण बाजार तंग हो जाता है, जिससे यहां आने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अतिक्रमण को हटाने बारे बार-बार चेतावनी दी जाती रही है। दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि वे अपनी दुकान या प्रतिष्ठान के आगे रास्ते पर अतिक्रमण को स्वयं हटा लें। इसके बाद अगर अतिक्रमण पाया जाता है, तो दुकान को सील कर दिया जाएगा तथा नियमानुसार पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी, जिसके लिए उक्त दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होगा। नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार के अनुसार गुरूग्राम का सदर बाजार प्राचीनतम एवं व्यस्तम बाजार है। यहां पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोग खरीददारी के लिए आते हैं। इसके साथ ही विभिन्न दुकानों के मालिक तथा वहां पर काम करने वाले कर्मचारी भी बाजार में काफी संख्या में मौजूद रहते हैं। बाजार में अतिक्रमण के कारण रास्ते तंग हो जाते हैं, जिससे आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, सुरक्षा की दृष्टि से भी अतिक्रमण घातक है। पूर्व में बाजार में हुई आगजनी की घटनाओं के दौरान यह पाया गया है कि राहत व बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचने में अतिक्रमण के कारण काफी बाधा उत्पन्न हुई है। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा समय-समय पर बाजार के दुकानदारों से जनहित को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण नहीं करने की अपील की गई है ।

# कुष्ठ आश्रम में विभाग ने बांटे विकलांगता से बचाव के लिए सामान

**करनाल।** जिला कुष्ठ रोग विभाग की ओर से इंदिरा चक्रवर्ती ग्राम कुष्ठ आश्रम में निवास कर रहे 53 कुष्ठ प्रभावित लोगों को पी ओ डी मटेरियल का वितरण किया गया ताकि उन्हें अधिक विकलांगता से बचाया जा सके और कुष्ठ रोग के कारण उत्पन्न उनकी शारीरिक समस्या से निजात दिलाई जा सके। डिप्टी सिविल सर्जन (लेप्रोसी) डॉक्टर सिम्मी कपूर ने बताया कि वर्तमान में इंदिरा चक्रवर्ती ग्राम कुष्ठ आश्रम में कुल 53 कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति निवास कर रहे हैं। बहुत पहले इन्हें कुष्ठ रोग हुआ था, जागरूकता की कमी व देर से इलाज होने के कारण उनमें विकलांगता आ गई। उपरोक्त कुष्ठ प्रभावितों में कुष्ठ रोग के कीटाणु नहीं है। वह पूर्णतः कुष्ठ मुक्त हैं। परंतु रोग के कारण जो उनके हाथ पैर सुन्न हो गए थे, उनमें अक्सर चोट लगने के कारण या खुश्की के कारण घाव बन जाते हैं तथा हाथ पैरों की नसों में दर्द बना रहता है। उपरोक्त शारीरिक परेशानियां से मुक्त करने में तथा विकलांगता को बढ़ाने से रोका जा सके इस उद्देश्यपूर्ति के लिए जिला कुष्ठ रोग विभाग प्रत्येक वर्ष कुष्ठ आश्रम में रह रहे उपरोक्त कुष्ठ प्रभावितों व जिला कुष्ठ रोग केंद्र से इलाज



ले रहे कुष्ठ रोगियों को नारियल तेल, प्लास्टिक कवर्ड स्टील कप, बैसाखियां, स्टिक्स, रबड़ के दस्ताने, एमसीआर फुटवियर, जुराबें चश्मे तथा सेल्फ केयर किट आदि सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध करवाता है। पीएमडब्ल्यू वंदना आर्य ने कुष्ठ रोग के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर पर लाल पीले या तांबई दाग जिनमें सुन्नपन होता है, दाग धब्बे जन्म से नहीं होते तथा इनमें दर्द, ठंडे या गरम का एहसास नहीं होता और ना ही इनमें खुजली होती है, हाथ पैर या गर्दन की नसों का रस्सी की तरह से मोटा होना, उन में झनझनाहट या दर्द तथा हथेलियों या पैर के तलवों में सुन्नपन, दर्द रहित घाव जो जल्द सही नहीं हो रहे हो, शरीर पर अथवा कान के ऊपर गाठे, हाथ पैरों का लटक जाना अथवा उंगलियों का मुड़ना, चेहरे का जरूरत से ज्यादा चमकीला होना त्वचा का मोटा होना , आइब्रो का खत्म हो जाना आदि लक्षण कुष्ठ रोग के हो सकते हैं। कुष्ठ एक सामान्य त्वचा रोग है और छूत की बीमारी नहीं है। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर इसका इलाज मुफ्त है। प्रारंभिक लक्षण आने पर ही यदि रोगी जांच करवा कर अपना उपचार प्रारंभ कर लेता है तो विकलांगता से बच जाता है। जिले के सरकारी अस्पताल में ओपीडी कमरा नंबर 23 में त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा उपरोक्त लक्षणों की जांच करवाई जा सकती है।

# सूर्य मंदिर मे मकर सक्रांति पर किया हवन यज्ञ

**करनाल।** मकर सक्रांति के अवसर पर सूर्य मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से शाम तक पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। इससे पहले मंडल की मीटिंग हुई, जिसमें समिति को मजबूत करने तथा सदस्यता अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने अपने सुझाव रखें, जिनमें से कई सुझावों को मौके पर मंडल की ओर से स्वीकार किया गया। आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत की। सर्वमनोकामना सिद्धि हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में संजीव कुमार परिवार सहित शामिल हुए। मेयर ने सभी को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए भगवान सूर्य देव से सबके मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर प्रधान सुरेश यादव ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान, व्रत, कथा, दान और भगवान सूर्यदेव की उपासना करने का विशेष महत्व है। मकर सक्रांति के दिन किए गए दान से 100 गुणा बढकर पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से सभी पर्व मनाए जाते हैं। सूर्य देव की कृपा सब पर बरस रही है। इस अवसर पर अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, शत्रुघन राय, रामबहादुर मेहतो, राम दयाल, राम सागर, मुंशी राय, भोला राय, दिलीप कुमार, सिकंदर, नगेंद्र, मोहन, नंद किशोर, बोध नारायण, रामसकल, अशोक कुमार, राम प्रवेश, अरविंद यादव, राम सोगारथ, वशिष्ठ पंडित, दीपक पंडित, दिवाकर प्रसाद, राम नारायण, रोहित कुमार, कोरी पासवान, भूषण यादव, जितेंद्र व रामज्ञान आदि मौजूद रहे।

# मंदिरों की स्वच्छता हेतु प्रधानमंत्री के आह्वान पर चेयरमैन सुभाष बराला ने चलाया सफाई अभियान



**चण्डीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तीर्थ स्थलों के प्रांगण में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने अपने पैतृक गाँव डांगरा में बाबा फुलगिरी जी महाराज के डेरे, हनुमान मंदिर, खेड़ा और माता रानी सहित सभी धार्मिक स्थलों पर सफाई की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का साफ-सफाई किया एवं लोगों को इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए जागरूक भी किया। सुभाष बराला ने कहा कि रामलला के आगमन पर प्रधानमंत्री के आह्वान पर मकर संक्रांति यानि 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के सभी तीर्थ स्थलों में स्वच्छता रखने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा दिन को ऐतिहासिक बनाते हुए अपने आसपास के मंदिर, मठ, सहित अभी धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाएं। सुभाष बराला ने कहा कि श्री अयोध्या धाम में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह हम देशवासियों के लिए बड़े गर्व और खुशी के क्षण है।

# प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर करनाल के मंदिरों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नीलोखेड़ी/करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज देश भर के मंदिरों और तीर्थो पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज करनाल के नीलोखेड़ी हल्के में स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने इस अवसर पर नागरिकों के साथ मिलकर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इससे पूर्व उन्होंने मंदिर में शीश नवा कर संत गुरु रविदास जी का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि सभी लोग 22 जनवरी तक अपने आसपास के मंदिरों और तीर्थ स्थान पर जाकर साफ सफाई करें। उन्होंने कहा की प्रभु राम सभी के हैं। भगवान राम जब आ रहे हैं तो हमारा एक भी मंदिर, एक भी तीर्थ क्षेत्र गंदा नहीं होना चाहिए।

मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त



होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 22 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। इसके निमित्त नीलोखेड़ी विधानसभा के मंदिरों में स्वच्छता अभियान को प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं, उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों ने कहा कि 22 जनवरी का दिन समस्त देशवासियों के लिये सौभाग्य का दिन है। इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे विश्व में यह दिन दीपोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशभर में दीपोत्सव समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । हर घर, हर मंदिर, हर प्रतिष्ठान में दीपक जलाने के साथ ही प्रभात फेरियां निकाली जायेगी एवं भजन-कीर्तन समेत विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे।

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SANJEET S/o MAHAVEER, R/o H.No. 169, Phoji Pada, Vill. Salabad, Teh. Bayana, Distt. Bharatpur, Rajasthan-321401, declare that name of mine and my father have been wrongly written as SANJEET GURJAR and MAHAVIR SINGH in my Aadhaar Card No. 454750149494. Further, name of my father wrongly written as MAHAVIR SINGH in my Birth Registration Certificate No. 2976/2000. The actual name of mine and my father are SANJEET and

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी त्योहारी पेशकश को 31 मार्च तक बढ़ाया

**नई दिल्ली** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी त्योहारी पेशकश को तीन महीने और 31 मार्च, 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले ये पेशकश 31 दिसंबर, 2023 तक जारी थी। बैंक के मुताबिक त्योहारी पेशकश को तीन महीने और 31 मार्च,




2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे पहले सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की यह पेशकश 31 दिसंबर, 2023 तक जारी थी। बैंक के महाप्रबंधक (खुदरा संपत्ति) विवेक कुमार ने कहा कि बैंक इस अवधि में अपने ग्राहकों के लिए कम ब्याज दर, 'प्रोसेसिंग' शुल्क में छूट और अन्य सुविधाएं दे रहा है। विवेक कुमार ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सेंट गृह लक्ष्मी योजना और सेंट बिजनेस स्कीम पूरे उद्योग में सबसे कम ब्याज दर की पेशकश कर रही है, जो 8.35 फीसदी से शुरू होती है।

## बीते साल 21 प्रतिशत घटा देश से वाहनों का निर्यातः सियाम

**नई दिल्ली।** देश से वाहन निर्यात में बीते साल (2023 में) 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने यह जानकारी दी। सियाम ने कहा है कि कई विदेशी बाजार मौद्रिक और भूराजनीतिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे वाहन निर्यात में गिरावट आई है। पिछले साल कुल वाहन निर्यात 42,85,809 इकाई रहा, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 52,04,966 इकाई था। हालांकि, 2023 में यात्री वाहनों का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 6,77,956 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,44,842 इकाई थी। वहीं वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में इस दौरान गिरावट आई है। दोपहिया वाहनों का निर्यात पिछले साल 20 प्रतिशत घटकर 32,43,673 इकाई रह गया, जो 2022 में 40,53,254 इकाई था। इसी तरह वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 88,305 इकाई से घटकर 68,473 इकाई रह गया। तिपहिया वाहनों का निर्यात पिछले साल 4,17,178 इकाई से 30 प्रतिशत घटकर 2,91,919 इकाई रह गया। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि 2023 में यात्री वाहन निर्यात को नए वाहनों की पेशकश और दक्षिण अफ्रीका और खाड़ी क्षेत्र जैसे बाजारों की दबी मांग से समर्थन मिला था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर में मारुति सुजुकी इंडिया ने सबसे अधिक 2,02,786 वाहनों का निर्यात किया। यह एक साल पहले की समान अवधि के 1,92,071 इकाई के आंकड़े से छह प्रतिशत अधिक है। हुंडई मोटर इंडिया ने इस दौरान 1,29,755 इकाइयों का निर्यात किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,19,099 इकाई का था। इस अवधि में किआ इंडिया ने 47,792 इकाइयों का निर्यात किया।

## विस्तारा सीईओ का बयान, बोले- हवाई किराये अनुकूल स्तर पर आएंगे, लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस कमाई

**नई दिल्ली।** विस्तारा के प्रमुख विनोद कन्नन ने कहा है कि हवाई किराया काफी हद तक आपूर्ति और मांग पर निर्भर करता है। पूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कन्नन ने उम्मीद जताई कि विमान टिकट के दाम ऐसे अनुकूल स्तर पर आ जाएंगे, जहां लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस कमाई करेंगी। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम विस्तारा अभी प्रतिदिन लगभग 320 उड़ानों का परिचालन करती है। हवाई टिकटों की कीमतें अधिक होने की कुछ हलकों की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब टिकट के दाम बढ़ते हैं, तो लोग शिकायत करते हैं, लेकिन जब दाम घटते हैं, तो कोई इसकी सराहना नहीं करता। साल में कई बार किसी विशेष सीजन में दाम चढ़ते हैं। 2023 में हमारा किराया तो 2022 से भी कम था। यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ उपाय किए गए हैं कि हवाई किराया अतार्किक नहीं हो। खासकर प्राकृतिक आपदा या कुछ विशेष घटना होने पर। विस्तारा सीईओ ने आगे कहा- ऐसी स्थितियों में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह कीमत बढ़ाने का अवसर नहीं है। यदि आप सालाना आधार पर देखें, तो पिछले 20 साल के दौरान दिल्ली से मुंबई के किराये में बदलाव नहीं आया है। यदि आप एक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए औसत किराये को देखें 2000 के दशक की शुरुआत में और आज में बहुत अंतर नहीं पाएंगे।

# कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड




0.29 डॉलर यानी 0.37 फीसदी की बढ़त के साथ 78.59 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.18 डॉलर यानी 0.25 फीसदी उछलकर 72.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# आगामी जून तक अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप तैयार हो जाएगा कुशीनगर एयरपोर्ट

**कुशीनगर।** जून 2024 तक कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप तैयार हो जाएगा। तब निर्बाध घरेलू एवं विदेशी उड़ान सेवा शुरू होने में कोई तकनीकी या व्यावहारिक बाधा नहीं रह जाएगी। दरअसल, नेवीगेशनल सिस्टम बनाने वाली रूसी कंपनी ने इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) के उपकरण भारत के लिए रवाना कर दिए हैं, जो इसी महीने कुशीनगर आ आएगा। फरवरी में इलेक्ट्रिकल वर्क शुरू होगा। जून में आईएलएस के आपरेशनल हो जाने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ एयरपोर्ट पर डाप्लर वेरी ओमनी रेंज (डीबीओआर) इंस्टालेशन का कार्य चल रहा है, जो एक मार्च से आपरेशनल हो जाएगा। इन दोनों सिस्टम के आपरेशनल हो जाने के बाद देश-विदेश के विमान निर्बाध रूप से किसी भी मौसम में लैंड और टेक आफ कर सकेंगे। एयरपोर्ट के आईएलएस और डीबीओआर की स्थापना के लिए 5.75 करोड़ की निविदा जारी की थी। अप्रैल के प्रथम



सप्ताह में निविदा खोली गई। चयनित कंपनी को कार्य पूर्ण करने के लिए चार माह का समय दिया गया है, लेकिन निर्यात में अंतरराष्ट्रीय औपचारिकता में समय लगा। सिस्टम के आपरेशनल होने के बाद विमान प्रतिकूल मौसम में भी स्वचालित मोड में रन-वे पर लैंड व टेक आफ कर सकेंगे। प्रभारी निदेशक नरेंद्र रे ने बताया कि जून से कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप हो जाएगा। उस स्थिति में देशी-विदेशी विमानन कंपनियां यहां से उड़ान सेवा शुरू करने के लिए आकर्षित होंगी। आईएलएस उपकरण और डीबीओआर का इंस्टालेशन ही अंतिम बाधा है। गत वर्ष मार्च में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरपोर्ट पर

# 'साल 2020 से अमीरों की दौलत हुई दोगुनी, पांच अरब लोग हुए गरीब', सरकारों पर लगा ये आरोप

**मुंबई/नई दिल्ली।** चैरिटी ऑक्सफैम ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें दावा किया गया है कि दुनिया के सबसे पांच अमीर लोगों की दौलत साल 2020 के बाद से अब तक बढ़कर दोगुनी हो गई है। यह रिपोर्ट वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की दावोस में हुई बैठक के दौरान जारी हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के शीर्ष पांच अमीरों की कुल संपत्ति साल 2020 के बाद से अब तक 405 अरब डॉलर से बढ़कर 869 अरब डॉलर हो गई है। इन सबसे रईस लोगों की संपत्ति हर घंटे औसतन एक करोड़ 40 लाख डॉलर की दर से बढ़ी है। ऑक्सफैम का कहना है कि वहीं 2020 के बाद से अब तक पांच अरब लोग गरीब हुए हैं। हर अरबपति की संपत्ति औसतन 3.3 अरब डॉलर बढ़ी शीर्षक से सोमवार को जारी की गई। बताया



गया है कि अमीरों की संपत्ति साल 2020 के बाद से औसतन 3.3 अरब डॉलर तक बढ़ी है। गौर करने वाली बात ये है कि यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था के हालात अच्छे नहीं हैं। साथ ही कोरोना महामारी से भी दुनिया प्रभावित रही। रिपोर्ट में दुनियाभर में बढ़ रही आर्थिक असमानता को लेकर चिंता जताई गई है। जिन अमीरों की संपत्ति तेजी से बढ़ी है, उनमें एलवीएमएच के चीफ बर्नार्ड अर्नोल्ट, अमेजन के चीफ जेफ बेजोस, निवेशक वारेन बफे, ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का नाम शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले 229 सालों तक गरीबी को इस दुनिया से नहीं मिटाया जा सकेगा।

**बंटवारे के दशक की शुरुआत**

ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमिताभ बेहर ने बताया कि हम बंटवारे के दशक की शुरुआत देख रहे हैं। अरबों लोग महामारी, आर्थिक बदहाली, महंगाई और युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं। वहीं अरबपतियों की संपत्ति में उछाल आ रहा है। यह असमानता अचानक से नहीं आई है। अरबपति लोग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मौजूदा व्यवस्था अन्य सभी की कीमत पर उन्हें ज्यादा फायदा पहुंचाए।

## घने कोहरे के चलते 'इंडिगो' की कई उड़ानें रद्द; गो फर्स्ट के अधिग्रहण को लेकर बोलियां 31 जनवरी को

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड अपने चरम पर है। पिछले कुछ दिनों से हो रहे घने कोहरे के चलते हवाई उड़ाने भी प्रभावित हो रहे है। 'इंडिगो' ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि घने कोहरे के चलते 14 जनवरी को इंडिगो की कई उड़ान प्रभावित हुई। कोहरे के चलते हवाई जहाज परिचालन पर व्यापक असर पड़ा। विज्ञप्ति में कहा गया कि हमारे स्टाफ ने यात्रियों को एयरपोर्ट पर देरी और फ्लाइट कैंसिल के बारे में जानकारी दी। इंडिगो ने कहा यात्रियों की असुविधा के लिए बेहद खेद है। गो फर्स्ट एयरलाइन के अधिग्रहण के लिए ऋणदाताओं ने वित्तीय बोलियों की समय सीमा 31 जनवरी तय की गई है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने मई में दिवालियापन संरक्षण के लिए आवेदन किया था। हाल ही में नए निवेशकों को ऋणदाता रिझाने में असफल रहे, जिसके बाद एयरलाइन को खत्म पर विचार किया जा रहा है। एक बैंकर ने कहा कि बैंकों ने समाधान प्रक्रिया को एक बार फिर से आगे बढ़ाने का फैसला किया है। जिन्होंने पहले रुचि दिखाई थी, उन दावेदारों को एक ठोस बोली लगाने का मौका दिया गया है। दूसरे बैंकर ने कहा कि ऋणदाताओं की समिति संभावित निवेशकों के आग्रह पर महीने के अंत की समय सीमा बढ़ाने पर भी विचार कर सकती है।




# निवेश दस्तावेज जमा नहीं किया तो कट जाएगा वेतन, 31 मार्च से पहले जमा कराने होते हैं संबंधित कागजात

**नई दिल्ली।** अगर आप नौकरीपेशा हैं व आपका वेतन कर के दायरे में आता है तो निवेश संबंधी दस्तावेज 31 मार्च, 2024 से पहले कंपनियों के पास जमा कर दें। दस्तावेज नहीं देने पर आपको ज्यादा टीडीएस का भुगतान करना पड़ेगा। इसका असर आपके हाथ में आने वाले वेतन पर पड़ेगा। अगर तय अवधि से पहले अपने कर स्लैब के मुताबिक किसी भी तरह का निवेश करते हैं तो आप इसकी जानकारी बाद में आईटीआर दाखिल करते समय देकर रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

किराये की रसीदः किराया सालाना एक लाख रुपये से ज्यादा होने पर मासिक किराया रसीद। इसमें मकान मालिक के नाम के साथ पैन कार्ड जरूरी। किराये के नकद भुगतान पर रेंट रसीद, जिस पर राजस्व टिकटें होनी चाहिए। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), पब्लिक प्रोविडेंट फंड, टैक्स सेविंग म्यूचुअल फंड, ईएलएसएस, बच्चों की ट्यूशन फीस, सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश से जुड़े दस्तावेज।

**होम लोनः** अगर आपने संपत्ति के लिए कोई होम लोन लिया है और बैंक को हर साल मूलधन का भुगतान करते हैं तो इस पर आयकर नियमों के तहत 1.50 लाख रुपये तक की छूट मिलती है। इसे पाने के लिए आपको जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। कुछ मामलों में बिल्डर से प्राप्त प्रमाणपत्र भी देना पड़ता है।

**इन तरीकों से भी बचा सकते हैं गाढ़ी कमाई**

80डीः इसके तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स बचा सकते हैं। अगर खुद के लिए, जीवनसाथी या बच्चों के लिए प्रीमियम भरते हैं तो 25,000 रुपये तक कर बचा सकते हैं। 60 साल से ज्यादा उम्र के माता-पिता के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम देते हैं तो 50,000 रुपये तक छूट पा सकते हैं। अगर करदाता व माता-पिता दोनों वरिष्ठ नागरिक हैं तो एक वित्त वर्ष में एक लाख रुपये तक छूट का दावा।

**80सीसीडी (1बी):** एनपीएस टियर-1 खाते में निवेश पर 50,000 रुपये तक की छूट। यह 80सी से अलग है। इस तरह, आप दो लाख रुपये तक की राशि पर छूट पा सकते हैं यानी 80सी के तहत 1.5 लाख व 80सीसीडी 1(बी) के तहत 50,000 रुपये।

आयकर कानून की धारा 80 यू, 80ईई, 80टीटीए, 80टीटीबी और 80ई के तहत भी आयकर रिटर्न भरते समय आप छूट का दावा कर सकते हैं।

**तो रिटर्न दाखिल करने में आसानी**

स्वीटी मनोज जैन, निवेश सलाहकार का कहना है कि कंपनियां प्रस्तावित निवेश से जुड़े दस्तावेज मांगती हैं और उसी आधार पर हर माह टैक्स काटती हैं। वित्त वर्ष के अंत तक अगर प्रस्तावित रकम से कम निवेश करते हैं तो जनवरी, फरवरी व मार्च में उसके हिसाब से आपके वेतन से ज्यादा टीडीएस काटा जाता है। कंपनी को निवेश की सही जानकारी देने पर रिटर्न भरना भी आसाना होता है।

## शुरुआती कारोबार में रुपये ने हासिल की 18 पैसे की बढ़त, 82.77 प्रति पर पहुंचा अमेरिकी डॉलर

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 18 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.77 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.82 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 82.77 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की बढ़त है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 102.35 कारोबार कर रहा है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 78.54 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 340.05 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।



# खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 फीसदी पर

**नई दिल्ली** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका देने वाली खबर है। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने नवंबर में यह 5.5 फीसदी रही थी जबकि अक्टूबर में 4.87 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर 5.69 फीसदी रही है। इससे पिछले महीने नवंबर में यह 5.5 फीसदी रही थी जबकि अक्टूबर में 4.87 फीसदी थी।



एक साल पहले दिसंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर 5.72 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक दिसंबर में खुदरा महंगाई दर बढ़ने की वजह खाद्य वस्तुओं की कीमत का उच्चतम स्तर पर होना है। आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर महीने में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 9.53 फीसदी हो गई। इससे पिछले महीने यह 8.7 फीसदी और एक साल पहले इसी अवधि में 4.9 फीसदी थी।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने खुदरा महंगाई दर दो फीसदी से लेकर 6 फीसदी की रेंज तय की है। दिसंबर महीने में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए महंगाई दर का लक्ष्य 5.4 फीसदी तय किया है।

# Bharat ब्रॉन्ड चना दाल को खूब पसंद कर रहे ग्राहक, चार महीने में ही बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि भारत-ब्रांडेड 'चना दाल' एक चौथाई बाजार हिस्सेदारी के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 में लॉन्च की गई भारत-ब्रांडेड चना दाल को बढ़त हासिल है क्योंकि इसकी कीमत दूसरे ब्रांडों के लगभग 80 रुपए प्रति किलोग्राम की तुलना में 60 रुपए प्रति किलोग्राम कम है। 'भारत' ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री की जाने वाली सरकार द्वारा खरीदी गई चना दाल को लेकर प्रतिक्रिया अच्छी रही। देश में घरेलू उपभोक्ताओं के बीच चना दाल (सभी ब्रांड शामिल) की मासिक खपत 8 लाख टन है,




इसका एक-चौथाई हिस्सा 'भारत' ब्रांड चना दाल है। लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल अक्टूबर 2023 से अब तक बेची जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मासिक औसत बिक्री लगभग 45,000 टन थी।

**बिक्री 100 खुदरा केंद्रों से हुई शुरू**

शुरुआत में, बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के माध्यम से शुरू हुई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों को कवर करते हुए 13,000 तक पहुंच गई है। इसमें मोबाइल और फिक्स्ड खुदरा बिक्री केंद्र दोनों शामिल हैं। दालों की कीमतें एक टोकरी की तरह व्यवहार करती हैं। चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का इस्तेमाल करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है।


**दालों का बफर स्टॉक बनाए रख रही है सरकार**

सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चना सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाए रख रही है। यह पहली बार है, सरकार नेफेड, एनसीसीएफ, केंद्रीय भंडार और पांच राज्य सहकारी समितियों के माध्यम से भारत ब्रांड के तहत चना दाल की खुदरा बिक्री कर रही है। सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से 47 रुपए की रियायती दर पर कच्चा चना दिया जा रहा है। 83 रुपए प्रति किलोग्राम, इस शर्त के साथ कि उन्हें खुदरा मूल्य 60 रुपए प्रति किलोग्राम से कम नहीं होना चाहिए।

# एफपीआई ने जनवरी में अबतक शेयरों में लगाए 3,900 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सतर्क रुख अपनाया है और जनवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में करीब 3,900 करोड़ रुपये लगाए हैं। इससे पहले पूरे दिसंबर महीने में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 66,134 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं नवंबर में एफपीआई ने शेयरों में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (12 जनवरी तक) भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 3,864 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इनवेस्टमेंट एडवाइजर इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा- निवेशकों ने




**उन्होंने कहा कि लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव की वजह से भी एफपीआई निवेश निर्णय लेते समय सतर्कता बरत रहे हैं।**

निवेश का मौजूदा रुख मुनाफावसूली की वजह से है, क्योंकि भारतीय शेयर बाजार इस समय अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर है। इसके अलावा ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता की वजह से भी एफपीआई किनारे पर हैं और वे निवेश का कोई निर्णय लेने से पहले किसी संकेतक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव की वजह से भी एफपीआई निवेश निर्णय लेते समय सतर्कता बरत रहे हैं। इस बीच आंकड़ों से पता चलता है कि ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर एफपीआई का आकर्षण बना हुआ है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई बॉन्ड बाजार में 7,912 करोड़ रुपये का निवेश किया। इससे पहले एफपीआई ने दिसंबर में बॉन्ड बाजार में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।

# रोज साइकिल चलाना हो सकता है दिल के लिए फायदेमंद, जानें क्या हैं इसके अन्य फायदे



**फिट रहने के लिए हमारा फिजिकली एक्टिव रहना बहुत जरूरी होता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने रोज के रूटीन में कोई ऐसी एक्टिविटी जरूर शामिल करें जिससे हम एक्टिव रह सकें। साइकिलिंग एक ऐसी ही एक्टिविटी है जो हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। जानें रोज थोड़ी देर साइकिलिंग करने से क्या लाभ हो सकते हैं।**

हमारी लाइफस्टाइल में फिजिकल एक्टिविटी की कमी की वजह से हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके पीछे कई वजहें हो सकती हैं, जैसे वायु प्रदूषण, सर्दी और अधिक काम की वजह से हमारी लाइफस्टाइल सेडेंटरी हो गई है। इसलिए अपने रूटीन में किसी न किसी फिजिकल एक्टिविटी को शामिल करना जरूरी है। नियमित रूप से फिजिकल एक्टिविटी करना हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे कई बीमारियों से बचाव करने में भी मदद मिलती है। इसके लिए जरूरी नहीं है कि आप रोज जिम जाकर ही एक्सरसाइज करेंगे, तो वह फिजिकल एक्टिविटी कहलाएगी, बल्कि कई ऐसे काम हैं, जो आपको फिट रखने में मददगार हो सकते हैं। इसमें साइकिलिंग काफी लाभदायक हो सकती है। रोज साइकिलिंग करने से आपको सेहत से जुड़े कई फायदे हो सकते हैं। आइए जानते हैं, रोज थोड़ी देर साइकिल चलाने से हमारी सेहत को क्या लाभ मिल सकते हैं।

**मेंटल हेल्थ बेहतर रहती है**

रोज थोड़ी देर साइकिलिंग करने से आपकी मेंटल हेल्थ दुरुस्त बन सकती है। साइकिल चलाने से माइंड रिलैक्स होता है और स्ट्रेस, एंग्जायटी जैसी परेशानियां कम होती हैं। दरअसल, साइकिलिंग एक तरह की एक्सरसाइज होती है, जिस वजह से दिमाग हैप्पी हार्मोन्स रिलीज करता है। इससे आपका तनाव कम होता है और आपका मूड भी बेहतर होता है।

**वजन कम करने में मददगार**

सेडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण वजन बढ़ने की समस्या काफी आम है, लेकिन इस वजह से कई बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे मोटापा, डायबिटीज आदि। इसमें साइकिलिंग करना काफी लाभदायक हो सकता है। साइकिल चलाते वक्त हमारी बॉडी की कैलोरी बर्न होती है, जिस वजह से शरीर में एक्स्ट्रा फैट स्टोर नहीं होता और वजन बढ़ने की समस्या कम होती है। इसलिए हेल्दी वजन मेंटेन करने में साइकिलिंग काफी मददगार साबित हो सकती है।

**मांसपेशियां मजबूत बनती हैं**

साइकिल चलाने से हमारी मांसपेशियों की एक्सरसाइज होती है, जिससे उनकी टोनिंग होती है और वे मजबूत बनती हैं। यह खासकर, पैरे की मांसपेशियों के लिए अधिक लाभदायक होता है। साथ ही, यह हिप्स और बैक की मसल्स के लिए भी लाभदायक होता है। इसलिए साइकिलिंग करना आपकी मांसपेशियों के लिए भी फायदेमंद होता है।

**कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए लाभदायक**

साइकिलिंग एक तरह की एरोबिक एक्सरसाइज होती है, जो दिल और फेफड़ों के लिए काफी लाभदायक होता है। रोज साइकिल चलाने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और ब्लड प्रेशर भी मेंटेन होता है। ये दोनों ही दिल को बेहतर तरीके से काम करने के लिए आवश्यक होते हैं।

**जोड़ो के लिए फायदेमंद**

हैवी वर्क आउट करने की वजह से हमारे जोड़ों पर काफी जोर पड़ता है और इस कारण से नी इंजरी का खतरा रहता है,.

# चार शीर्ष हिंदू प्रमुखों ने कहा राम मंदिर का उद्घाटन राजनीति प्रेरित



चार हिंदू धर्म गुरु प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रियात्मक गलतियों को इंगित करने के कारण आरएसएस और भाजपा के निशाने पर आ गये हैं, जो मूलरूप से चरित्र और सामग्री में हिंदू धर्मविरोधी हैं। जाहिर तौर पर हिंदू धर्म गुरु होने के नाते उन्हें आरएसएस और भाजपा द्वारा किये जा रहे हिंदू विरोधी कार्यों से बचना मुश्किल हो रहा है। शंकराचार्यों ने अभिषेक की तारीख को आगे बढ़ाकर अप्रैल में मनाई जाने वाली रामनवमी करने का सुझाव दिया था, लेकिन आरएसएस और भाजपा नेता उनकी धार्मिक सलाह सुनने को तैयार नहीं हैं।आरएसएस और भाजपा के नेताओं की 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की योजना पर हिंदुओं में सनातन विचारधारा को मानने वालों तथा भाजपा की राजनीतिक लाइन पर चलने वाले भक्तों के बीच मतभेद पैदा हो गया है।आरएसएस और विशेष रूप से इसके प्रमुख मोहन भागवत, हिंदुत्व को राज्य के आधिकारिक धर्म के रूप में स्थापित करने के मिशन को पूरा करने के प्रयास में, चार शंकराचार्यों के अधिकार पर सवाल उठाने और उन्हें कमजोर करने की हद तक चले गये हैं, जबकि वे सनातन धर्म और हिंदू धर्म के प्रतीक हैं। उनसे ऊपर कोई नहीं है और वे हिंदू धार्मिक नैतिकता और परंपराओं के अनुसार हिंदू धर्म की भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारी हैं।चार हिंदू धर्म गुरु प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रियात्मक गलतियों को इंगित करने के कारण आरएसएस और भाजपा के निशाने पर आ गये हैं, जो मूलरूप से चरित्र और सामग्री में हिंदू धर्मविरोधी हैं। जाहिर तौर पर हिंदू धर्म गुरु होने के नाते उन्हें आरएसएस और भाजपा द्वारा किये जा रहे हिंदू विरोधी कार्यों से बचना मुश्किल हो रहा है। शंकराचार्यों ने अभिषेक की तारीख को आगे बढ़ाकर अप्रैल में मनाई जाने वाली रामनवमी करने का सुझाव दिया था, लेकिन आरएसएस और भाजपा नेता उनकी धार्मिक सलाह सुनने को तैयार नहीं हैं।शीर्ष संत राम मंदिर के निर्माण से बहुत खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि 22 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन तथा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने की योजना पूरी तरह से राजनीतिक है और इसे चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करने की योजना है। धर्म गुरु खुले तौर पर आरएसएस और भाजपा की इस रणनीति की निंदा करते हैं और महसूस करते हैं कि इससे हिंदू धर्म या हिंदुओं को कोई मदद नहीं मिलेगी। चूंकि यह प्राण प्रतिष्ठा हिंदू धर्म की भावना और नैतिकता का उल्लंघन है, इसलिए उन्होंने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है।चूंकि धर्म गुरुओं के रुख में हिंदू धर्म का दोहन करने के उनके मंसूबों को ध्वस्त करने की क्षमता है, इसलिए हिंदुत्व के नायक अपनी इंद्रियां खो बैठे हैं। आरएसएस नेता और भागवत के शिष्य चंपत राय, जो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव भी हैं, ने यह कहकर शंकराचार्यों की स्थिति और प्राधिकारों का अपमान किया ह॰ %यह राम मंदिर है, रामानंद परंपरा का पालन किया जायेगा। यह मंदिर रामानंद संप्रदाय का है, न कि संन्यासियों का, न शैव या शाक्त का।%आरएसएस और भाजपा नेताओं द्वारा धर्म गुरुओं के प्रति अड़ियल रुख अपनाने के कारण उन्होंने भी हिंदू अस्तित्व के लिए संघर्ष शुरू कर दिया है। वे अभिषेक का बहिष्कार करेंगे। धर्म गुरु इस हास्यास्पद और तिरस्कार पूर्ण बयान से बेहद आहत हैं और उनका मानना है कि इसे आरएसएस और भाजपा के शीर्ष नेताओं का मौन समर्थन प्राप्त है।शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती, ने राय की टिप्पणियों की आलोचना की, और उन्हें सत्ता की स्थिति में रहते हुए अपना कद कम नहीं करने की सलाह दी। सरस्वती ने आरोप लगाया कि इसे राजनीतिक तमाशा बनाया जा रहा है। उन्होंने आयोजन की भव्यता पर असंतोष व्यक्त किया, इसके लिए आगामी आम चुनावों को जिम्मेदार ठहराया और तीर्थस्थलों को पर्यटक आकर्षण में बदलने के प्रति आगाह किया।केवल निश्चलानंद ही नहीं, तीन अन्य शंकराचार्यों ने भी कार्यक्रम में राजनीतिक रंग होने के कारण भाग लेने से इनकार कर दिया है। मोदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुरी के संत ने कहा कि, मंदिर में रामलला की मूर्ति की स्थापना शास्त्रीय विधि के अनुसार की जानी चाहिए।

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हो रहे अभिषेक की योजना राहुल की यात्रा और जाति जनगणना के इर्द-गिर्द विपक्ष की कहानी का मुकाबला करने की है। विपक्ष के साथ भाजपा से मुकाबला करने के लिए मंडल का सहारा लेते हुए, संघ हिंदू समाज में असमान जातियों की कहानी बनाने के लिए आक्रामक रूप से कमंडल% को आगे बढ़ा रहा है।सबसे गरीब परिवारों के 10 लोगों को लाने के आरएसएस के कदम से यह स्पष्ट है कि यह पूरी तरह से एक राजनीतिक कदम है, जो झोपड़ियों में रहते हैं

लेकिन राम मंदिर निधि के लिए 100 रुपये का योगदान देते हैं और मंदिर का निर्माण करने वाले कार्यकर्ता भी मेहमानों में से हैं। हिंदुओं को जागरूक करने के लिए विहिप ने दुनिया भर में अक्षत (पवित्र चावल) भेजे हैं।हालांकि ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि यह रामानंदसंप्रदाय का मंदिर है, लेकिन फिर भी वह संप्रदाय के पारंपरिक पुजारी को अभिषेक पूजा का काम नहीं सौंप रहे हैं। वीएचपी देश भर में पुजारी प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है और ये लोग पूजा करेंगे। उन्होंने दलित और आदिवासी समुदायों के 50,000 पुजारियों को प्रशिक्षित किया है और उन्हें विभिन्न मंदिरों में नियुक्त कराया है।श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री भारती तीर्थ ने भी असंतोष व्यक्त करते हुए निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है। वह इस तरह के कृत्य की धार्मिकता के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए,एक ऐसे मंदिर में परमात्मा को प्रतिष्ठित करना अनुचित मानते हैं जो अभी तक पूरी नहीं हुई है।

द्वारका शारदापीठ के जगतगुरु शंकराचार्य श्री स्वामी सदानंद सरस्वती भी महोत्सव में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा के समय की आलोचना करते हुए कहा कि, शास्त्रों के अनुसार पौष के अशुभ माह में देवताओं में प्राण-प्रतिष्ठा का प्रारम्भ करना अनुचित माना गया है। उनका प्रस्ताव है कि आगामी श्रीरामनवमी, भगवान राम का शुभ जन्म दिवस, अधिक उपयुक्त समय होगा।उनका अनुमान है कि रामनवमी के दौरान चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी, जिससे भाजपा नेताओं के लिए राजनीतिक लाभ के लिए अभिषेक का फायदा उठाना कम फायदेमंद होगा।शंकराचार्य चार मठों, या मठवासी आदेशों में से एक के पुजारी हैं, जो 8वीं शताब्दी के हिंदू संत, आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित हिंदू धर्म की अद्वैत वेदांत परंपरा का हिस्सा हैं। ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) और गोवर्धन मठ के अलावा दो अन्य मठ श्रृंगेरी शारदा पीठम (श्रृंगेरी, कर्नाटक) और द्वारका शारदा पीठम (द्वारका, गुजरात) हैं।रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने निपटारा कर दिया था तथा उस संपूर्ण भूमि को राम मंदिर को आबंटित कर दिया था जिस पर पहले 16वीं सदी की बाबरी मस्जिद भी खड़ी थी। 6 दिसंबर, 1992 को राम जन्मभूमि आंदोलन के चरम पर कारसेवकों द्वारा मस्जिद को ढहा दिया गया था।अविमुक्तकेश्वरानंद का मानना है, %पहले भी निर्मोही अखाड़ा वहां पूजा करता रहा है। इसे फिर से वह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। आप अधिक पुजारियों को क्यों नियुक्त कर रहे हैं? आप पूजा निर्मोही अखाड़े को और मंदिर की व्यवस्था रामानंद संप्रदाय को सौंप दें, हम स्वीकार करेंगे। मेरा मानना है कि चारों शंकराचार्य (इससे) खुश होंगे।

## संपादकीय

### स्वच्छता का जज्बा

एक बार फिर स्वच्छता के देशव्यापी सर्वे में इंदौर ने सातवीं दफा अपना ताज बरकरार रखा, हालांकि इस बार कभी प्लेग से जूझने वाला सूरत भी साथ खड़ा नजर आया। निश्चित रूप से सफलता के शिखर पर पहुंच जाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन शिखर पर सात साल तक टिके रखना बड़ी बात होती है। जाहिर है यह सफलता सिर्फ प्रशासन व स्थानीय निकाय की ही कोशिशों से संभव नहीं थी, जब तक कि इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित न होती। इंदौर ने घर-घर से कचरा उठाने, अगलनीय कचरे को अलग करने व कचरे का पुनर्चक्रण करने जैसे कई चरणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कभी सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से पहचान बनाने वाले चंडीगढ़ का स्वच्छता सर्वे में सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र बनना संतोष की बात है। लेकिन हरियाणा, पंजाब व खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की राजधानी होने तथा देश के पहले नियोजित शहर होने के नाते इस शहर को स्वच्छता के शीर्ष मानकों में खरा उतरना चाहिए था। वहीं इंदौर के साथ पहला स्थान साझा करने वाले सूरत की उपलब्धि भी सराहनीय है। कभी प्लेग की महामारी के कारण दुनियाभर में सुर्खियों में आने वाले सूरत का स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना निश्चित ही चौंकाने वाला है। महामारी के बाद इस शहर में सफाई के प्रयास युद्धस्तर पर किये। पिछले तीन दशक में लगातार स्वच्छता के प्रयासों का नतीजा है कि सूरत का कायाकल्प हुआ है। राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। वहीं गंगा किनारे बसे शहरों में वाराणसी अव्वल रहा है। मगर उत्तर प्रदेश व बिहार के किसी भी शहर का देश के दस स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान न बना पाना नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। बिहार को भी सोचना चाहिए कि क्यों उसकी राजधानी पटना का स्थान ढाई सौ शहरों से ऊपर है। इन राज्यों को स्वच्छता को लेकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। स्वच्छ शहर शोभनीयता के अलावा जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेष महत्वपूर्ण है।

बहरहाल, केंद्रीय शहरी विकास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पिछले लगभग एक दशक से स्वच्छता रैंकिंग जारी करके देश में सफाई के प्रति एक स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की है। सभी राज्यों को सफाई के लिये प्रेरणा मिली है। जन-जन में भी जागरूकता आई। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिये अभी अधिक प्रयासों की जरूरत है। हमें याद रहे कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा किये दस साल हो गए हैं। अपेक्षित लक्ष्य पाने के लिये अतिरेक प्रयास करने की जरूरत है। यह भी समझने की जरूरत है कि गंदगी से ही तमाम बीमारियों को पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु पनपते हैं। हम स्वच्छता को प्राथमिकता देकर बीमारियों पर होने वाले खर्च को भी बचा सकते हैं। हम विचार करें कि इंदौर जैसी प्रशासनिक व जनता की भागीदारी अन्य शहरों व राज्यों में क्यों नहीं होती। यह भी कि हम घर में तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर सफाई को लेकर गंभीर क्यों नहीं होते। क्यों हम घर से निकलने वाले कचरे का वर्गीकरण सूखे, गीले और अगलनीय कचरे के रूप में नहीं करते। निश्चित रूप से दिल्ली में आबादी के भारी दबाव का स्वच्छता पर असर पड़ता है। लेकिन फिर भी राष्ट्रीय राजधानी में दिखने वाले कचरे के वास्तविक पहाड़ देश को शर्मसार करते हैं। जिस पर राजनीति तो होती है, लेकिन सारे दल मिलकर इसे हटाने का प्रयास नहीं करते। दरअसल, सफाई हमारी आदत में शामिल होनी चाहिए और प्रशासन को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का सलीका आना चाहिए। स्थानीय निकायों को घर-घर से वर्गीकृत कूड़ा उठाने, सीवरों की सफाई और उनका पानी जीवनदायिनी नदियों में जाने से रोकने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कचरे के निस्तारण के लिये हरित तकनीक प्रयोग हो। सफाई मित्रों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित किया जाए। जिससे पूरे देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को विस्तार मिले। हमें ध्यान रखना चाहिए कि पर्यावरण प्रदूषण से देश में लाखों लोगों की जान चली जाती है। सफाई की दिशा में कदम उठाकर हम पर्यावरण को शुद्ध बनाने का महती दायित्व निभा सकते हैं।

# Maldives के आंतरिक मामलों में Chinese Diplomat का हस्तक्षेप बढ़ा! क्या Rubber Stamp President बन कर रह जाएंगे Muizzu?

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की यात्रा से लौट कर आये तो उनके चेहरे की खुशी साफ झलक रही थी। ऐसा लग रहा था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मुइज्जू को दिल खोल कर दान दिया है। लेकिन अब जिस तरह धीरे-धीरे सारी चीजें सामने आ रही हैं वह दर्शा रही हैं कि ड्रैगन के जाल में मालदीव बुरी तरह फंस चुका है। दरअसल मालदीव में अब ऐसा लग रहा है कि राष्ट्रपति भले मोहम्मद मुइज्जू हैं लेकिन वहां की सरकार का नियंत्रण चीन करेगा। हम आपको बता दें कि माले में शीर्ष चीनी राजनयिक वांग लिक्सिन जिस प्रकार तमाम तरह के मुद्दों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं वह सीधे-सीधे मालदीव के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के समान है। खास बात यह है कि मुइज्जू की यात्रा के दौरान चीन ने बिना किसी देश का नाम लिये कहा था कि वह मालदीव के आंतरिक मामलों में ÷बाहरी हस्तक्षेप का दृढ़ता से विरोध करता है÷ और अपनी संप्रभुता और स्वतंत्रता को बनाए रखने में द्वीप राष्ट्र का समर्थन करता है। लेकिन अब चीन जो कुछ कर रहा है वह मालदीव के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप है।माले में शीर्ष चीनी राजनयिक वांग लिक्सिन ने यह भी कहा है कि अगर मालदीव चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ इसी तरह जुड़ा रहता है तो उसे और अधिक विकास परियोजनाओं के लिए समर्थन मिलेगा। हम आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू चीन की पहली राजकीय यात्रा पर गए थे तब वांग लिक्सिन भी उनके साथ गयी थीं। अब वांग ने सीजीटीएन रेडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा है कि माले को बहुत मदद दी गयी है और आगे भी मदद दी जाती रहेगी। अपने साक्षात्कार में, वांग ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव और चीन के बीच मजबूत संबंधों के तीन प्रमुख कारक हैं। उन्होंने कहा कि पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारक आपसी राजनीतिक विश्वास है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान, दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी तक बढ़ाने की घोषणा की है। यह दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग के लिए एक मजबूत राजनीतिक गारंटी प्रदान करेगा।वांग ने कहा कि दूसरा कारक राष्ट्रपति शी की पहल और राष्ट्रपति मुइज्जू का उन पहलों के साथ जुड़ना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम ऐसे ही आगे बढ़ते रहे तो मालदीव के लोगों को



लाभ पहुंचाने वाली और अधिक परियोजनाओं पर निर्णय ले सकते हैं। वांग ने कहा कि तीसरा कारक व्यापक परामर्श और साझा लाभ के सिद्धांत का पालन करना है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि इन तीन प्रमुख कारकों के साथ, भविष्य में हमारा बहुत उपयोगी और टिकाऊ सहयोग होगा।÷ यहां हम आपको यह भी बताना चाहेंगे कि चीन जिस भी देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाता है उस देश में चीनी राजनयिकों की ऐसी ही दादागिरी देखने को मिलती है। नेपाल और श्रीलंका में चीनी राजनयिकों की ओर से ऐसी ही बयानबाजी कई बार सामने आई थी।

जहां तक चीन और मालदीव के संबंधों में आई प्रगाढ़ता की बात है तो आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन के साथ जिन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं उनमें पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े करार भी शामिल हैं। हालाँकि, चीन की ओर से किसी भी देश से किये गये बुनियादी ढांचे के वादों को पूरा करने का काफी उतार-चढ़ाव वाला इतिहास है, इसलिए देखना होगा कि असल में मालदीव को मिलता क्या है। फिलहाल तो मालदीव को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल में एक मोहरे के रूप में काम करना होगा। इसके अलावा मालदीव ने चीन से बड़ी संख्या में पर्यटक भेजने का आश्वासन तो ले लिया है लेकिन इसका पूरा हो पाना मुश्किल है क्योंकि लगातार अपने द्वारा ही बनाये गये कोरोना वायरस के चलते चीन में लंबे समय तक जो लॉकडाउन रहा उससे वहां की अर्थव्यवस्था अब तक नहीं उबरी है। चीन में बेरोजगारी अपने सर्वोच्च स्तर पर है और औद्योगिक उत्पादन गिरा हुआ है क्योंकि बाजार में मांग नहीं है। अधिकांश चीनियों के पास बीजिंग से शंघाई तक जाने का पैसा नहीं है तो वह घूमने के लिए माले कैसे जाएंगे?

चीन की गोद में बैठ कर मुइज्जू जो गलती कर आये हैं उसका परिणाम मालदीव को भुगतना ही होगा। यह द्वीप राष्ट्र पहले ही कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक का केंद्र बना हुआ है, जो किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक लड़ाके भेज रहा है। ऐसी रिपोर्टें सामने आई थीं कि मालदीव से इस्लामिक स्टेट के लिए काम करने गये लोगों को सीरिया के शिविरों में रखा जाता है और प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा मालदीव अब पाकिस्तान से संचालित ड्रग सिंडिकेट में भी फंस चुका है। ये ड्रग सिंडिकेट युवाओं को नशे की आदत लगाते हैं और उन्हें कट्टरता के रास्ते पर धकेलते हुए इस्लामी आतंक को बढ़ावा देते हैं। ऐसी खुफिया रिपोर्टें भी सामने आईं जिसके मुताबिक ये ड्रग सिंडिकेट नशे और कट्टरता के साथ ही भारत विरोधी संदेशों का भी प्रसार करते हैं जिससे चीन और खुश होता है।

बहरहाल, कुल मिलाकर इस सबसे मालदीव के चीन समर्थक राजनीतिज्ञों की जेबें भर जाती हैं लेकिन इससे उनके देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुइज्जू की चालों पर भारत की नजर की बात करें तो नई दिल्ली तब से ही काफी सतर्क है जबसे मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। भारत जानता है कि उसके पड़ोसियों को फुसला कर चीन उसे चारों तरफ से घेरने की कोशिश कर रहा है इसलिए नई दिल्ली ने पहले ही अपना सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है जिसे भेद पाना ड्रैगन के लिए मुश्किल है।

कहानी

# शरारती बौना




किसी गांव में एक बौना रहता था जो बड़ा शरारती था। नाम उसका था टिप्सी। वह बड़ी हंसी-खुशी में अपना जीवन बिता रहा था, परन्तु उसे अपना नाम बिल्कुल पसंद नहीं था। वह समझता था उसका नाम बड़ा पुराना और घिसा-पिटा है। नाम तो नया होना ही चाहिए। वह अपने बड़े-बूढ़ों से प्राय: पूछता रहता कि- उसका नाम नाम टिप्सी क्यों रखा गया? कोई अच्छा सा नाम क्यों नहीं रखा गया? इसका कारण उसे कोई नहीं बता सका क्योंकि इसका कोई कारण था ही नहीं। सबने उसे यही समझाया कि बौनों के नाम पुराने ढंग के होते हैं और टिप्सी अच्छा नाम है। एक दिन टिप्सी को एक और बूढ़ा बौना मिला जिसे बस बौना सरदार कहते थे। टिप्सी को यह नाम बड़ा पसंद आया। जब टिप्सी ने उस बूढ़े से भी अपना प्रश्न दोहराया तो उसने भी वही उत्तर दिया जो दूसरे देते थे। तब टिप्सी उस बूढ़े बौने से बोला, तो फिर तुम अपना नाम मेरे नाम से बदल लो। बौने सरदार को टिप्सी की बदतमीजी पर बड़ा क्रोध आया। वह बोला तुम तुरन्त यह गांव छोड़कर जंगल में चले जाओ। एक वर्ष बाद जब तुम लौटोगे, तुम्हें पता होगा कि अपने से बड़ों के साथ किस प्रकार व्यवहार किया जाता है। टिप्सी को बौने सरदार की आज्ञा माननी पड़ी। टिप्सी बचपन से ही बड़ा ऊधमी था। उसने छोटे-मोटे जादू भी नहीं सीखे जो सब बौने जानते थे।

टिप्सी जंगल में मारा-मारा फिरता। रात को उसे किसी पेड़ के नीचे सोना पड़ता। जंगली फल खाकर ही उसे पेटे भरना पड़ता। एक दिन उसे बड़ी सर्दी लग रही थी और वह भूखा भी था। खाने के लिए कुछ ढूंढते हुए वह घूम रहा था। उसे एक पेड़ के नीचे तीन सूखे काजूफल पड़े मिले। भूख के मारे बेहाल टिप्सी ने जब तीन काजूफल देखे तो उसकी आंखें चमक उठीं। वह प्रसन्न था कि खाने को कुछ तो मिला। उसने गांव में बड़े-बूढ़ों को सूखे काजूफल के कड़े छिलके तोड़कर उसमें से गिरी निकालते देखा था। उसने एक काजूफल को लेकर उसे ठोका और फिर दबाया ताकि उसकी गिरी बाहर निकाल सके, परन्तु छिलका अलग नहीं हुआ। उसने फिर छिलके को जोर लगा कर ठोका, परन्तु बेकार। भूख के मारे उसकी जान निकली जा रही थी। उसने कस कर एक मुक्का उस पर मारा तो छिलका अलग नहीं हुआ। उसने बारी-बारी तीनों काजूफल के छिलके हटाने चाहे, परन्तु एक भी नहीं हटा। जब टिप्सी हाथ से काजूफाल के छिलके नहीं उतार सका तो वह उस पर पैर रख कूदा वह भी व्यर्थ रहा तब उसने बांस की छड़ी फंसा कर छिलका उतारना चाहा, परन्तु विफल रहा।

टिप्सी भूखा तो पहले ही था, अब बुरी तरह थक भी चुका था। काजूफल का छिलका तक न उतार पाने के कारण उसे अपने आप पर क्रोध आ रहा था। वह एक पेड़ के नीचे बैठ गया और रोने लग। इसी बीच एक टिड्डा वहां से गुजरा। जब उसने टिप्सी को रोते हुए देखा तो इसका कारण पूछने लगा। टिप्सी रोते-रोते बोला- मुझे बिरादरी से निकाल दिया गया है। यहां न सोने का ठिकाना है, न कुछ खाने को मिलता है। ये तीन काजूफल हैं। इन्हें मैं तौड़ नहीं सकता।

टिड्डे ने क्षमा मांगी कि वह इस में टिप्सी की कोई सहायता नहीं कर सकता और अपने रास्ते हो लिया। पास ही खड़ी एक गिलहरी ने भी टिप्सी की बात सुनी।

गिलहरी को दु:खी टिप्सी पर दया आ गई। वह उसके पास आई और काजूफल के छिलके उतारने में उसकी सहायता करने का प्रस्ताव किया। गिलहरी की बात सुनकर टिप्सी का चेहरा खुशी से खिल उठा। उसने उसे यह कृपा करने की प्रार्थना की। गिलहरी ने तुरन्त अपने दांतों से कुतर-कुतर कर काजूफल के छिलके उतार दिए और गिरी निकाल कर टिप्सी को खाने के लिए दी। गिलहरी ने वृक्ष पर चढ़ कर ताजा काजूफल की गिरियां भी निकाल कर उसे पेट भर कर खिलाई। तब गिलहरी ने उसे वृक्ष पर बने अपने घर में रहने का निमंत्रण दिया।

टिप्सी ने गिलहरी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया तथा पेड़ पर गिलहरी के मकान में बड़े मजे से रहने लगा। गिलहरी के घर में रहते-रहते, टिप्सी ने कई बातें सीखीं। उसने समझ लिया कि विनम्रता बहुत बड़ा गुण है। सभी से आदर से बात करनी चाहिए। तथा सबकी यथासंभव सहायता करनी चाहिए। जैसे कि गिलहरी ने उसकी की थी।

गिलहरी ने उसे वृक्षों की भाषा भी सिखाई और पशु-पक्षियों की बोलियां भी। उसने टिप्सी को कई छोटे-मोटे जादू भी सिखाए जो उसने स्वयं वर्षों पूर्व सीखे थे, जब वह बौनों के बीच रहती थी।

जब टिप्सी को जंगल में रहते एक वर्ष पूरा हो गया तो वह बिलकुल बदल चुका था। उस एक वर्ष में उसमें बड़ी समझदारी आ चुकी थी। वह इतना विनम्र तथा शिष्ट हो चुका था कि गांव के दूसरे बौने उसे एक बुद्धिमान बौना मान कर उसका सम्मान करने लगे। अब वह शरारती टिप्सी नहीं रहा था।

# क्या आप जानते हैं

## अपने जाल में क्यों नहीं फँसती मकड़ी?

मकड़ी के पेट से विशेष प्रकार की ग्रंथियों से निकलने वाले द्रव से जाला बनता है। मकड़ी के शरीर के पिछले हिस्से में स्पिनेरेट नाम का अंग होता है जिसकी मदद से इस द्रव को पेट से बाहर निकलती है। हवा के संपर्क में आने पर पेट से बाहर निकला जाने वाला द्रव सूखकर तंतु जैसा बन जाता है। इस तरह के तंतुओं से ही मकड़ी का जाला बनता है। मकड़ी के जाले में दो तरह के तंतु होते हैं। एक- सूखा जिससे जाले की फ्रेम बनती है। दूसरा- जिनसे बीच की रेखाएँ बनती हैं उसे स्पोस कहते हैं। स्पोस चिपचिपा होता है। जाले में चिपचिपे तंतुओं में ही चिपककर शिकार फँस जाता है और छूट नहीं पाता है। जब शिकार फँस जाता है तो मकड़ी सूखे धागों पर चलती हुई शिकार तक पहुँचती है और इसलिए वह जाले में नहीं उलझती। वैसे मकड़ी के शरीर पर तेल की एक विशेष परत भी चढ़ी होती है जिससे उसके जाले में फँसने का सवाल ही नहीं उठता।



## पहेलियाँ ही पहेलियाँ

तुम न बुलाओ मैं आ जाऊँगी,
न भाड़ा न किराया दूँगी,
घर के हर कमरे में रहूँगी,
पकड़ न मुझको तुम पाओगे,
मेरे बिन तुम न रह पाओगे,
बताओ मैं कौन हूँ?

गर्मी में तुम मुझको खाते,
मुझको पीना हरदम चाहते,
मुझसे प्यार बहुत करते हो,
पर भाप बनूँ तो डरते भी हो।

मुझमें भार सदा ही रहता,
जगह घेरना मुझको आता,
हर वस्तु से गहरा रिश्ता,
हर जगह मैं पाया जाता।

ऊपर से नीचे बहता हूँ,
हर बर्तन को अपनाता हूँ,
देखो मुझको गिरा न देना
वरना कठिन हो जाएगा भरना।

लोहा खींचू ऐसी ताकत है,
पर रबड़ मुझे हराता है,
खोई सूई मैं पा लेता हूँ,
मेरा खेल निराला है।

उत्तर : १.हवा २.पानी ३.गैस ४.द्रव्य ५. चुंबक



# चमत्कारी होते हैं पिरामिड



मिस्र के पिरामिड वहां के तत्कालीन फैरों गणों के लिए बनाए गए स्मारक स्थल हैं, जिनमें राजाओं के शवों को दफनाकर सुरक्षित रखा गया है। इन शवों के साथ खाद्यान, पेय पदार्थ, वस्त्र गहनें, बर्तन वाद्य यंत्र, हथियार, जानवर एवं कभी-कभी तो सेवक सेविकाओं को भी दफना दिया जाता था।

भारत की तरह ही मिस्र की संभ्यता भी बहुत पुरानी है और प्राचीन सभ्यता के अवशेष वहां की गौरव गाथा कहते हैं। यों तो मिस्र 138 पिरामिड हैं और काहिरा के उपनगर गीजा में तीन लेकिन सामान्य विश्वास के विपरीत सिर्फ गिजा का ग्रेट पिरामिड ही प्राचीन विश्व के सात अजूबों की सूची में है। दुनिया के सात प्राचीन आश्चर्यों में शेष यही एकमात्र ऐसा स्मारक है जिसे काल प्रवाह भी खत्म नहीं कर सका। यह पिरामिड 450 फुट ऊंचा है कि जोड़ों में एक ब्लेड भी नहीं घुसायी जा सकती। मिस्र के पिरामिडों के निर्माण में कई खगोलीय आधार भी पाये गये हैं, जैसे कि तीनों पिरामिड आरियन राशि के तीन तारों की सीध में हैं। वर्षों से वैज्ञानिक इन पिरामिडों का रहस्य जानने के प्रयत्नों में लगे हैं किन्तु अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

कुछ लोग पिरामिडों में स्थित जादुई असर की बात भी कहते हैं तो है। 43 सदियों तक यह दुनिया की सबसे ऊंची संरचना रहा। 19वीं सदी में ही इसकी ऊंचाई की कीर्तिमान टूटा। इसका आधार 13 एकड़ में फैला है जो करीब 16 फुटबॉल मैदानों जितना है। यह 25 लाख चूनात्थरों के खंडों से निर्मित है जिनमें से हर एक का वजन 2 से 30 टनों के बीच है। ग्रेट पिरामिड को इतनी परिशुद्धता से बनाया गया है कि वर्तमान तकनीक ऐसी कृति को दोहरा नहीं सकती है। कुछ साल पहले तक वैज्ञानिक इसकी सूक्ष्म सममिति का पता नहीं लगा पाये थे, प्रतिरूप बनाने की तो बात ही दूरा प्रमाण बताते हैं कि इसका निर्माण करीब 2560 वर्ष ईसा पूर्व मिस्र के शासक खुफु के चौथे वंश द्वारा अपनी कब्र के तौर पर कराया गया था। इसे बनाने में करीब 23 साल लगे।

मिस्र के इस महान पिरामिड को लेकर अक्सर सवाल उठाये जाते रहे हैं कि बिना मशीनों के बिना आधनिक औजारों के मिस्रवासियों ने कैसे विशाल पाषाणखंडों को 450 फीट ऊंचे पहुंचाया और इस बृहत परियोजना को महज 23 वर्षों में पूरा किया? पिरामिड मर्मज इवान हैडिंगटन ने गणना कर हिसाब लगाया कि यदि ऐसा हुआ तो इसके लिए दर्जनों श्रमिकों को साल के 365 दिनों में हर दिन 10 घंटे के काम के दौरान हर दूसरे मिनट में एक प्रस्तर खंड को रखना होगा। क्या ऐसा संभव था? विशाल श्रमशक्ति के अलावा क्या प्राचीन मिस्रवासियों को सूक्ष्म गणितीय और खगोलीय ज्ञान रहा होगा? विशेषज्ञों के मुताबिक पिरामिड के बाहर पाषाण खंडों को इतनी कुशलता से तराशा और फिट किया गया।

## रोचक तथ्य

- *ग्रेट पिरामिड एक पाषाण-कम्प्यूटर जैसा है। यदि इसके किनारों की लंबाई, ऊंचाई और कोणों को नापा जाय तो पृथ्वी से संबंधित भिन्न-भिन्न चीजों की सटीक गणना की जा सकती है।*
- *ग्रेट पिरामिड में पत्थरों का प्रयोग इस प्रकार किया गया है कि इसके भीतर का तापमान हमेशा स्थिर और पृथ्वी के औसत तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के बराबर रहता है। यदि इसके पत्थरों को 30 सेंटीमीटर मोटे टुकड़ों में काट दिया जाए तो इनसे फ्रांस के चारों ओर एक मीटर ऊंची दीवार बन सकती है।*
- *पिरामिड में नींव के चारों कोने के पत्थरों में बॉल और सॉकेट बनाये गये हैं ताकि ऊष्मा से होने वाले प्रसार और भूंकप से सुरक्षित रहे।*
- *मिस्रवासी पिरामिड का इस्तेमाल वेद्यशाला, कैलेंडर, सनडायल और सूर्य की प्रक्रिमा में पृथ्वी की गति था प्रकाश के वेग को जानने के लिए करते थे।*
- *पिरामिड को गणित की जन्मकुंडली भी कहा जाता है जिससे भविष्य की गणना की जा सकती है।*

कहानी

# बूढ़ा जादूगर

किसी गांव के बाहर बनी झोंपड़ी में एक बूढ़ा आदमी रहता था। वह थोड़ा-बहुत जादू भी जानता था। गांव से बाहर रहने का कारण यह था कि उसे भीड़-भाड़ से घबराहट होती थी। अपना गुजारा चलाने के लिए वह आस-पास की जमीन पर गेहूं तथा सब्जियां उगा लेता था। उसने कुछ मुर्गियां भी पाल रखी थीं और एक बकरी उसके पास थी जिसका दूध उसके लिए काफी होता था। एक बार ऐसा हुआ कि बरसात के मौसम में वर्षा बिल्कुल ना हुई। वर्षा न होने के कारण गांव वाले बड़े चिंतित हुए क्योंकि पानी का और कोई प्रबंधन न होने से उनकी फस्लें सूख जाने का भय था। परन्तु बूढ़े को इसकी कोई चिंता ना थी। उसके खेत के पास से एक पहाड़ी नाला बहता था जिसका पानी उस की फसलों के लिए काफी था। उसे वर्षा के पानी पर निर्भर रहने की कोई आवश्यकता नहीं थी। जब गांव वालों ने देखा कि वर्षा होने की संभावना नहीं तो उन्होंने बूढ़े जादूगर के पास जाने का फैसला किया। वे जानते थे कि अपनी युवावस्था में वह किसी जादूगर के सहायक के रूप में काम कर चुका था। उन्हें आशा थी कि वह वर्षा लाने वाला नृत्य जानता होगा। अत: वे उसके पास गए तथा उससे पूछा कि क्या वह वर्षा-नृत्य जानता है।

वर्षा-नृत्य मैंने अपनी जवानी में सीखा तो था बूढ़े जादूगर ने उत्तर दिया।

क्या तुम वर्षा लाकर हमारी सहायता करोगे? तुम्हें पता ही है कि अभी तक वर्षा नहीं हुई और जल्दी ही वर्षा होने की कोई आशा प्रतीत नहीं होती। यदि जल्दी ही पानी नहीं मिला तो हमारी फस्लें सूख कर बर्बाद हो जाएंगी। हम सब भूखों मर जाएंगे। गांव वालों ने बड़ी आशा केसाथ बूढ़े जादूगर से प्रार्थना की। बूढ़ा आदमी खुश था कि गांव वालों ने उसे बहुत महत्व दिया था। वह वर्षा लाने के लिए नृत्य करने पहाड़ी पर गया। वर्षा-नृत्य करना कोई आसान काम नहीं था।



परन्तु बूढ़े जादूगर ने गांव वालों की भलाई के लिए उसे करने का दृढ़ निश्चय कर लिया। पहाड़ी की चोटी पर चढ़ बूढ़ा जादूगर नाचने लगा तथा ऊंचे-ऊंचे मंत्र पढ़ने लगा, ऐ वर्षा तथा बादलों के देवता मैं तुम्हारा आव्हान करता हूं। सुनो.. बिजली चमकाओं, बिजली कड़काओं बादल भेजो वर्षा करों वर्षा करों। इस मंत्र को याद करके पढ़ना बूढ़े जादूगर के लिए बड़ा कठिन सिद्ध हो रहा था। उसे पढ़े हुए बूढ़े को वर्षों बीत चुके थे तथा उसके शब्दों उच्चारण ठीक कम से करने से ही वर्षा हो सकती थी। और फिर उसे बहुत ऊंचे स्वर में पढ़ना था। तेजी के साथ नृत्य भी करना था। वह बार-बार उस मंत्र को पढ़ता रहा तथा नाचता रहा। कुछ देर के बाद वर्षा होने लगी। बूढ़ा निढाल- सा वापस लौटा। गांव वालों ने बूढ़े को धन्यवाद दिया। चौबीस घंटे तक जमकर वर्षा होती रही। जब वर्षा थमी तो खेतों में खड़ी फसलों को भरपूर पानी मिल चुका था। हर कोई बड़ा प्रसन्न था।

# कितने सुरक्षित हैं आपके सौंदर्य प्रसाधन

**मेकअप** की एक्सपायरी डेट भी होती है। क्या यह पंक्ति आपको चौंकाती है? अमूमन स्त्रियां लंबे समय तक अपने सौंदर्य प्रसाधनों का मोह नहीं छोड पातीं और उनके वैनिटी बॉक्स में कई वर्ष पुराने उत्पाद मिल सकते हैं। संभव है कि कई बार प्रोडक्ट में एक्सपायरी डेट न दी गई हो, लेकिन एक ऐसा समय आता है, जब उनकी चमक फीकी लगने लगती है, वे आकर्षक नहीं लगते और उनके साइड इफेक्ट भी महसूस होने लगते हैं। आइए जानें कैसे करें देखभाल अपने सौंदर्य प्रसाधनों की और कब तक करें उनका इस्तेमाल।

**लिपस्टिक**




लिपस्टिक को इस्तेमाल करने का सही समय छह माह से एक वर्ष के बीच है, लेकिन यदि उसमें ऑयल या मॉयस्चर-सा निकलता दिखाई दे या उसके रंग या आकार में तब्दीली आने लगे तो उसे बदल दें। हर हफ्ते लिपस्टिक के ऊपरी हिस्से को टिशू से साफ करना न भूलें। अपने लिप ब्रश को भी हफ्ते में एक बार अवश्य साफ करें।

**फाउंडेशन**



इसे इस्तेमाल करने का उपयुक्त समय है छह महीने से एक वर्ष। वॉटर बेस्ड फाउंडेशन ऑयल बेस्ड की तुलना में कुछ सप्ताह अधिक समय तक चल सकते हैं, पर अगर फाउंडेशन गाढा-सा दिखने लगे तो उसका प्रयोग बंद कर दें। फाउंडेशन क्रीम में बैंटोनाइट केमिकल होता है, जिससे त्वचा को सांस लेने में समस्या होती है। लिक्विड फाउंडेशन में मिनरल ऑयल होता है, जो कार्सिनोजेनिक (ऐसे तत्व जो कैंसर का कारण बन सकते हैं) हो सकता है। इसके अलावा फाउंडेशन में ऐसे बडे अणु (मॉलेक्यूल्स) होते हैं जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं। इससे स्वेद और तैल ग्रंथियां (स्वीट-ऑयल ग्लैंड्स) ठीक ढंग से कार्य नहीं कर पातीं, जिससे त्वचा में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। इसके कारण ब्लैक हेड्स, दाग-धब्बे और त्वचा में रूखापन जैसी समस्याएं पैदा होती हैं।

**आई लाइनर और आई शैडो**



आई लाइनर पेंसिल को भले ही आप हर 2-3 दिन में फ्रेश रखने के लिए शार्प करती हों, लेकिन उसके नुकीले सिरे पर बैक्टीरिया पनप सकते हैं। यदि पेंसिल बनाने में उसकी नोक बार-बार टूट रही हो तो समझिए कि उसे बदलने का समय आ गया है। लिक्विड आई लाइनर को सूखने के बाद कभी इस्तेमाल न करें। आई शैडो को नौ महीने से लेकर एक वर्ष तक चलाया जा सकता है। पुराना होने पर यह चॉक या खडिया जैसा हो जाता है और इसे लगाया नहीं जा सकता। इसका रंग बदल जाता है। आई शैडो और ब्लशर में टैल्क होता है, जो बहुत हद तक एस्बेस्टस से मिलता-जुलता है। इसमें कार्सिनोजेन की काफी मात्रा होती है, जिससे ओवरियन और लंग कैंसर की आशंका हो सकती है।

**टेलकम पाउडर**




यह सर्वाधिक इस्तेमाल किया जाने वाला प्रसाधन है, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंधों का इस्तेमाल बहुतायत में होता है, जो त्वचा संबंधी एलर्जी का एक प्रमुख कारण बनता है।

**मस्कारा**



मस्कारा को अमूमन तीन से छह माह तक प्रयोग किया जा सकता है। इसके बाद इसे बदलना जरूरी होता है, क्योंकि हवा के साथ इसके टयूब में बैक्टीरिया का प्रवेश हो जाता है, जिससे आंखों में संक्रमण हो सकता है। यह ऐसा उत्पाद है, जिसमें सबसे ज्यादा बैक्टीरिया पनपते हैं। इसलिए इसका ढक्कन अच्छी तरह बंद रखना चाहिए। मस्कारा में एल्कोहॉल, फॉर्मलडिहाइड और प्लास्टिक रेसिन्स जैसे केमिकल होते हैं। अगर वे आपकी त्वचा को रास नहीं आते तो उनसे आंखों में जलन, लालिमा, सूजन जैसे लक्षण उभर सकते हैं।

**ब्लशर**

इसे एक से दो वर्ष तक इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर क्रीम बेस्ड ब्लशर ब्रेक हो जाए तो उसे इस्तेमाल करना छोड दें।

**नेल पॉलिश**




नेल पॉलिश को अमूमन तब तक प्रयोग किया जा सकता है, जब तक वह गाढी न हो जाए या सूख न जाए। नेल वॉर्निश को हवा के संपर्क से जितना अधिक बचा सकें, वह उतने लंबे समय तक चलेगी। सप्ताह में एक बार इसकी बॉटल को अच्छी तरह शेक कर लें, ताकि इसका मौलिक रंग बरकरार रह सके।

**सावधानियां जो हैं जरूरी**

- किसी भी प्रोडक्ट को खरीदने से पूर्व ऑनलाइन सुरक्षित सौंदर्य प्रसाधनों के लिए चल रही मुहिम के बारे में अवश्य जानकारी हासिल करें। इससे आपको यह पता चल सकेगा कि किस कंपनी ने अपने प्रोडक्ट्स में ऐसे हानिकारक तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।
- प्रोडक्ट खरीदते समय उस पर लगे लेबल को अवश्य पढें, ताकि उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में पता चल सके, साथ ही एक्सपायरी डेट अवश्य देखें।
- हमेशा अच्छे और जाने-पहचाने ब्रैंड के कॉस्मेटिक्स खरीदें। अब सभी बडी कंपनियों ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता को ज्यादा से ज्यादा सुधारने की दिशा में काम किया है।
- कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स की बॉटल का ढक्कन हमेशा कसकर बंद रखें। उन्हें अंधेरे और हवादार स्थान पर रखें।
- सौंदर्य प्रसाधनों को कभी दूसरे के साथ शेयर न करें।
- बॉडी डियोडेरेंट या परफ्यूम्स हमेशा किसी अच्छे ब्रैंड का ही लें, पहले यह जांच लें कि वे आपकी त्वचा को माफिक आएंगे या नहीं। सामान्यत: इन्हें तीन या चार वर्ष तक चलाया जा सकता है।
- मॉयस्चर और टोनर सबसे ज्यादा प्रयोग किए जाने वाले उत्पाद हैं, लेकिन यदि इनका रंग बदले तो इन्हें बदल देना चाहिए। इन्हें फ्रिज में नहीं रखना चाहिए।
- ऑयल बेस्ड क्रीम के ऑक्सीडाइज होने की आशंका रहती है। बॉडी क्रीम को दो से तीन वर्ष तक चलाया जा सकता है, लेकिन रंग, सुगंध या किसी भी तरह का परिवर्तन होने पर इनका भी इस्तेमाल रोक देना चाहिए।
- सनक्रीम या टैनिंग क्रीम अमूमन दो वर्ष तक चल सकती हैं, लेकिन जिनमें केमिकल्स ज्यादा हों उन्हें एक वर्ष तक ही प्रयोग करना चाहिए।

## काबुली चना विद ग्रीन ग्रेवी



**सामग्री:** 200 ग्राम उबले हुए काबुली चने, 2 बारीक कटे हुए प्याज, डेढ़ टीस्पून तेल, नमक स्वादानुसार।

**ग्रीन ग्रेवी के लिए:** डेढ़ कप कटा हुआ पालक, 1 कप मटर, डेढ़ टीस्पून हरी मिर्च का पेस्ट, 1 टीस्पून अदरक का पेस्ट, आधा टीस्पून खानेवाला सोडा।

**विधि:** काबुली चने को उबालकर अलग रख लें। पालक, मटर व मिर्ची को सोडा डालकर उबाल लें। ठंडा होने पर पीसकर पेस्ट बना लें। एक पैन में थोड़ा-सा तेल डालें और अदरक का पेस्ट व कटे हुए प्याज डालकर भूनें। इसके बाद इसमें ग्रीन पेस्ट डाल दें। 5 मिनट तक भूनें। उबले हुए काबुली चने व नमक डालकर पकाएं। गरमा गरम सर्व करें।

## मां की बदलती छवि

**एक** बच्चा जन्म लेने जा रहा था। उसने भगवान से पूछा, आप मुझे कल नीचे पृथ्वी पर भेज रहे हैं, मैं इतना छोटा और असहाय हूं, वहां जाकर कैसे रहूंगा?

भगवान बोले, बहुत सारी परियों में से एक परी मैंने तुम्हारे लिए चुनी है। वही तुम्हारी देखभाल करेगी। पर मुझे बताइए, मेरे साथ वहां क्या होगा, मैं वहां क्या करुंगा? यहां स्वर्ग में मैं कुछ नहीं करता, हंसने और गाने के सिवाय, इसी से मुझे खुशी मिलती है।



वह परी तुम्हारे लिए हर दिन गाएगी व मुसकराएगी, तुम्हारी हर खुशी का खयाल रखेगी और धीरे-धीरे तुम्हें नया भी बहुत कुछ सिखाएगी।

वहां के लोगों की भाषा व बात मैं कैसे समझूंगा?

वह परी तुम्हें मधुर शब्दों में सब समझाएगी और तुम्हें बोलना भी सिखाएगी। और जब मैं आपसे बात करना चाहूंगा तो क्या करूंगा? वह परी तुम्हें हाथ जोड कर मेरी प्रार्थना करना सिखाएगी, जिससे सीधे न सही, पर भावनात्मक स्तर पर हमारी-तुम्हारी बातचीत होगी जरूर।

मैंने सुना है कि पृथ्वी बुरे आदमियों से भरी पडी है, मेरी रक्षा कौन करेगा?

वह परी अपनी जान पर खेल कर भी तुम्हारी रक्षा करेगी। आपको देख न पाने के कारण, आपके बारे में जान न पाने के कारण मैं उदास हुआ तो.. । वह ही मेरे बारे में तुम्हें बताएंगी। सब तरफ से हार जाने पर बच्चा समझ गया कि उसका नीचे जाना तय है। हार कर उसने पूछा कि भगवन, मैं जा रहा हूं, पर जिसके पास जा रहा हूं, आप मुझे उस परी का नाम तो बता दीजिए। उसका नाम बहुत मायने नहीं रखता, पर तुम उसे मां बुला सकते हो। यह है मां बच्चे के बीच की असली कहानी। यह सच है कि एक बच्चे के नजरिए से देखें तो सदियों पहले का बच्चा हो या आधुनिक बेबी, भारत में जन्म लिया हो या अमेरिका जैसे हाई-फाई शहर में या पिछडे हुए किसी गांव में, उसकी जरूरतें समान होती हैं।

**मां की भूमिका**

बच्चे की पहली सहायक, पहली अध्यापिका, पहली ट्रेनर, पहली दोस्त, पहली मार्गनिर्देशक मां ही होती है। वह ही सब कुछ सिखाती है बच्चे को। अंतर केवल इतना आया है कि बच्चे की जरूरतों व आवश्यकताओं को पूरा करने के तरीके जरूर बदल गए हैं। उन्हें आराम से रखने के तरीके, उनको सुविधाएं देने के तरीकों में बदलाव आया है। मां आज बच्चों के आराम का खयाल दूसरे ढंग से रखती हैं, उनकी सुविधाओं की चिंता का तरीका भी उनका अलग है।

## कुछ बातें काम की

- अमरूद का सेवन पेट से संबंधित समस्याओं का समाधान करता है।
- खजूर का सेवन शरीर को दृढ़ता प्रदान करने के साथ-साथ कमर दर्द की समस्या का भी समाधान करता है।
- हरे धनिए का सेवन स्तन व लिवर कैंसर जैसे गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।
- अनार का सेवन गंदी जीभ की समस्या का समाधान करता है।
- लहसुन का सेवन, गैस की समस्या का समाधान करता है।
- भोजन के उपरांत एक कच्चे प्याज का नियमित सेवन कब्ज के रोगी को स्वस्थ करता है।
- कलौंजी का सेवन या फिर इसका पेट पर लेप करने से पेट के कीड़े मर जाते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 1958




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

**काकुरो - 1957 का हल**



## लॉफिंग जोन

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इते गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।


न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा-पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।

पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

## फिल्म वर्ग पहेली - 1958




**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 1957**



## सूडोकु -1958


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1957 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 1958




**बाएँ से दाएँ**

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली - 1957 का हल**



# आज आदिवासी समाज देख और समझ रहा है, मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के 1 लाख लाभार्थियों को पहली किश्त जारी की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार के 10 गरीबों को समर्पित रहे हैं। मोदी ने कहा कि पीएम-जनमन लाभार्थियों से बात करके खुशी हुई। हमारी सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए तत्परता से काम किया है।




प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक ओर जब अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, तो दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन जो मेरे परिवार के ही सदस्य हैं, ये मेरे जनजातीय परिवार, अति पिछड़े जनजातीय परिवार उनके घर दिवाली मन रही है, यह अपनेआप में मेरे लिए बड़ी खुशी है। उन्होंने कहा कि आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर के दिए हैं। जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन तक पहुंचे, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। हमारे देश का विकास तभी हो सकता है जब समाज में कोई छूटे नहीं, हर किसी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे। मेरा कोई अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं।

## योगी ने चढ़ाई गुरु गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार भोर में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की।




गोरक्षपीठाधीश्वर के बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महायोगी को खिचड़ी चढ़ाने के लिए उमड़े हैं।मकर संक्रांति पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठ कर गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया।

## उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में 10 चिकित्साधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उप्र के प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के 10 चिकित्साधिकारियों के तबादले किए गए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, सोमवार को डा. दिनेश कुमार को अपर निदेशक चिकत्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को मुरादाबाद मंडल से हटाकर निदेशक, (मातृ एवं शिशु) परिवार कल्याण बनाया गया है। डा. सुनील भारतीय को अपर निदेशक चिकत्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल से निदेशक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) लखनऊ,




डा. सुरेश चन्द्र कौशल को प्रमुख अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय बस्ती से निदेशक, लोक बन्धु राजनारायण सयुंक्त चिकित्सालय लखनऊ भेजा गया है। सहारनपुर के पुरूष जिला अस्पताल में तैनात प्रमुख अधीक्षक डा. रतन पाल सिंह को निदेशक (राष्ट्रीय कार्यक्रम) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ बनाया गया है। इसी तरह डा. अंजु दुबे को निदेशक (संचारी रोग) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं से निदेशक (भंडार) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के पद पर तैनात किया गया है।

## मायावती का बड़ा एलान, अकेले ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, किसी पार्टी से नहीं करेंगे गठबंधन

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन है। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मायावती ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। 2024 चुनाव में बसपा किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव अकेले लड़कर बेहतर रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन में चुनाव से हमारी पार्टी को नुकसान होता है। गठबंधन से बसपा को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। हमारी पार्टी को धांधली की वजह से नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण वोट बसपा पर ट्रांसफर नहीं होते। इसलिए बसपा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद उचित भागीदारी मिलने पर समर्थन दिया जा सकता है। लेकिन यह समर्थन मुफ्त मे नहीं दिया जाएगा। सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए।

## जम्मू कश्मीर : मुस्लिम छात्रा ने पहाड़ी भाषा में गाया राम भजन, जमकर हो रही तारीफ

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो छात्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जो जमकर वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा बतूल उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक के लिए जाना जाने वाली उड़ी अब राम भजन के लिए जाना जाने लगा है। अपने 52 सेकंड के वीडियो से बतूल ने उड़ी को सुर्खियों में ला दिया है। वीडियो में छात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का व्रत रख रहे हैं।

## 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने कोई काम नहीं किया, चुनावी दौर में प्रधानमंत्री को याद आ रहे हैं आदिवासी : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा चुनाव के ठीक पहले आदिवासियों की याद आई है। इनके विकास के लिए बीते 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने कोई काम नहीं किया है। खड़गे ने सोमवार को एक्स पर लिखा वर्ष 2013 के मुकाबले आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 48.15 फीसदी की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार वन अधिकार कानून-2006 को लागू करने में विफल रही है।

इस सरकार ने आदिवासियों के हित में खर्च होने वाली धनराशि में भी कटौती की है। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार पुरानी विफल हुई योजनाओं का नाम बदलकर, चुनावी मौसम में आदिवासी समाज को ठगने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन और आदिवासी सभ्यता का संरक्षण



हमारा कर्तव्य है और कांग्रेस पार्टी देश के आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ङ्क ग्रामीण (पीएमएवाई ङ्क जी) के 01 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की है।

## खराब मौसम के कारण हवाई यात्रा में हो रही देरी, धैर्य रखें यात्री : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि खराब मौसम के चलते हवाई यात्राएं बाधित हो रही हैं। ऐसे में सभी यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया धैर्य बनाए रखें। यात्राओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित विभाग लगातार प्रयास कर रहे हैं।

सिंधिया ने एक्स पोस्ट में कहा कि कल, दिल्ली में अभूतपूर्व कोहरा देखा गया। इस दौरान दृश्यता में कई घंटों तक उतार-चढ़ाव देखा गया। आज सुबह 5 बजे से 9 बजे के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य तक गिर गई। इसके कारण कई उड़ानें बाधित हुईं।

सिंधिया ने कहा कि वह सभी यात्रियों ने अनुरोध करते हैं कि इस कठिन समय में हमारा साथ दें। सभी हितधारक यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर




रहे हैं।

इसके बीच अनियंत्रित व्यवहार की घटनाएं अस्वीकार्य हैं और इनसे मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सख्ती से निपटा जाएगा। उल्लेखनीय है कि आज दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ानों में देरी के चलते यात्रियों की लंबी लाइन देखी गई। इस दौरान यात्रियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। खबर है कि एक यात्री ने उड़ान में देरी को लेकर जहाज के पायलट से मारपीट की।

## प्रधानमंत्री की सोच से बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा भारत : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के नागरिकों के बीच सोमवार की सुबह व्यापारी स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में व्यापार बढ़ा है, व्यापारी समृद्ध हुआ है और आज प्रधानमंत्री की सोच से भारत बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। बालागंज क्षेत्र में देवलोक लॉन में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के व्यापारी वर्ग, उद्यमी वर्ग के लिए तमाम योजनाओं को लाकर उन्हें ताकत दी है। देश में व्यापारी अपने को सुरक्षित समझता है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तो उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की




सरकार ने माफियाओं पर कार्रवाई कर व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान की है। व्यापारी के साथ लूट, रंगदारी जैसी घटनाओं को रोकने का कार्य किया है। व्यापारियों के कार्यक्रम में इंडिया आईटी मॉल पोर्टल की लॉन्चिंग करने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गोमती नगर में बिजनेस स्कूल आईएमआरटी में भाजपा के पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजनों को सम्बोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद से बदलाव हुआ है। भारत पूरे विश्व में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। दूसरे देशों से भारत सहयोग लेता था, अब भारत दूसरे देशों को सहयोग दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं आया है। कार्यक्रमों के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्धवर्ग के लोग मौजूद रहे।

## स्टालिन ने जयशंकर से किया मछुआरों की रिहाई का आग्रह

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से श्रीलंकाई नौसेना की ओर से अपहृत किये गये12 मछुआरों की रिहाई के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। श्री स्टालिन ने डॉ. जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि श्रीलंकाई नौसेना ने तीन नौकाओं के साथ 12 मछुआरों 13 जनवरी को पकड़ लिया। पुदुकोट्टई जिले के



कोट्टईपट्टिनम फिशिंग हार्बर के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए निकले थे।' मुख्यमंत्री ने कहा, ' मछुआरे नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मैं आपसे इस मामले को श्रीलंका सरकार के समक्ष उचित राजनयिक माध्यम से उठाने का अनुरोध करता हूं ताकि मछुआरों की रिहाई यथाशीघ्र सुनिश्चति हो सके और उनकी नौकाएं भी उन्हें वापस मिल सके।'

## 'सभी पार्टियों को बीजेपी के खिलाफ एक साथ आना चाहिए' : लोकसभा चुनाव में बीएसपी के अकेले लड़ने पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का बयान

**नई दिल्ली।** बसपा अध्यक्ष मायावती के 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को कहा कि भाजपा को हराने के लिए बसपा प्रमुख को वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को ध्यान में रखना चाहिए था। प्रमोद तिवारी ने कहा, ÷बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव से पहले भारत गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा था कि वह चुनाव के बाद गठबंधन करेंगी लेकिन आज का राजनीतिक परिदृश्य ऐसा है कि सभी विपक्षी दलों को भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आना चाहिए था।' उन्होंने कहा, 'बीजेपी को 2019 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ 37.8 फीसदी वोट मिले थे, अगर बाकी 62.2 फीसदी वोट एकजुट हो जाते तो हम बीजेपी को 100 सीटों पर सीमित कर सकते थे, जरूरत इस बात की थी कि हम सब मिलकर चुनाव लड़ते। हालांकि, चुनाव के बाद जब हम सरकार बनाएंगे तो उस समय की परिस्थितियों के आधार पर उनका (मायावती का) गठबंधन में स्वागत किया जाएगा।'

## 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के नारे के साथ नड्डा ने शुरू किया देशव्यापी 'वॉल राइटिंग' अभियान

**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर नई दिल्ली की एक दीवार पर 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के नारे के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को 'वॉल राइटिंग' अभियान का शुभारंभ कर दिया।

नड्डा ने स्वयं दीवार पर पार्टी का चुनाव चिन्ह 'कमल' बनाकर नई दिल्ली से इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का शुभारंभ करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि आज से देशभर में 'वॉल राइटिंग' कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के नारे के साथ यह अभियान देशभर के हरेक बूथ पर प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप को इस अभियान से जोड़कर इसे सफल बनाएंगे। 'एक बार फिर से मोदी सरकार' का नारा देश की जनता से विनम्र अपील है



कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाएं और देश में स्थिरता के साथ विकास हो और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से देश को विकास की तरफ ले जाएं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2014 और 2019 में भारत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरपूर आशीर्वाद दिया है और देश ने देखा है कि भारत में किस तरह से विकास के नए आयाम शुरू हुए और दुनिया में अपने आपको स्थापित करते हुए भारत ने लंबी छलांग लगाई है और उसी छलांग को और तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए देश में स्थिरता का माहौल और स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

## मनसा देवी मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान, बड़ी संख्या में शामिल हुए अल्पसंख्यक समुदाय

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत आज मनसा देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वच्छ मंदिर में भाग लेने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस बीच 2024 में पीएम मोदी की लंबी उम्र और सफलता के लिए मनसा देवी मंदिर में विशेष प्रार्थना और नव गृह पूजा आयोजित की गई। वहीं, अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह का जश्न मनाने के लिए मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन समुदायों के सदस्यों ने स्वच्छ मंदिर अभियान में भाग लिया।

## राहुल गांधी की दूसरे दिन सेकमाई से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**इंफाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई से दूसरे दिन में प्रवेश कर गई। नगालैंड में रात रुकने से पहले यात्रा सेकमाई से मणिपुर के कांगपोकपी और सेनापति तक जाएगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सेवा दल और मणिपुर के पीसीसी अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने ध्वजारोहण के साथ दिन की यात्रा शुरू होने की घोषणा की। पार्टी की सोशल मीडिया प्रतिनिधि सुप्रिया श्रीनेत ने बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, अपराध और असुरक्षा जैसे मुद्दों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। मणिपुर के थौबल से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों में 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। यात्रा शुरू होने से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य हिंसा के



पीड़ितों के लिए कुछ क्षण का मौन रखा। रविवार को राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत का उद्देश्य उन लोगों को न्याय दिलाना है जो इस समय देश में 'बड़े अन्याय' के दौर से गुजर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने जातीय रूप से संघर्षरत राज्य में उनकी अनुपस्थिति के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की कड़ी आलोचना व्यक्त की और इसे 'शर्मनाक' बताते हुए कहा कि देश के प्रधान मंत्री प्रभावित आबादी को सांत्वना देने के लिए नहीं गए।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी पूजा विधि, महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को कहा कि राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 16 जनवरी अर्थात मंगलवार से पूजा विधि प्रारंभ हो जाएगी। जो कि 21 जनवरी तक चलेगी। चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें खिलाड़ी, लेखक, वैज्ञानिक सहित अलग-अलग विधाओं के प्रतिष्ठित लोगों को बुलाया गया है।

## तमिलनाडु में उत्साह, उल्लास के साथ मनाया गया पोंगल पर्व

**चेन्नई।** पारंपरिक फसल पर्व पोंगल सोमवार को तमिलनाडु में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हो गया।

चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व प्रत्येक वर्ष तमिल महीने 'थाई' के पहले दिन पड़ता है और इस दिन लोग भगवान सूर्यदेव की पूजा-आराधना के पूरे हर्षोल्लास के साथ यह त्योहार मनाते हैं। इस मौके पर लोगों ने नये वस्त्र धारण किये तथा चावल, दाल, गुड़ और दूध से बना पारंपरिक व्यंजन 'मीठा पोंगल' तैयार किया। किसानों ने एक अच्छे मौसम की कामना लिए यह व्यंजन धन्यवाद के प्रतीक के रूप में सूर्य देव को अर्पित किया।

ग्रामीण इलाकों में पोंगल पर्व की काफी धूम रही। लोगों ने अपने आंगनों को रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया। राज्य के दक्षिणी जिलों में यह पर्व जश्न के रूप में पारंपरिक जल्लीकट्टू (बैल को वश में करना) के रूप में जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर सभी मंदिरों में विशेष



पूजा-अर्चना की गयी , हालांकि कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर राज्य सरकार ने आज से 17 जनवरी तक के लिए सभी मंदिर और पूजा स्थलों पर लोगों के सार्वजनिक प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, अन्नाद्रमुक नेता ओ पन्नीरसेल्वम और ईके पलानीस्वामी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रदेश की जनता को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं दी है। चेन्नई महानगर से पांच लाख से अधिक लोग पोंगल पर्व मनाने के लिए अपने मूल स्थान जा चुके हैं। राज्य सरकार ने इस मौके पर विभिन्न स्थानों से विशेष बसें संचालित की वहीं दक्षिण रेलवे ने भी कई स्पेशल ट्रेनें चलायी। कोरोना महामारी से उबरने के बाद बड़ी संख्या में लोग मरीना बीच की ओर उमड़ पड़े जहां जलसागर के साथ ही मानवता का समंदर हिलोरें मारता नजर आया।



# ये टिप्स अपनाएंगे तो हर कोई हो जाएगा आपके पर्सनैलिटी का फैन

आप पर्सनालिटी डेवलपमेंट शब्द को परिभाषित करने का प्रयास करते हैं तो आपके मन में क्या ख्याल आता है? क्या आपको लगता है अच्छे कपड़े पहनना या अंग्रेजी बोलना या फिर लोगों से मिलना पर्सनालिटी डेवलपमेंट है? तो जवाब मिलेगा नहीं। केवल यह शब्द मिलकर पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य नहीं करते बल्कि कई ऐसी चीजे हैं जो पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं। आइए कुछ टिप्स के विषय में जान लेते हैं जो पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं।

## कॉन्फिडेंस बनाएं रखें

किसी भी कार्य को आसान करने का सबसे पहला मंत्र है कॉन्फिडेंस। अगर आप किसी भी काम करते समय कॉन्फिडेंस रखते हैं तो आप किसी भी समस्या का हल ढूंढ सकते हैं। कॉन्फिडेंस से भरे लोगों से हर व्यक्ति आकर्षित हो जाता है। अगर आप अपनी पर्सनालिटी को अच्छे से डेवलप करना चाहते हैं को खुद में कॉन्फिडेंस बिल्ड करने का प्रयास करें। कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए आप ज्यादा से ज्यादा पढ़ना शुरू करें और नए-नए विषयों को एक्सप्लोर करना शुरू करें।

## हर विषय पर ओपिनियन बनाने का प्रयास करें

अगर आप खुद को दूसरों से अलग बनाना चाहते हैं तो प्रयास करें कि आप हर विषय में अपना एक ओपिनियन बनाएं ताकि कभी आपसे पूछा जाए तो आप जवाब दे सकें। लेकिन ध्यान रखें कि बिना मांगे ओपिनियन देने से आपकी पर्सनालिटी को नेगेटिव रूप में भी प्रदर्शित कर सकता है।

## अच्छे श्रोता बनें

हम हमेशा उन लोगों को दूसरे के मुकाबले अधिक तवज्जो देते हैं जो हमारी बातों को सुनते हैं। कई लोग ऐसा मानते हैं कि अच्छा श्रोता होना एक अच्छे व्यक्तित्व की निशानी है। अगर आप भी अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाना चाहते हैं तो लोगों को सुनना शुरू करें और एक अच्छा श्रोता बनने का प्रयास करें।

## बॉडी लैंग्वेज को सुधारें

पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए बॉडी लैंग्वेज पर काम करना बेहद जरूरी है। आपकी बॉडी लैंग्वेज भी आपके बारे में कई बातें बताती है। आपके चलने, बैठने, बातें करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। अच्छी बॉडी लैंग्वेज एक अच्छी पर्सनालिटी की तरफ कार्य करती है।



# इन तरीकों से खुद को कर सकते हैं जॉब में मोटिवेट

**आज के दौर में जब जॉब की इतनी बहुतायत है, वहीं लोगों में उस जॉब को पानी के लिए जरूरी स्किल्स की कमी है। अक्सर ऐसा देखने में आता है कि कुछ लोगों में अपनी सब्जेक्ट की नॉलेज तो है, पर कहीं न कहीं कई ऐसी वजहें होती है जो उन्हें अपने फील्ड में बहुत अच्छा करने से रोकती हैं। ये लोग डिमोटिवेट होते हैं। तो आइए जानते हैं खुद को मोटिवेट कैसे किया जाए**

- खुद को शांत रखना सीखिए। ऐसा करने से आपका दिमाग ठीक तरीके से काम करता है और आप किसी भी समस्या का सामना कर सकते हैं।
- ऐसे विचारों को माइंड में कभी न लाएं जो आपके किसी अच्छे काम को प्रभावित करें। हम अक्सर दूसरों से राय लेने में नहीं चूकते। जब कुछ नया करने जा रहे होते हैं। अब यह निर्भर करता है कि जिससे आपने राय ली है, वह आपका हित चाहने वाला है या नहीं, तो तुरंत किसी की बात को न मानें। उस पर विचार करें। उसके बाद ही कोई कदम उठाएं।
- अगर आप किसी काम के लिए जा रहे हों तो अपने डर पर विजय हासिल करें। कॉन्फिडेंट रहिए, डर दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप सामने वालों को भी अपनी ही तरह एक आम इंसान ही समझें। सोचिए कि अगर आप किसी ऊंची पोस्ट पर होते हैं तो सब आपके हाथ में होता।
- जब आप कोई इंटरव्यू के लिए जा रहे हों तो ये सोचिए कि आप कई इंटरव्यू दे चुके हैं। भले ही यह आपका पहला इंटरव्यू रहो। इससे आपका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। अपनी सक्सेस को हमेशा अपने साथ लेकर चलें। यह कभी न सोचें कि अगर सिलेक्शन न हुआ तो।
- जब आप किसी इंटरव्यू के लिए जाएं तो अपना बेस्ट देने की कोशिश करें। अपनी कमियों को खुद पर हावी न होने दें। जो भी स्किल या नॉलेज आपके पास है उसे बेहतर ढंग से एक्सप्रेस करें।
- साफ-सुथरी बात सभी को अच्छी लगती है। आपका बात करने का अंदाज विनम्र होना चाहिए। साथ ही स्पष्ट और कम शब्दों में होना चाहिए।



# बहुत बड़ा है एविएशन इंडस्ट्री का दायरा

अगर आप भी एविएशन इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने की सोच रहे हैं, लेकिन अपने आप को पायलट व केबिन क्रू बनने के काबिल नहीं पाते, तो निराश मत हो, क्योंकि इसके अलावा भी अब इस सेक्टर में कई डिपार्टमेंट ऐसे हैं जहां आप अपना करियर बना सकते हैं। ज्यादातर लोग एविएशन क्षेत्र के दायरे को पायलट, एयर होस्टेज व केबिन क्रू तक सीमित कर देते हैं, लेकिन इसका दायरा बहुत बड़ा है। आप इस इंडस्ट्री में एयरपोर्ट मैनेजमेंट, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, फ्लाइट इंजीनियर, एयर टिकटिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स, एयर कार्गो मैनेजमेंट, मीटिरियोलॉजिस्ट आदि जॉब प्रोफाइल पर भी कार्य कर सकते हैं।

## ग्राउंड स्टाफ

एविएशन इंडस्ट्री में ग्राउंड स्टाफ महत्वपूर्ण होते हैं। इनका कार्य एयरपोर्ट की साफ-सफाई के साथ उसके रखरखाव करना है। एयरपोर्ट पर प्लेन जब उतर जाता है, तो उसके बाद पैसेंजरों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना होता है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर सामान ढुलाई और माल स्टॉक का कार्य भी ग्राउंड स्टाफ को ही कराना होता है। ग्राउंड स्टाफ की एयरपोर्ट पर अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी संभालते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ में करियर बनाने के लिए आप एयरपोर्ट मैनेजमेंट से रीलेटेड सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, बैचलर और मास्टर लेवल के कोर्स कर इस फील्ड में प्रवेश कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप इस सेक्टर में प्रवेश कर सकते हैं।

## एयर कार्गो मैनेजमेंट

इस जॉब प्रोफाइल पर रहकर करियर बनाने के लिए आपको डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयर कार्गो मैनेजमेंट कोर्स करना होगा। जिसमें आप एविएशन हिस्ट्री एवं जियोग्राफी के अतिरिक्त कार्गो लॉ, कस्टम्स रूल्स, वेयरहाउसिंग, एयरक्राफ्ट लिमिटेशन व लोडिंग कैपेसिटी, क्लीयरेंस प्रोसिजर, क्लेम रूल्स, बीमा और फ्री ट्रेड जोन जैसे विषयों से रूबरू होंगे। इस क्षेत्र में भी प्रवेश के लिए आपको न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता होना जरूरी है। यह कोर्स आपको 6 माह से 1 वर्ष तक का होता है।

## एयर टिकटिंग

एविएशन के एयर टिकटिंग में करियर बनाने के लिए न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता के साथ 18 वर्ष से ऊपर की आयु होनी चाहिए। न्यूनतम 6 माह से 9 माह तक की अवधि वाले कोर्स डिप्लोमा इन एयर टिकटिंग एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में ट्रैवल एजेंसी बिजेनस, वर्ल्ड टाइम जोन, एयरपोर्ट व एयरलाइन कोड्स, पेमेंट मोड्स, फॉरेन करेंसी, पासपोर्ट व वीजा आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## फ्लाइट इंजीनियर

एविएशन के क्षेत्र में फ्लाइट इंजीनियर का कार्य बहुत अहम होता है। प्लेन के सभी पुर्जों की जांच करना इनकी जिम्मेदारी होती है। इसके लिए इलेक्टॉनिक्स इलेक्ट्रिकल्स, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल या कम्प्यूटर में से किसी एक में ग्रेजुएशन होना जरूरी है। अगर आपके पास फ्लाइट इंजीनियर का ग्राउंड पाठ्यक्रम या एयर क्राफ्ट इंजीनियर लाइसेंस या सीपीएल है तो आप अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपने 12वीं विज्ञान विषयों से पास की हो और आपकी उम्र तीस साल से ज्यादा ना हो, तो आप इसमें करियर बना सकते हैं।

## एयर ट्रैफिक कंटोलर्स

एविएशन के क्षेत्र में यह एक और महत्वपूर्ण जॉब प्रोफाइल है। एयरपोर्ट पर बने टॉवर से एयर ट्रैफिक कंटोलर्स हर वक्त प्लेन की उड़ानों पर नजर रखते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने के आपको रेडियो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग बीटेक या डिप्लोमा करना होगा।

## मीटिरियोलॉजिस्ट

एविएशन में मीटिरियोलॉजिस्ट का भी बड़ा रोल होता है। इसमे कैरियर बनाने के लिए अगर आपके पास मौसम विज्ञान, भौतिक, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित और दूरसंचार में ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है तो आप इसके लिए अप्लाई करने योग्य हैं।

## टूर एंड ट्रैवल

अगर आप एविशन के क्षेत्र में रहकर अतिरिक्त कमाई करना चाहते हैं तो टूर एंड ट्रैवल आपके लिए बेस्ट होगा, इस क्षेत्र में आपको बहुत काम मिलेगा। इस क्षेत्र में आने के लिए आप 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर तीन वर्षीय बैचलर इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स भी कर सकते हैं।

### यहां से कर सकते हैं कोर्स

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स, नई दिल्ली
- फ्रांकलिन एविएशन एकेडमी, दिल्ली
- विंग्स कॉलेज ऑफ एविएशन टेक्नोलॉजी, पुणे
- ए जे एविएशन एकेडमी, मुम्बई
- राजीव गांधी एविएशन एकेडमी, हैदराबाद
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स साइंस, जमशेदपुर
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी, बंगलूरू

# क्या है आर्कियोलॉजी? किस कोर्स के बाद मिलेगी हाई सैलरी



अगर आप इतिहास से लगाव रखते हैं और आप रोमांच के साथ रहस्य से पर्दा उठाना चाहते हैं। साथ ही आपमें ऐतिहासिक चीजों को जानने और उनके बारे में तरह-तरह की जानकारियां पता करने की इच्छा है तो आप आर्कियोलॉजिस्ट के तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। इतिहास और भूगोल के रहस्यों से पटे भारत में इसके अच्छे

हड़प्पा सभ्यता के बाद से भारत में ऐतिहासिक खोज न के बराबर हुई है और फिलहाल इतिहास संबंधित खोज को लेकर एक बड़ा वैक्यूम यहां बना हुआ है, जो बड़े आइडियाज और क्रिएटिविटी का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही दुनियाभर में शोध के लिए आर्कियोलॉजी के विद्यार्थियों की मांग है।

## क्या है आर्कियोलॉजी

पृथ्वी पर छपी पुरानी सभ्यता और संस्कृति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करना व उनकी खोज करना आर्कियोलॉजी कहलाता है। आर्कियोलॉजी में उस इतिहास के बारे में यह जानने की कोशिश की जाती है कि पुरानी सभ्यताओं मे लोगों का रहन- सहन कैसा था। किस तरह की वस्तुओं का वो इस्तेमाल करते थे। अनुमानों

लेकर तत्कालीन समाज और परिवेश के आकलन का काम भी एक आर्कियोलॉजिस्ट को करना होता है। साथ ही वह कार्बन डेटिंग और समय गणना का काम भी करता है। सभी तरह के ऐतिहासिक वस्तु या सभ्यता के वर्तमान से जुड़ाव और विकास के क्रम को निर्धारित करने की जिम्मेदारी भी एक आर्कियोलॉजिस्ट की होती है।

## किस तरह का होता है कोर्स

अगर आप इस क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आपको 12वीं की परीक्षा इतिहास विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद आप

आर्कियोलॉजी में डिप्लोमा, बैचलर, मास्टर और पीएचडी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें प्रवेश के लिए अलग-अलग योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। इससे जुड़े कोर्स देश के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों से किए जा सकते हैं। मास्टर इन कंजर्वेशनए प्रिजरवेशन एंड हेरिटेज मैनेजमेंट और मास्टर इन आर्कियोलॉजी एंड हेरिटेज मैनेजमेंट जैसे कोर्स इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीढ़ी हो सकते हैं। इसके अलावा आप हिस्टॉरिकल आर्कियोलॉजी, जिओ आर्कियोलॉजी, आर्कियोबॉटनी, क्रॉनोलॉजिकल, एथनोआर्कियोलॉजी, एक्सपेरिमेंटल ऑर्कियोलॉजी, आर्कियोमेट्री जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।

## जरूरी योग्यता

एक बेहतरीन आर्कियोलॉजिस्ट अथवा म्युजियम प्रोफेशनल बनने के लिए प्लीस्टोसीन पीरियड अथवा क्लासिकल लैंग्वेजए मसलन पाली, अपभ्रंश, संस्कृत, अरेबियन भाषाओं में से किसी की जानकारी आपको कामयाबी की राह पर आगे ले जा सकती है। आर्कियोलॉजी न केवल दिलचस्प विषय है बल्कि इसमें कार्य करने वाले प्रोफशनल्स के लिए चुनौतियों में भरा क्षेत्र भी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी विश्लेषणात्मक क्षमताए तार्किक सोचए कार्य के प्रति समर्पण जैसे महत्वपूर्ण गुण जरूर होने चाहिए। कला की समझ और उसकी पहचान भी आपको औरों से बेहतर बनाने में मदद करेगा।

## यहां से कर सकते है कोर्स

- आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट
- कर्नाटक स्टेट यूनिवर्सिटी

### जॉब ऑप्शन क्या हैं

आर्कियोलॉजी में कोर्स पूरा करने के बाद आपको जॉब के कई ऑप्शन मिलेंगे। जिनमें मुख्य रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली, राज्यों में स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, विभिन्न संग्रहालय, एनजीओ और यूनिवर्सिटी, विदेश मंत्रालय का हिस्टोरिकल विभाग, शिक्षा मंत्रालय, पर्यटन विभाग, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि।

### सैलरी व संभावनाएं

यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर आपको रोमांच और रहस्य के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। अगर आपने किसी प्राइवेट सेक्टर में जाना चाहते हैं तो आप 30 से 50 हजार रूपये प्रतिमाह की जॉब आसानी से पा सकते हैं, जो अनुभव व आपकी खोज के साथ

जॉब प्रोफाइल के हिसाब से लाखों रूपये की सैलरी पा सकते हैं।

# इंश्योरेंस इंडस्ट्री में करियर बनाना है बेहद आसान

**इंश्योरेंस इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है जो पिछले कुछ सालों से लगातार तेजी से विस्तार कर रही है, जिसके चलते एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड काफी बढ़ गया है। अगर आप भी इंश्योरेंस सेक्टर में करियर बनाने का सोच रहे हैं तो यह समय काफी अच्छा है, खास कर कोरोना के बाद इंश्योरेंस के हेल्थ सेक्टर में बूस्ट आया है। आज के समय लगभग हर परिस्थिति से निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास पॉलिसी हैं। जीवन बीमा, यात्रा बीमा, वाहन बीमा, स्वस्थ्य बीमा तथा गृह बीमा इनमें सबसे ज्यादा प्रचलित हैं।**



## एजुकेशन

इस क्षेत्र में जाने के लिए आप 12वीं व ग्रेजुएशन के बाद भी जा सकते हैं, लेकिन विषय का पूरा ज्ञान लेने के लिए एक्चुरियल साइंस से संबंधित कोर्सेस में स्नातक डिग्री के लिए मैथ्स या स्टेटिस्टिक्स में 55 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना आवश्यक है जबकि पीजी डिप्लोमा, मास्टर्स डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए मैथ्स-स्टेटिस्टिक्स, इकोनॉमेट्रिक्स सब्जेक्ट से स्नातक जरूरी है। स्टूडेंट्स, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुरीज ऑफ इंडिया को मेंबर के तौर पर भी ज्वाइन कर सकते हैं। एक्चुरी प्रोफेशनल बनने के लिए स्टूडेंट्स को एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फेलो मेंबर होना जरूरी है। यह संस्थान इसमें कोर्सेस भी कराता है।

## इंश्योरेंस का कार्य क्षेत्र

इसके लिए मैथ्स और स्टैटिस्टिक्स के मेथड्स का इस्तेमाल करके इंश्योरेंस और फाइनेंस इंडस्ट्री में जोखिम का अनुमान लगाते हैं। एक्चुरियल प्रोफेशनल्स यह हिसाब लगाते हैं कि किसी पॉलिसी होल्डर को प्रीमियम के तौर पर कितनी राशि का भुगतान करना होगा या किसी कंपनी को पेंशन या रिटर्न पर कितना खर्च करना होगा। प्रोफेशनल का काम अचानक घटी घटना के आर्थिक प्रभाव का अंदाजा लगाने का भी होता है। आज इस क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स को इंश्योरेंस इंडस्ट्री का बैकबोन भी कहा जाने लगा है।

## स्किल व एलिजिबिलिटी

इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए खुद को अपडेट रखना जरूरी है। खुद में लोगों की परेशानी को समझने, नई तकनीक सीखने में हिचकिचाहट न होने, कम्युनिकेशन के साथ मैथ और स्टेटिस्टिक्स पर पकड़ मजबूत रखने जैसे स्किल का होना जरूरी है। अपनी योग्यता के आधार पर आप एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एंड असिस्टेंटए डेवलपमेंट ऑफिसरए इंश्योरेंस एजेंटए इंश्योरेंस सर्वेयरए एक्चुरी मैनेजरए रिस्क मैनेजर जैसे पदों पर काम कर सकते हैं।

## जॉब्स के अवसर

अगर आपके पास एक्चुरियल साइंस की डिग्री है तो आपके लिए इन दिनों नौकरियों के लिए कई रास्ते खुल गए हैं। इंश्योरेंस, बैंकिंग, बीपीओ-केपीओ, आईटी सेक्टर, मल्टीनेशनल कंपनियों, फाइनेंशियल कंपनियों आदि में इनके लिए अच्छे मौके होते हैं। दूसरी तरफ, बीपीओ कंपनी में भी जोखिम के बारे में विश्लेषण करने के लिए बड़े पैमाने पर एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की हायरिंग होती है। बीपीओ में काम करने वाले एक्चुरी प्रोफेशनल्स की सैलरी भी आम बीपीओ एंप्लॉइज की तुलना में दो से तीन गुना अधिक होती है।

भारत में संभावनाएं इसलिए भी अधिक हैं, क्योंकि वैश्विक ग्राहकों को कम संसाधन और न्यूनतम लागत में अच्छी सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। वहीं एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड सरकारी और प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों में ही नहीं, बल्कि टेरिफ एडवाइजरी कमिटी, इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी, सोशल सिक्योरिटी स्कीम, फाइनेंशियल एनालिसिस फर्म में भी है।

## सैलेरी

इस क्षेत्र में आप फ्रेशर के तौर पर प्रतिमाह 20 से 30 हजार रुपये तक आसानी से पा सकते हैं। वहीं अनुभव व समय के साथ किसी उच्च पद पर पहुंचने पर आप 1 लाख रुपये का मासिक वेतनमान भी ले सकते हैं। यदि आपने किसी टॉप कॉलेज से एमबीए इन इंश्योरेंस किया है तो आप अपनी फर्स्ट जॉब में ही ज्यादा बेहतर वेतनमान की अपेक्षा कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

कालेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
एकेडमी ऑफ इंश्योरेंस मैनेजमेंट, दिल्ली
बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, दिल्ल
इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई
एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया
अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़
यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, पुणे
एमिटी स्कूल ऑफ इंश्योरेंस एंड एक्चुरियल साइंस, नोएडा

## भारत ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

**इंदौर।** भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मैच में 6 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। श्रृंखला का आखिरी मैच बेंगलुरु में खेला जाएगा। अफगानिस्तान की ओर से मिले 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत फिर खराब रही। कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने विराट कोहली के साथ मिलकर 57 रन की साझेदारी की। कोहली 29 रन बनाकर आउट हो गए। तब बल्लेबाजी करने आए शिवम दुबे ने यशस्वी के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 92 रन जोड़े। इस दौरान यशस्वी जायसवाल 34 गेंदों में 68 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जीतेश शर्मा भी जल्दी आउट हो गए। जीतेश भी बिना खाता खोले आउट हुए। आखिर में शिवम और रिंकू सिंह ने टीम को जीत दिला दी। शिवम 63 रन और रिंकू 9 नर बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान की तरफ से करीम जन्नत ने दो विकेट लिए। वहीं, नवीन उल हक और फजलाह फारूकी ने एक-एक विकेट झटके। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 172 रन बनाए।अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नाइब ने 57 रन, नजीबुल जादरान ने 23 रन, मुजीब उर रहमान ने 21 रन और करीम जन्नत ने 20 रन बनाए। वहीं रहमानुल्ला गुरबाज और मुहम्मद नबी ने 14-14 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट चटकाए। जबकि रवि विश्नोई और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। शिवम दुबे को भी एक सफलता मिली।

## अर्जुन देशवाल ने लगाया पीकेएल का 44वां सुपर-10, जयपुर पिंक पैंथर्स ने रोका पुणेरी पलटन का विजय रथ.

**जयपुर।** पहले हाफ में नौ प्वॉइंट से पीछे होने के बाद मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स ने दूसरे हाफ में शानदार कमबैक करते हुए अपने घर में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने कप्तान अर्जुन देशवाल के शानदार प्रदर्शन के दम शनिवार को यहां जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन के 69वें मैच में पुणेरी पलटन को 36-34 से हरा दिया। जयपुर के लिए कप्तान अर्जुन देशवाल ने 16 अंक जुटाए और इस सीजन का आठवां सुपर-10 लगाया। उनके अलावा सुनील कुमार ने अपना हाई-5 पूरा किया। पुणेरी की ओर से कप्तान असलम इनामदार ने आठ अंक लिए। रोमांचक जीत के बाद भी मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स दूसरे पायदान पर कायम है। टीम के अब 12 मैचों में आठ जीत हो गई है और उसके 48 अंक हो गए हैं। वहीं, पुणेरी पलटन को 12 मैचों में दूसरी हार मिली है। टीम अभी भी 52 अंकों के साथ पहले पायदान पर विराजमान है। टीम ने पिछले नौ मैचों में यह पहली हार है। नंबर-1 और नंबर-2 की इस जंग में सीजन 9 की फाइनलिस्ट जयपुर पिंक पैंथर्स और पुणेरी पलटन की टीम अपनी बेस्ट स्टार्टिंग 7 के साथ मैट पर उतरी। दोनों टीमों के बीच शुरुआती कुछ मिनटों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला और इस वजह से वे पहले पांच मिनट तक 5-5 की बराबरी पर थी। अगले ही मिनट में कप्तान अर्जुन देशवाल ने सुपर रेड के साथ जयपुर को तीन प्वॉइंट से आगे कर दिया।

## पेरिस ओलंपिकः निशानेबाज विजयवीर सिद्धू ने भारत को 17वां कोटा दिलाया

**जकार्ता ।** भारत के विजयवीर सिद्धू ने एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। इस तरह वह 25 मीटर रैपिड फायर में पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाकर सीनियर साथी अनीश भानवाला के साथ शामिल हो गए। अनीश ने पिछले साल कोरिया के चांगवान में एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इस स्पर्धा का ओलंपिक कोटा हासिल किया था। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम कांस्य पदक विजेता 21 वर्ष के विजयवीर को कोटा हासिल करने के लिए पदक जीतने का इंतजार नहीं करना पड़ा। उन्होंने 577 के स्कोर से चौथे स्थान से फाइनल में क्वालीफाई करते ही कोटा हासिल कर लिया था। शनिवार को फाइनल में पहुंचने वाले छह में से चार निशानेबाजों को कोटा स्थान मिलना तय था। चंडीगढ़ के विजयवीर ने एलिमिनेशन राउंड में 28 का निशाना लगाते ही रजत पदक जीतकर शान से कोटा प्राप्त किया। वह कजाखस्तान के निकिता चिरयुकिन से पीछे रहे जिन्होंने 32 के शॉट से स्वर्ण पदक जीता। भारत के लिए रैपिड फायर पिस्टल मजबूत स्पर्धा होती है जिसमें विजय कुमार ने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक जीता था। अनीश तोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के मजबूत दावेदार दिख रहे थे लेकिन वह नयी दिल्ली में 2021 में आईएसएसएफ विश्व कप में ऐसा करने से चूक गए थे। अगर विजयवीर और अनीश दोनों को पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है तो रैपिड फायर निशानेबाजी में इस तरह का मौका पहली बार होगा।

# जापान के क्योटो में नववर्ष तीरंदाजी टूर्नामेंट में युवतियों ने साधा निशाना

**क्योटो (जापान)।** जापान के पश्चिमी प्रांत यमाशिरों की राजधानी क्योटो में प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर संजूसांगेन्डो में वार्षिक नववर्ष तीरंदाजी टूर्नामेंट (जापानी में क्यूडो) का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1700 युवाओं ने हिस्सा लिया। इनमें युवतियों की संख्या अधिक रही।

जापानी समाचार पत्र जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिभागियों को 60 मीटर दूर एक मीटर चौड़े लक्ष्य पर निशाना लगाना होता है। तीरंदाज समूहों में लक्ष्य को तीर से भेदते हैं। प्रत्येक तीरंदाज को दो तीर दिए जाते हैं और लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए उसके पास दो मिनट का



समय होता है। जो लोग दोनों तीरों से लक्ष्य पर प्रहार करते हैं वे दूसरे दौर में आगे बढ़ते हैं। यह पारंपरिक आयोजन 1600 के दशक की शुरुआत का है।

क्योटो को क्वामू शासनकाल में 'हे यान जो' अर्थात 'शांति का नगर' की संज्ञा दी गई थी। 11वीं शताब्दी तक क्योटो जापान की राजधानी था। अब यह पश्चिमी प्रदेश की राजधानी है। यह शहर विशाल मंदिरों, भव्य प्रसादों और कलात्मक भवनों के लिए जापान में प्रसिद्ध है।

यहां रेशम के कपड़े, चीनी मिट्टी के बर्तन, कसीदाकारी, रंगनिर्माण, पंखा, खिलौना और अन्य प्रकार के धातु के बर्तनों का उद्योग अधिक होता है। यह जापान में बौद्ध धर्म का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां एक विश्वविद्यालय और एक कला केंद्र है।

## ओलंपिक क्वालीफायर : इटली पर बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**रांची।** पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

## पर्थ स्कॉर्चर्स ने बीबीएल के समापन चरण के लिए मार्कस हैरिस के साथ किया करार

**पर्थ।** बिग बैश लीग (बीबीएल) के अंतिम चरण के लिए गत चैंपियन पर्थ स्कॉर्चर्स ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्कस हैरिस के साथ प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में करार किया है। स्कॉर्चर्स ने जैक क्रॉली को पहले ही खो दिया है, जिन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, वहीं, लॉरी इवांस भी फाइनल में टीम का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि उनके पास आईएलटी-20 डील है।

स्टीफन एस्किनाज़ी ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ मुकाबले के लिए लाइन-अप में लौट आए लेकिन स्कॉर्चर्स ने घायल झाय रिचर्डसन के प्रतिस्थापन के रूप में हैरिस को लाकर अपने विकल्पों को मजबूत कर लिया है।

हैरिस बीबीएल के पिछले सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेले थे। उन्होंने 2014 और 2016 के बीच स्कॉर्चर्स के लिए 14 मैच भी खेले। कुल मिलाकर उनके नाम टी20 में 20.43 की औसत और 121.71 की स्ट्राइक रेट से 981 रन हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स



के महाप्रबंधक, केड हार्वे ने कहा, फाइनल के लिए लॉरी इवांस और जैक क्रॉली के अनुपलब्ध होने के कारण हमने अपने बल्लेबाजी विकल्पों को जोड़ने की जरूरत महसूस की, और मार्कस इस भूमिका में बिल्कुल फिट बैठते हैं। उनके पास विभिन्न सतहों पर खेलने का भरपूर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अनुभव है, और पर्थ में अपना करियर शुरू करने के बाद से वह वाका ग्राउंड को अच्छी तरह से जानते हैं। हमें खुशी है कि वह शेष सीज़न के लिए हमारे साथ हैं। बता दें कि पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में हैरिस की अनदेखी की गई थी जब चयनकर्ताओं ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए स्टीवन स्मिथ को ओपनिंग के लिए प्रमोट करने और कैमरून ग्रीन को नंबर 4 पर वापस बुलाने का फैसला किया, साथ ही अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में मैट रेनशॉ को चुना।

## एएफसी एशियाई कपः जापान ने वियतनाम को दी शिकस्त, ईरान ने फिलिस्तीन को हराया

**दोहा।** ताकुमी मिनामिनो के दो गोल की मदद से शीर्ष वरीय जापान ने यहां एएफसी एशियाई कप में ग्रुप डी के पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वियतनाम को 4-2 से हरा दिया।

मिनामिनो ने 11वें मिनट में गोल कर जापान को आगे कर दिया था, लेकिन वियतनाम ने क्रमशः 16वें और 33वें मिनट में गुयेन दिन्ह बाक और फाम तुआन हाई के दो गोलों से चार बार के चैंपियन को चौंका दिया। जापान ने 45वें मिनट में मिनामिनो द्वारा किये गए गोल से बराबरी कर ली। इस गोल के 5 मिनट बाद किटो नाकामुरा ने गोल कर जापान को 3-2 से आगे कर दिया। जापानी टीम ने दूसरे हाफ में नियंत्रण बनाए रखा और 86वें मिनट में स्थानापन्न अयासे उएदा के गोल की बदौलत 4-2 से जीत पक्की कर ली।

मिनामिनो ने इस युवा और प्रतिरोधी वियतनामी टीम की सराहना की। मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं बचपन से वियतनाम के खिलाफ खेल रहा हूं, इसलिए मुझे पता है कि वे कितने अच्छे



टीम हो सकते हैं। मैं आश्चर्यचकित हूं कि वे इतना अच्छा खेले। एक अन्य एशियाई फुटबॉल पावरहाउस ईरान ने ग्रुप सी में फिलिस्तीन पर 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने एएफसी एशियाई कप अभियान की शुरुआत की।

## रोनी ओ'सुलिवन ने जीता आठवां स्नूकर मास्टर्स खिताब

**लंदन।** दुनिया के नंबर 1 रोनी ओ'सुलिवन ने 6-3 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अली कार्टर को 10-7 से हराकर अपना आठवां स्नूकर मास्टर्स खिताब जीता। ओ'सुलिवन पूरे सप्ताह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और जब फाइनल शुरू हुआ तो उन्हें संघर्ष करना पड़ा। वह दुनिया के 10वें नंबर के कार्टर से 6-3 से पीछे थे, लेकिन लगातार तीन फ्रेम लेकर 6-6 की बराबरी पर आ गए। कार्टर 127 के ब्रेक के साथ एक बार पीछे हटने में कामयाब रहे, लेकिन ओ'



सुलिवन को 10-7 से रिकॉर्ड-विस्तारित जीत हासिल करने से नहीं रोक सके। मास्टर्स में सबसे उम्रदराज विजेता 48 वर्षीय ओ'सुलिवन के पास 19 साल की उम्र में सबसे प्रतिष्ठित आमंत्रण कार्यक्रम में सबसे कम उम्र के चैंपियन बनने का रिकॉर्ड भी है।

# एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्सः भारत ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

**रांची।** एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल की उम्मीद को कायम रखा है। रविवार को दिन का आखिरी मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया।

पहली मैच में मिली हार को भुलाकर भारत ने मैच के 41वें सेकेंड में गोल कर इरादा साफ कर दिया। झारखंड की संगीता कुमारी ने न्यूज़ीलैंड के डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। न्यूजीलैंड के पलटवार करते हुए मैच के 9 वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 1-1 से बराबरी की। मेगन हल ने न्यूजीलैंड के लिए



गोल किया। भारत ने आक्रामक खेल खेलते हुए 12 वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में बदलकर 2-1 की लीड बनाई। उदिता ने भारत के लिए दूसरा गोल किया। भारत के लिए तीसरा गोल नेहा ने 14वें मिनट में किया। न्यूजीलैंड के डिफेंस में सेंध लगाकर फील्ड गोल कर 3-1 की लीड ली। पहले क्वार्टर में हुए शानदार गेम के बाद बाकी के तीन क्वार्टर में कांटे की टक्कर हुई। हालांकि दोनों टीम गोल करने में असमर्थ रहीं।

दोनों टीम को 5-5 पेनाल्टी कॉर्नर मिले। झारखंड की सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा पूरी टीम ने 100 परसेंट परफॉर्म किया। भारत का अगला मुकाबला इटली के साथ 16 जनवरी को खेला जाएगा।

## 'उन्हें टी20 विश्व कप में शामिल न करना अनुचित होगा', AFG के खिलाफ मैच के बाद बोले आकाश चोपड़ा

**इंदौर।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा कि तेजतर्रार सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल इस समय टीम इंडिया से बाहर नहीं हो सकते हैं और अगर उन्हें आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 टीम में शामिल नहीं किया गया तो यह अनुचित होगा।

टी20आई क्रिकेट में जयसवाल का शानदार प्रदर्शन जारी रहा क्योंकि बाएं हाथ के बल्लेबाज के अर्धशतक ने भारत को इंदौर में दूसरे टी20आई में अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला जीतने में मदद की। भारत की जीत के बाद चोपड़ा ने कहा कि टी20आई में पेकिंग ऑर्डर में जयसवाल अब शुबमन गिल से ऊपर हैं।

चोपड़ा ने कहा, 'यशस्वी जा रहा है। फिर जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है। आपको लगेगा कि अगर आप उसे नहीं



लेते हैं तो यह अनुचित होगा। कभी-कभी आप अनड्रॉपेबल होते हैं, जिसका मतलब है कि वह चयन योग्य है। यही कारण है कि वह यहां है, रन बना रहा है। अब वह (शुभमन) गिल से आगे निकल गए। लेकिन अब आप उन्हें छू नहीं पाएंगे।' चोपड़ा ने यह भी चेतावनी दी कि अगर जयसवाल को विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज और यूएसए का टिकट नहीं मिला तो भारत सबसे छोटे प्रारूप में धीमी शुरुआत की वही पुरानी गलती दोहराएगा। उन्होंने कहा, 'आपको इसके लिए प्रयास भी नहीं करना चाहिए (जायसवाल को नहीं चुनना) क्योंकि बल्लेबाजी करते समय आपको कुछ इस तरह की आवश्यकता होती है। अन्यथा, यह 2022 जैसा ही होगा, बार-बार सब कुछ वही होगा, खेलने की शैली वही होगी और केवल साल बदलेगा।'

जयसवाल ने अब तक 16 टी20आई खेले हैं जिसमें 35.57 की औसत और 163.81 की स्ट्राइक रेट से 498 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक 15 पारियों में एक शतक और चार अर्द्धशतक बनाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100 है।

## पहली बार ग्रैंडस्लैम मैच खेल रहे प्रिजमिच पड़े भारी, जोकोविच ने चार घंटे चले मुकाबले में हराया


**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे। मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया



है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। पहला सेट उम्मीद के अनुरूप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया। जोकोविच ने कहा, 'वह प्रशंसा का पात्र है, आज रात श्रेय उसे जाता है। 18 साल के खिलाड़ी के लिए यह शानदार प्रदर्शन है जिसे बड़े मंच पर खेलने का कोई अनुभव नहीं हो।'

# दहाई अंक का आकंड़ा भी नहीं छू सके आठ बल्लेबाज, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे टी20 में हराया

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) ।** गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे।



मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। पहला सेट उम्मीद के अनुरूप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की

**जोकोविच ने कहा, 'वह प्रशंसा का पात्र है, आज रात श्रेय उसे जाता है। 18 साल के खिलाड़ी के लिए यह शानदार प्रदर्शन है जिसे बड़े मंच पर खेलने का कोई अनुभव नहीं हो।'**

और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया।

जोकोविच ने कहा, 'वह प्रशंसा का पात्र है, आज रात श्रेय उसे जाता है। 18 साल के खिलाड़ी के लिए यह शानदार प्रदर्शन है जिसे बड़े मंच पर खेलने का कोई अनुभव नहीं हो।'

# अक्षरा सिंह

## और बागेश्वर बाबा की फोटो पर आए कमेंट्स पढ़ समाज के तौर पर हमें शर्म आनी चाहिए!



भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे अपने काम के जरिए अपनी पहचान को ऊंचाई तक ले जाने की कोशिश में लगे रहते हैं. भोजपुरी सिनेमा में कई ऐसे सितारे हैं जो भक्ति में काफी आस्था रखते हैं. हाल ही में देखा गया था कि अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्णा से पहले भोजपुरी सिनेमा के सितारों ने राम भक्ति पर कई सारे भजन रिलीज किए. अक्षरा सिंह से लेकर खेसारी लाल यादव तक राम भक्ति में डूबे हुए नजर आए. इसी बीच खेसारी के बाद अब अक्षरा सिंह भी बागेश्वर बाबा के दर्शन के लिए पहुंची.अक्षरा सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बागेश्वर बाबा के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है. तस्वीर में अक्षरा जमीन पर हाथ जोड़े बैठे हुए बागेश्वर बाबा को देखती हुई नजर आ रही हैं. वहीं बागेश्वर बाबा अपने बेड पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं. जैसे ही अक्षरा ने इस तस्वीर को शेयर किया सोशल मीडिया पर उनका



ये पोस्ट तेजी से वायरल होने लगा. इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि आपके स्नेह और आशीर्वाद के लिए शब्द नहीं है गुरुजी.

**यूजर्स के भद्दे कमेंट्स**

हालांकि ये पहली बार नहीं था कि जब अक्षरा सिंह ने बागेश्वर बाबा से मुलाकात की हो. वह अक्सर वक्त निकालकर बागेश्वर धाम जाती रहती हैं. अक्षरा सिंह और बागेश्वर बाबा की इस तस्वीर को जहां कुछ लोग काफी पसंद कर रहे हैं, वहीं कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं जो इस तस्वीर पर भद्दे कमेंट कर रहे हैं. यूं तो इस तस्वीर में ऐसा कुछ नहीं है कि इसपर सवाल उठाए जाएं, लेकिन कुछ यूजर्स ने अपने कमेंट्स के जरिए सारी हदें पार कर दी हैं.

**अक्षरा सिंह का भजन**

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- गलत जगह पर पहुंच गईं अक्षरा जी. एक दूसरे यूजर ने लिखा है कि ये भी अंधभक्त निकली. इतना ही नहीं कुछ कमेंट्स जो ऐसे हैं जो बताए भी नहीं जा सकते हैं. लेकिन यूजर्स की इस तरह की हरकत पर उन्हें शर्म आनी चाहिए. बता दें, बीते दिनों अक्षरा सिंह ने राम भक्ति पर अपना भजन राम सबके हैं रिलीज किया है. जिसे सभी ने काफी पसंद भी किया है.

# रश्मिका मंदाना

## और विजय देवरकोंडा ने एक साथ मनाया नया साल? एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से फैंस लगा रहे कयास



कुछ दिन पहले, एक्टर विजय देवरकोंडा ने छुट्टियां मनाते हुए कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी, जिसमें एक्टर खाने के साथ काफी खुश नजर आ रहे थे. इस पोस्ट से फैंस के लिए एक बार फिर से अटकलें लगाने के लिए काफी था कि वह रश्मिका मंदाना के साथ छुट्टियां मना रहे हैं.



**रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने एक साथ मनाया नया साल?**


विजय के इन फोटोज को देखकर कई यूजर्स ने कहा कि क्या इस स्माइल की वजह रश्मिका है?, कुछ फैंस ने फोटोज देखने के बाद ये भी कहा कि अब देखना रश्मिका की भी वेकेशन की फोटोज आएगी. वहीं रश्मिका ने अपनी कुछ तस्वीरें विजय देवरकोंडा के ठीक बाद पोस्ट की हैं, जिससे फैंस कयास लगा रहे हैं कि इन दोनों ने एक बार फिर नया साल एक साथ मनाया है.

**एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से फैंस लगा रहे कयास**

एक्ट्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें भारत का नेशनल क्रश क्यों कहा जाता है. फोटोज में टोपी के साथ उनकी कैजुअल ड्रेस में खूबसूरती झलक रही थी. लेकिन, इन फोटोज को देखकर फैंस के मन में ये सवाल है कि आखिर ये तस्वीरें किसने लीं? क्या यह विजय देवरकोंडा है?

बता दें कि विजय और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के बीच काफी समय से डेटिंग की अफवाह है. उनकी केमिस्ट्री, जो गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड के दिनों में शुरू हुई थी, उनकी ऑफ-स्क्रीन में भी दिखाई देती है. हाल ही में, ऐसी अफवाहें सामने आई हैं कि विजय और रश्मिका जल्द ही सगाई भी कर सकते हैं. लेकिन ये केवल अटकलें हैं क्योंकि दोनों में से किसी ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है.

## अंकिता और विक्की जी से मत लड़...मां ने अभिषेक कुमार को दी सलाह



बिग बॉस 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अभिषेक कुमार की मां, समर्थ जुरेल और ईशा मालविया के पिता ने अपने बच्चों के मिलने के लिए बिग बॉस के घर में एंट्री की. अपनी मां को देखकर अभिषेक फूट-फूटकर रोने लगे. अभिषेक की मां भी अपने बेटे को देखकर भावुक हो गईं. अपने बेटे की हौसला अफजाई करते हुए अभिषेक की मां ने उन्हें सलाह देते हुए कहा कि वो अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के साथ सम्मान से पेश आए और कोशिश करें कि इन दोनों के साथ उनका कोई भी झगड़ा न हो.अभिषेक को रोते हुए देख सबसे पहले उनकी मां ने उन्हें शांत किया और खेल के बारे में समझाया. उन्होंने बताया कि कैसे अभिषेक के परिवार में से कोई भी नहीं चाहता कि वो अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय के आसपास रहें. अभिषेक की मां बोलीं,तुम ईशा से प्लीज दूर रहो और ये जो अंकिता और विक्की जी हैं प्लीज उनसे तू-तड़ाक में बात मत किया करो. मैं तुम्हें कह रही हूं कि तुम मेरे लिए ये बात मान लो, उनसे लड़ना मत. मुझे बिकुल अच्छा नहीं लगता जब तुम उनसे लड़ते हो. अभिषेक ने अपनी मां को ये भरोसा दिलाया कि वो जरूर उनकी बात मान लेंगे. उन्होंने इस दौरान ये भी कहा,आप लोग देख रहे होंगे कि घर वालों ने मुझे कैसे अकेला छोड़ दिया है. मैं बहुत अकेला महसूस करता हूं और यहां बहुत मुश्किल है.

**अभिषेक की मां ने अंकिता से भी की बातें**

बेटे से मिलने के बाद, अभिषेक की मां ने अंकिता से भी मुलाकात की और उन्होंने अंकिता से कहा, मैंने अभिषेक से कहा था कि वह आपका अपमान न करें. आप उसकी बहन की तरह हैं और जब आप लोग बात करते हैं और मुझे बहुत अच्छा लगता है. मैंने उससे आपसे माफी मांगने के लिए कहा है क्योंकि आप उसकी बहन की तरह हैं. मुझे उम्मीद है कि वो अब आपसे और विक्की से नहीं लड़ेगा. जवाब में, अंकिता ने भी अभिषेक की मां से कहा,मैं हमेशा उसके लिए खड़ी रही हूं और उसे पसंद भी करती हूं लेकिन जब भी कोई लड़ाई होती है, तो वह बदतमीजी करना शुरू कर देता है और ये मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है. यह बहुत अपमानजनक है, बाकी सब ठीक है.

## खुशी से झूम उठे शाहरुख फैन्स! 'ऑस्कर्स' ने सोशल मीडिया पर शेयर किया DDLJ का ये गाना



यशराज फिल्म्स की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 27 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. तब से लेकर आज तक लगातार शाहरुख खान की ये फिल्म मुंबई के मराठा मंदिर सिनेमा में लगी हुई है और इसे दिखने दर्शक भी पहुंचते रहते हैं. इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख खान के साथ काजोल भी लीड रोल में नजर आईं थीं. इस फिल्म से शाहरुख बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार बन गए थे. इस फिल्म को शॉर्ट में डीडीएलजे भी कहते हैं.1995 में फिल्ममेकर यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया था. आदित्य की ये पहली फिल्म थी जिसे वह डायरेक्टर कर रहे थे. इस पिक्चर से पूरी इंडस्ट्री में हत्रङ्क सेंट्रिक सिनेमा की लहर शुरू हो गई थी. शाहरुख खान के चाहनेवाले आज भी इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं. हाल ही में मोस्ट प्रेस्टीजियस फिल्म अवॉर्ड ऑस्कर के लिए ग्लोबल लेवल पर वोटिंग शुरू की गई थी.

**ऑस्कर का सोशल मीडिया पोस्ट**

आज ऑस्कर के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज ने एक वीडियो सभी के साथ शेयर की है. ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एकेडमी ने शाहरुख खान की आईकॉनिक फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का गाना मेहंदी लगाके रखना शेयर किया है. इस गाने का रील बनाकर भी अपलोड किया गया है. ऑस्कर के सोशल मीडिया पेज पर शाहरुख खान की फिल्म का वीडियो देख फैन्स खुशी से झूम उठे हैं.

**ऑस्कर की रेस में शामिल होगी 'डंकी'!**

हालांकि इस पोस्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स इसे किसी बड़े सरप्राइज से जोड़कर देख रहे हैं. उनका कहना है कि इसके पीछे जरूर कोई इशारा है. दरअसल हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म डंकी को ऑस्कर नॉमिनेशन के लिए भेजा गया है. शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी को काफी पसंद किया गया है. फिल्म ने खुद को सुपरहिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल कर लिया है.